खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :30°C
न्यूनतम: 24°C

मुजफ्फरनगर, बुधवार 17 सितम्बर 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 246 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | आश्विन कृष्ण पक्ष 11 विक्रमी सम्वत् 2082 | 24 रबी उल अव्वल 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



उप्र में संत कबीर के नाम पर बनेंगे वस्त्र एवं परिधान पार्क पेज 2



वेलकुमार ने भारत को स्पीड स्केटिंग में पहला विश्व स्वर्ण पदक दिलाया खेल टाइम्स



पाकिस्तान की तरह शिक्षा को जहरीला बनाने की कोशिश सम्पादकीय



सीजफायर पर ट्रम्प के दावे की इशाक डार ने खोली पोल पेज 12

## हिमाचल के मंडी में लैंडस्लाइड, चार लोगों की मौत

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के मंडी में मंगलवार को लैंडस्लाइड से एक मकान ढह गया। इसमें एक ही परिवार के 5 लोग मलबे में दब गए, जिसमें 3 लोगों की मौत हो गई, जबकि 2 लोगों का सुरक्षित रेस्क्यू किया गया। वहीं मंडी के दरंग में मंगलवार सुबह मंदिर जा रहे दो लोग सुमा खड्ड के तेज बहाव में बह गए। इनमें से एक का शव मिल गया है, जबकि दूसरे की तलाश जारी है। धर्मपुर बस स्टैंड पर बारिश के बाद मलबा भर गया। यहां बाढ़ में कई बसें दूर तक बह गईं। सोमवार को भारी बारिश ने महाराष्ट्र के मुंबई में रेलवे ट्रैक, सब-वे और सड़कों पर पानी भर गया। बीड में 11 ग्रामीणों को वायुसेना ने एयरलिफ्ट किया।

## युवराज सिंह और रॉबिन उथप्पा को ईडी का समन

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पूर्व भारतीय क्रिकेटर युवराज सिंह और रॉबिन उथप्पा को पूछताछ के लिए तलब किया है। उथप्पा को 22 सितम्बर और युवराज को 23 सितम्बर को दिल्ली स्थित ईडी मुख्यालय में पेश होने के लिए कहा गया है। यह मामला ऑनलाइन सट्टेबाजी एप से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस से संबंधित है। उथप्पा फिलहाल एशिया कप 2025 की कमेंट्री टीम का हिस्सा हैं। दिल्ली में इस केस में अब तक चार पूर्व भारतीय क्रिकेटर तलब किए जा चुके हैं। इससे पहले, इस मामले में संघीय एजेंसी ने पूर्व भारतीय क्रिकेटर सुरेश रैना और शिखर धवन से भी पूछताछ की थी। यह मामला 1यूबेट नामक सट्टेबाजी एप प्लेटफॉर्म से जुड़ा है।

## मदर डेयरी का टेट्रा पैक दूध, पनीर, घी व बटर होगा सस्ता

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड की इकाई मदर डेयरी का टेट्रा पैक में मिलने वाला अल्ट्रा-हाई टेम्परेचर (यूएचटी) दूध, पनीर, घी, मक्खन समेत लगभग सभी उत्पाद 22 सितम्बर से सस्ते हो जाएंगे। कंपनी ने बताया कि वह वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में 22 सितम्बर से हो रही कटौती का पूरा लाभ ग्राहकों को देगी। हालांकि इससे पाउच में उपलब्ध फुल क्रीम, टोन्ड, काउ मिल्क आदि पर कोई असर नहीं होगा, क्योंकि इन पर पहले से ही शून्य कर था। कंपनी ने बताया कि एक लीटर यूएचटी दूध (टोन्ड) अब 77 रुपये की जगह 75 रुपये का मिलेगा, जबकि 450 मिली वाले डबल टोन्ड यूएचटी दूध की कीमत 33 रुपये से घटकर 32 रुपये हो गई है।

## मणिपुर हिंसा मामले में एनआईए को नोटिस

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने मणिपुर हिंसा मामले में अंतर्राष्ट्रीय साजिश के आरोप में गिरफ्तार मोइरंगथेम आनंद सिंह की याचिका पर एनआईए को नोटिस जारी किया है। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने संबंधित मुकदमे की स्थिति जानने के लिए एनआईए से जवाब मांगा है पीठ की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि केवल मुकदमे की स्थिति जानने के लिए नोटिस जारी करें।

# TET की अनिवार्यता पर रिवीजन दाखिल करेगी उप्र सरकार

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ **शिक्षकों की सेवा को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता: योगी**

**लखनऊ।** उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बेसिक शिक्षा विभाग के सेवारत शिक्षकों के लिए टीईटी की अनिवार्यता पर उच्चतम न्यायालय के आदेश का रिवीजन दाखिल करने का विभाग को निर्देश दिया है।

शिक्षक संगठनों द्वारा पहले ही मांग की जा रही थी कि सरकार इस मामले में हस्तक्षेप कर कारगर कदम उठाए। मुख्यमंत्री ने कहा है कि प्रदेश के शिक्षक अनुभवी हैं और समय-समय पर सरकार द्वारा उन्हें प्रशिक्षण प्रदान किया जाता रहा है। ऐसे में उनकी योग्यता और सेवा के वर्षों को नजरअंदाज करना उचित नहीं है। गौरतलब है कि उच्चतम न्यायालय के हालिया फैसले ने प्रदेश के लाखों शिक्षकों की चिंता बढ़ा दी है।

# सुप्रीम कोर्ट का धर्मांतरण कानूनों पर 8 राज्यों को नोटिस

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ **चार हफ्तों में जवाब मांगा, याचिकाकर्ता बोले- कानून अल्पसंख्यकों की धार्मिक स्वतंत्रता पर रोक**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को धर्मांतरण से जुड़े कानूनों पर 8 राज्यों को नोटिस जारी कर 4 हफ्ते में जवाब दाखिल करने को कहा है।

कोर्ट उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हिमाचल, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, गुजरात, हरियाणा, झारखंड और कर्नाटक के कानूनों को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई कर रहा था। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई और जस्टिस के. विनोद चंद्रन की बेंच के सामने याचिकाकर्ताओं ने कहा कि भले ही इन कानूनों को फ्रीडम ऑफ रिलीजन एक्ट कहा जाता है, लेकिन ये अल्पसंख्यकों की धार्मिक स्वतंत्रता पर रोक लगाते हैं और इंटर रिलिजन मैरिज व धार्मिक रीति-रिवाजों को निशाना बनाते हैं। कोर्ट ने वरिष्ठ वकील इंदिरा जयसिंह, संजय हेगड़े, एमआर शमशाद, संजय परिख समेत अन्य पक्षकारों की दलीलें भी सुनीं और कहा कि मामले की अगली सुनवाई छह हफ्ते बाद -शेष पृष्ठ दो पर

## राजस्थान की नदी का जहरीला पानी, मर रहे पशु-पक्षी

### सुप्रीम कोर्ट ने लिया स्वतः संज्ञान

■ **फैक्ट्रियों का कचरा- केमिकल बहाया जा रहा, 20 लाख की आबादी प्रभावित**

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने जीवन और जैव विविधता प्रभावित होने के मद्देनजर राजस्थान की जोजरी नदी में औद्योगिक अपशिष्ट बहाने के मामले में मंगलवार को स्वत: संज्ञान लिया।

न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने कहा कि नदी में मुख्य रूप से कपड़ा और अन्य कारखानों से निकलने वाले औद्योगिक अपशिष्ट के छोड़े जाने से सैकड़ों गांव प्रभावित हो रहे हैं। इसके कारण वहां का पेयजल मनुष्यों और पशुओं दोनों के लिए पीने योग्य नहीं रहा। पीठ ने स्वत: संज्ञान लेते हुए मामला दर्ज करने का निर्देश दिया और उचित आदेश के लिए मामले को मुख्य न्यायाधीश के समक्ष रखने का आदेश दिया। पीठ ने कहा कि यह अदालत राजस्थान की मरुधरा जोजरी नदी के संबंध में स्वत: संज्ञान ले रही है।

# देहरादून में बादल फटने से मची तबाही, 25 के मरने की आशंका

## 13 पुल टूटे, 21 सड़कें व सात दुकानें बही, दो घर गिरे

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** उत्तराखंड से विदा होते मानसून ने एक बार फिर विकराल रूप दिखाते हुए राजधानी देहरादून और आसपास के क्षेत्रों में भारी तबाही मचाई है। विनाशकारी बादल फटने और मूसलाधार वर्षा की घटनाओं के बाद अब तक 13 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है, जबकि 16 लोग अभी भी लापता हैं। सहस्रधारा, मालदेवता जैसे क्षेत्रों में भारी नुकसान हुआ है, नदियां उफान पर हैं और कई सड़कें व पुल बह गए हैं।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आपदाग्रस्त क्षेत्रों का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया है, वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केंद्र से हर संभव मदद का आश्वासन दिया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रभावित क्षेत्रों का सुबह सवेरे ही दौरा किया। जिला अधिकारी सविन बंसल एवं एसएसपी अजय सिंह ने भी घटनास्थल का दौरा करके मोर्चा संभाला। सोमवार की रात्रि को अतिवृष्टि के कारण देहरादून के विभिन्न क्षेत्रों में जनहानि, पशु हानि, सरकारी एवं निजी संपत्तियों को भारी नुकसान पहुंचा है। सड़क, संपर्क मार्ग, पुल, पुलिया क्षतिग्रस्त -शेष पृष्ठ दो पर



### मुख्यमंत्री ने किया प्रभावित क्षेत्रों का दौरा



मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि प्रदेश सरकार हर प्रभावित परिवार के साथ खड़ी है। प्रशासन पहले से ही अलर्ट मोड पर है और एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, पुलिस व स्थानीय प्रशासन लगातार सक्रिय हैं। धामी ने अतिवृष्टि से प्रभावित देहरादून जनपद के मालदेवता क्षेत्र एवं केसरवाला का स्थलीय निरीक्षण कर वहां की स्थिति का जायजा लिया। प्रभावित क्षेत्रों में राहत एवं बचाव कार्यों की गति तेज करने के निर्देश अधिकारियों को दिए तथा स्थानीय नागरिकों को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया।

### पीएम एवं गृह मंत्री ने की सीएम धामी से बात

पीएम मोदी एवं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दूरभाष पर सीएम पुष्कर सिंह धामी से उत्तराखंड में अतिवृष्टि से उत्पन्न स्थिति की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उन्होंने प्रदेश को हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया और कहा कि केंद्र सरकार आपदा की इस घड़ी में राज्य के साथ मजबूती से खड़ी है।





## मृतकों में मुरादाबाद मंडल के सात मजदूर शामिल

**मुरादाबाद/अमरोहा (ब्यूरो)।** उत्तराखंड के देहरादून में बादल फटने के बाद बाढ़ की चपेट में आने से मुरादाबाद मंडल के दर्जनभर मजदूर बह गए। हादसे में बिलारी तहसील के मुंडिया जैन गांव के छह मजदूरों की मौत हो गई, जबकि तीन अब भी लापता हैं।

अमरोहा जिले के हसनपुर क्षेत्र के रहरा गांव के तीन मजदूर भी नदी में लापता हो गए। उनमें से एक का शव बरामद कर लिया गया है, दो अभी लापता हैं। मुरादाबाद जिले की तहसील बिलारी के थाना सोनकपुर क्षेत्र के मुंडिया जैन गांव निवासी लगभग 20 मजदूर कुछ दिन पहले देहरादून के सहसपुर विधानसभा क्षेत्र में मजदूरी करने गए थे। मंगलवार तड़के मजदूर नदी किनारे बजरी और रेत निकालने का काम कर रहे थे। तभी सहस्रधारा क्षेत्र में बादल फटने से टोंस नदी का जलस्तर अचानक बढ़ गया और तेज बहाव में ट्रैक्टर-ट्रॉली -शेष पृष्ठ दो पर

# सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने की उच्च न्यायालयों में नौ जजों की नियुक्ति की सिफारिश

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सीजेआई बीआर गवई की अध्यक्षता वाले उच्चतम न्यायालय के कॉलेजियम ने कर्नाटक, हिमाचल प्रदेश, मद्रास और त्रिपुरा उच्च न्यायालयों के लिए कुल नौ न्यायाधीशों की नियुक्ति की सिफारिश की है। शीर्ष अदालत की ओर से जारी अलग-अलग बयानों के मुताबिक, कर्नाटक उच्च न्यायालय के अतिरिक्त न्यायाधीश न्यायमूर्ति कुरुबरहल्ली वेंकटरामा रेड्डी अरविंद को अस्थायी न्यायाधीश नियुक्त करने की सिफारिश की गई।

इसी प्रकार न्यायिक अधिकारियों - श्रीमती गीता कदबा भरतराज सेट्टी, मुरलीधर पी. बोरकटटे और त्यागराज नारायण इनावली को पदोन्नत कर कर्नाटक उच्च न्यायालय का न्यायाधीश नियुक्त करने की सिफारिश की गई। उच्चतम न्यायालय कॉलेजियम ने अधिवक्ताओं - जिया लाल भारद्वाज और रोमेश वर्मा को हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में नियुक्त करने की सिफारिश की है। मद्रास उच्च न्यायालय के अतिरिक्त न्यायाधीशों - न्यायमूर्ति एन. सेंथिलकुमार और न्यायमूर्ति जी. अरुल मुरुगन को पदोन्नत कर स्थायी न्यायाधीश बनाने की सिफारिश की गई है। इनके अलावा, त्रिपुरा उच्च न्यायालय के अतिरिक्त न्यायाधीश न्यायमूर्ति बिस्वजीत पालित को स्थायी न्यायाधीश के रूप में नियुक्त करने की सिफारिश की गई है। कॉलेजियम ने 15 सितम्बर को अपनी बैठक में चारों उच्च न्यायालय के लिए न्यायाधीशों की नियुक्ति करने की सिफारिश से संबंधित प्रस्तावों को मंजूरी दी।

## सुविधाएं नहीं, तो ट्रिब्यूनल खत्म कर दें: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को केंद्र सरकार को ट्रिब्यूनलों की बदहाल स्थिति पर फटकार लगाई। कोर्ट ने कहा कि बुनियादी सुविधाओं के अभाव की वजह से हाईकोर्ट जज ट्रिब्यूनलों में पोस्ट-रिटायरमेंट रोल लेने से बच रहे हैं। कोर्ट ने कहा कि यदि सरकार हालात सुधार नहीं सकती, तो सभी ट्रिब्यूनल बंद कर देना चाहिए। यहां आने वाले मामलों को हाईकोर्ट को भेजा जाना चाहिए। ट्रिब्यूनल में हाईकोर्ट की नियुक्ति की याचिका एनजीटी बार एसोसिएशन वेस्टर्न जोन ने लगाई है। दरअसल, यह मामला वेस्टर्न जोन के ट्रिब्यूनल में 2 जजों की नियुक्ति से जुड़ा है। नियुक्ति पत्र जारी होने के बाद भी इन्होंने पदभार ग्रहण नहीं किया था। अब इस मामले की अगली सुनवाई 16 दिसम्बर को होगी। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस बीवी नागरत्ना और आर. महादेवन ने कहा कि यह कमी केंद्र सरकार की वजह से है।

# प्रधानमंत्री को मिले 1300 उपहारों की होगी नीलामी

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ **नीलामी से मिली धनराशि का होगा नमामि गंगे परियोजना में उपयोग**

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी के जन्मदिन पर हर साल की तरह इस बार भी नेशनल गैलरी ऑफ मॉडर्न आर्ट में उपहारों की नीलामी आयोजित की जाएगी। यह नीलामी पीएम मोदी को उनके अंतर्राष्ट्रीय दौरें, राज्यों के दौरें के दौरान और प्रधानमंत्री से होने वाली मुलाकातों के दौरा।

विभिन्न कार्यक्रमों और शख्सियतों की ओर से दिए गए उपहारों से संबंधित होती है। इस नीलामी का मुख्य उद्देश्य इन उपहारों से प्राप्त राशि का उपयोग सामाजिक और कल्याणकारी कार्यों के लिए किया जाता है। अभी तक इस नीलामी की राशि का उपयोग गंगा की स्वच्छता को लेकर चलाए जा रहे नमामि गंगे अभियान पर खर्च किया जा रहा है। नीलामी में बहुत तरह के उपहार होते हैं, जैसे की कलात्मक वस्तुएं, सांस्कृतिक धरोहर, और अन्य हस्तशिल्प जो विभिन्न देशों और नेताओं द्वारा प्रधानमंत्री को दिए गए होते हैं। ये उपहार भारतीय संस्कृति और कूटनीति के प्रतीक होते हैं और इनका मूल्यांकन केवल उनके ऐतिहासिक या सांस्कृतिक महत्व के आधार पर किया जाता है। इस बार पीएम मोदी को मिले उपहारों की नीलामी बुधवार से शुरू होगी। ई-ऑक्शन के जरिये लोग कर सकते हैं खरीददारी। इस बार 1300 उपहारों की प्रदर्शनी लगाई गई है।

# आरएलडी के फैसले से दावेदारों में खुशी

**पंचायत चुनाव**

## समाजवादी पार्टी के चुनाव न लड़ने के ऐलान से फायदा

समीउल्लाह

■ **बिजनौर, बागपत, मुजफ्फरनगर व मेरठ पार्टी का गढ़**

**बिजनौर।** राष्ट्रीय लोकदल के द्वारा जिला पंचायत चुनाव अकेले लड़ने के फैसले से इच्छुक दावेदारों में खुशी की लहर दौड़ गई है। सपा के यह चुनाव न लड़ने के ऐलान से यहां आरएलडी को बड़ा फायदा पहुंचेगा और उसका जनाधार बढ़ जाएगा, वहीं भाजपा नेताओं को इसमें अपना नुकसान साफ दिखाई दे रहा है। प्रदेश में शीघ्र ही जिला पंचायत, क्षेत्र पंचायत एवं ग्राम पंचायतों के चुनाव प्रस्तावित हैं। हालांकि भाजपा सरकार पंचायत चुनाव समय से कराने के पक्ष में दिखाई नहीं दे रही है। सरकार नगर क्षेत्रों की प्रस्तावित सीमा विस्तार का बहाना बना रही है। भाजपा नेता चाहते हैं कि



नगर क्षेत्रों से लगे ऐसे ग्रामों को जोड़ लिया जाए, जिससे उनके प्रत्याशी आसानी से चुनाव जीत जाएं और सपा व निर्दलीय प्रत्याशियों को हार का सामना करना पड़े। इसी को लेकर अंदर खाने कवायद चल भी रही है। वरिष्ठ अधिकारी स्थानीय निकायों से प्रस्ताव मांग रहे हैं। ग्राम पंचायतों से प्रस्ताव मांगने की जरूरत ही महसूस नहीं की जा रही है। इस बीच पंचायत चुनावों को लेकर सपा व आरएलडी के ऐलान से प्रदेश में नए राजनीतिक समीकरण बनते नजर आ रहे हैं। सपा ने पंचायत चुनाव न लड़ने का ऐलान किया है। सपा नेतृत्व जानता है कि जिला पंचायत व क्षेत्र पंचायत प्रमुख के चुनाव में सत्ता का दुरुपयोग जमकर होता है। प्रशासन, पुलिस व पैसा इस चुनाव में असर दिखाता है। सपा का एक मात्र लक्ष्य विधानसभा चुनाव है। ऐसे में सपा नेतृत्व नहीं चाहता है कि विधानसभा चुनाव से पूर्व ऐसा कोई प्रतिकूल संदेश मतदाताओं के बीच न जाए कि इससे उसे नुकसान उठाना पड़े। सपा नेतृत्व का मानना है कि जब प्रदेश में सत्ता परिवर्तन हो जाएगा, तो निर्वाचित अध्यक्ष व प्रमुख खुद पाला बदल लेंगे। सपा नेतृत्व बड़े लक्ष्य को हासिल करने के लिए छोटी कुर्बानी दे रहा है। लेकिन आरएलडी ने अकेले जिला पंचायत व क्षेत्र पंचायत चुनाव लड़ने का ऐलान कर सभी को चौका दिया है। राजनीतिक पंड़ितों को भी इसका अंदाजा नहीं था कि आरएलडी इतना बड़ा दाव चलेगी। आरएलडी के इस फैसले से भाजपा नेताओं -शेष पृष्ठ दो पर

## पशु तस्करों की फायरिंग में छात्र की मौत के बाद बवाल

**गोरखपुर।** उप्र मे गोरखपुर जिले के पिपराइच थानरा क्षेत्र के जंगल छात्रधारी गांव में सोमवार की देर रात पशु तस्करों की गोली से 19 वर्षीय छात्र दीपक गुप्ता की मौत के बाद मंगलवार सुबह माहौल उग्र हो गया। परिजनों और ग्रामीणों ने शव घर आने के बाद आज अपनी मांगों को लेकर भट्ठा चौराहा जाम कर दिया। आरोप है कि पुलिस देरी से पहुंची, इसके बाद भी मामले को गंभीरता से नहीं लिया। अगर समय पर खोजबीन की जाती, तो दीपक की जान बच सकती थी। ग्रामीणों ने बताया तस्करों से झड़प के दौरान दीपक अचानक लापता हो गया था। लोग पूरी उसे ढूंढने में जुटे थे।

# गरीब, वंचित शोषित का उत्पीड़न हो रहा है उत्तर प्रदेश में

शाह टाइम्स ब्यूरो



- प्रदेश में बड़े-बड़े खास लोगों के मामलों में समझौते कराए जा रहे हैं: अखिलेश
- गाजीपुर नोनहरा कांड: पीड़ित परिवार के बयान बदलने पर सपा प्रमुख ने योगी सरकार को घेरा

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि उप्र की योगी सरकार में समस्याओं और नाइंसाफी का समाधान नहीं बल्कि गरीब, वंचित पीड़ित, शोषित का दमन और उत्पीघ्न हो रहा है।

यादव ने मंगलवार को जारी बयान मे कहा कि इस सरकार में पीड़ितों को न्याय नहीं मिल रहा है। प्रदेश में बड़े-बड़े खास लोगों के मामले में समझौते कराए जा रहे हैं और बेचारे आम लोगों को दरबार में बुलाकर धमकाया जा रहा है। पीड़ित लोगों के एक दिन दिए बयान को अगले दिन पलटवाया जा रहा हैं। उन्होंने कहा कि जो आज सरकार के मुखर विरोध करते दिखते हैं, अगले दिन उन्हें घेर कर सत्ता के केन्द्रों तक ले जाया जा रहा है और दबाव बनाकर सत्ता के अन्याय के बाद 'सभी इंतजाम करने' का झूठा आश्वासन दिया जा रहा है। सफेद मेज पर सफेद झूठ बोला जा रहा है। क्या कोई इंतजाम और समझौता किसी का जीवन वापस ला सकता है। भाजपा सरकार में अन्याय, अत्याचार चरम पर है। आम जनता और गरीबों को प्रताड़ित, अपमानित किया जा रहा है। सपा अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा सरकार ने प्रदेश की कानून व्यवस्था, स्वास्थ्य, शिक्षा सब कुछ बर्बाद कर दिया है। किसान, नौजवान, छात्र, महिलाएं, व्यापारी इस सरकार की शोषणकारी और गलत नीतियों से पहले से ही परेशान है। सरकार का कानून व्यवस्था और पुलिस पर कोई नियंत्रण नहीं है। पुलिस हिरासत में लगातार मौते हो रही है। भाजपा सरकार जाएगी तभी लोगों को अन्याय और उत्पीड़न से मुक्ति मिलेगी और लोगों को न्याय मिलेगा। वहीं उप्र में गाजीपुर के नोनहरा थाना में हुई घटना में मारे गए सियाराम उपाध्याय के परिजनों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से सोमवार को मुलाक़ात की थी।

मुलाक़ात के बाद परिवार ने मामले की जांच से संतुष्टि जताई थी, लेकिन समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पीड़ित परिवार के बदले रुख को लेकर योगी सरकार पर कई आरोप लगाए हैं। अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया एक्स पर मंगलवार को लिखा, भाजपा सरकार की समझाइश मतलब धमकाइश। उप्र में बड़े-बड़े खास लोगों के मामले में समझौते कराए जा रहे हैं और बेचारे आम लोग दरबार में बुलाकर धमकाए जा रहे हैं और एक दिन पहले दिए गए उनके बयान पलटवाए जा रहे हैं, जो आज सरकार का मुखर विरोध करते दिखते हैं, अगले दिन उन्हें घेरकर सत्ता के केंद्रों तक ले जाया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि दबाव बनाकर सत्ता के अन्याय के बाद 'सब इंतज़ाम हो जाएगा' का झूठा आश्वासन दिया जा रहा है। सफ़ेद मेज पर सफ़ेद झूठ बोला जा रहा है। क्या कोई इंतज़ाम या समझौता किसी का जीवन वापस ला सकता है। उप्र में समस्याओं और नाइंसाफी का समाधान नहीं हो रहा है, बल्कि ग़रीब, वंचित, पीड़ित, शोषित का दमन और उत्पीड़न हो रहा है। भाजपा जाए तो न्याय आए।

# एआई का विकास हो सदैव मानवता की सेवा के लिए: बिरला



**नई दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा है कि एआई का विकास सदैव मानवता की सेवा के लिए होना चाहिए और इसे कभी भी मनुष्यों पर नियंत्रण का साधन नहीं बनने देना चाहिए।

बिरला ने हरिद्वार स्थित देव संस्कृति विश्वविद्यालय में 'फेथ एंड फ्यूचर : इंटिग्रेटिग एआई विथ स्प्रिचुअलिटी' अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ करने के बाद कहा कि एआई का विकास सदैव मानवता की सेवा के लिए होना चाहिए, इसे कभी भी मनुष्यों पर नियंत्रण का साधन नहीं बनने देना चाहिए। उन्होंने कहा कि अध्यात्म व समाज सेवा से लोगों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने वाले गायत्री परिवार के संस्थापक पं. श्रीराम शर्मा आचार्य ने धर्म व विज्ञान की वह व्याख्या दी, जो युवाओं को भारतीय ज्ञान परम्परा आधारित शिक्षा के लिए प्रेरित करती रहेगी। उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी का उद्देश्य मानवीय अनुभवों को समृद्ध और बेहतर बनाना है, उसका स्थान लेना नहीं। एआई को हमेशा आध्यात्मिक ज्ञान और नैतिक जिम्मेदारी से संचालित होना चाहिए, तभी यह समाज के लिए कल्याणकारी सिद्ध होगा। एआई के प्रयोग में चुनौतियां जरूर है, लेकिन इन्हीं चुनौतियों में समाधान भी है।

# यूपी में 16 आईएएस के तबादले

शाह टाइम्स ब्यूरो



- मंडलायुक्त रोशन जैकब हटाई गईं, विजय विश्वास पंत बनाए गए लखनऊ के नए कमिश्नर

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार में लगातार तबादले जारी हैं। मंगलवार को बड़े स्तर पर आईएएस अधिकारियों को इधर से उधर कर दिया गया है। मिल रही जानकारी के मुताबिक करीब 16 आईएएस अधिकारियों को नई जिम्मेदारी सौंपी गई है। लखनऊ की मंडलायुक्त रहीं डाक्टर रोशन जैकब को हटा दिया गया है।

डाक्टर रोशन जैकब को सचिव खाद सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग और आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की जिम्मेदारी सौंप गई है। उनकी जगह विजय विश्वास पंत को मंडलायुक्त लखनऊ बनाया गया है। इसके साथ ही कई आईएएस अधिकारियों के पदों में छटनी भी की गई है। आईएएस रंजन कुमार को प्रमुख सचिव खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग उत्तर प्रदेश शासन के प्रभाव से मुक्त करते हुए शेष यथावत बना रहेगा। उनके पास मौजूदा समय में आयुष और खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग उत्तर प्रदेश था। इस तरह रंजन कुमार के पास अब आयुष विभाग बचा है। इसके अलावा सुहास एलवाई को वर्तमान पद के साथ महानिदेशक युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल उत्तर प्रदेश के पद का अतिरिक्त प्रभार सौंप दिया गया है। वहीं, चौत्रा बी. को महानिदेशक आयुष उत्तर प्रदेश बनाया गया है, जबकि संजय कुमार खत्री को प्रभारी मुख्य कार्यपालक अधिक. ारी बुंदेलखंड औद्योगिक विकास प्राधिकरण की जिम्मेदारी सौंप गई है। इसके अलावा स्कूल शिक्षा की महानिदेशक रहीं कंचन वर्मा को आयुक्त एवं सचिव राजस्व परिषद की जिम्मेदारी दे दी गई है। इसी तरह मोनिका रानी को स्कूल शिक्षा का प्रभारी महानिदेशक नियुक्त किया गया है। प्रयागराज के मंडल आयुक्त रहे विजय विश्वास पंत को मंडल आयुक्त लखनऊ बनाया गया है। डाक्टर रोशन जैकब को सचिव खाद सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग और आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की जिम्मेदारी सौंप गई है इसी क्रम में राजेश कुमार द्वितीय को महा. निदेशक पर्यटन, सौम्या अग्रवाल को मंडल आयुक्त प्रयागराज और किंजल सिंह को परिवहन आयुक्त बनाया गया है। इसके अलावा बृजेश नारायण सिंह को सचिव सामान्य प्रशासन विभाग और मनीषा त्रिघाटिया को सचिव महिला कल्याण तथा बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग बनाया गया है, जबकि बी. चंद्रकला को सचिव वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के साथ ही मुख्य कार्यकारी अधिक. ारी उप्र क्लीन और मैनेजमेंट प्रोजेक्ट अथारिटी की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

## उच्चस्तरीय बैठक में मुख्यमंत्री योगी का ऐलान

# संत कबीर के नाम पर होंगे वस्त्र एवं परिधान पार्क

लखनऊ, वार्ता



- हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग क्षेत्र में निजी निवेशकों की बढ़ती रुचि पर लिया फैसला

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग क्षेत्र में निजी निवेशकों की बढ़ती रूचि को देखते हुए विभिन्न जिलों में वस्त्र एवं परिधान पार्क स्थापित करने का निर्णय लिया है।

मंगलवार को एक उच्चस्तरीय बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि उप्र पारंपरिक हथकरघा और वस्त्र उत्पादों की समृद्ध धरोहर वाला राज्य है, जिसकी क्षमता का सही उपयोग होने पर प्रदेश को राष्ट्रीय ही नहीं, बल्कि वैश्विक स्तर पर भी नई पहचान दिलाई जा सकती है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में वस्त्र एवं परिधान का वैश्विक बाजार वर्ष 2030 तक 2.3 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है और भारत इसमें 8 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर के साथ सबसे तेज़ी से बढ़ते देशों में है। ऐसे परिदृश्य में उप्र की भागीदारी इस क्षेत्र में निर्णायक सिद्ध हो सकती है। योगी ने कहा कि प्रस्तावित योजना को महान संत कबीर के नाम पर समर्पित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि संत कबीर ने अपने जीवन दर्शन में श्रम, सादगी और आत्मनिर्भरता को सर्वोपरि माना और यही भाव इस योजना का आधार बनेगा। मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि इस योजना के माध्यम से निवेश, उत्पादन और रोजगार के नए अवसरों के साथ-साथ परंपरा और आधुनिकता का संतुलन स्थापित होगा। बैठक में प्रस्तुत विवरण के अनुसार वर्तमान में उप्र देश के शीर्ष वस्त्र एवं परिधान निर्यातक राज्यों में शामिल है। वित्त वर्ष 2023-24 में प्रदेश से लगभग 3.5 अरब अमेरिकी डॉलर का निर्यात हुआ, जो देश के कुल वस्त्र एवं परिधान निर्यात का लगभग 9.6 प्रतिशत है। इस क्षेत्र का प्रदेश की जीडीपी में 1.5 प्रतिशत योगदान है, जबकि राज्य में प्रत्यक्ष रोजगार पाने वाले लगभग 22 लाख लोग इससे जुड़े हैं। वाराणसी, मऊ, भदोही, मिर्जापुर, सीतापुर, बाराबंकी, गोरखपुर और मेरठ जैसे पारंपरिक क्लस्टरों ने उप्र को राष्ट्रीय परिधान मानचित्र पर महत्वपूर्ण स्थान दिलाया है।

### सारथी पोर्टल पर वस्त्र व परिधान से जुड़े 659 प्रस्ताव प्राप्त हुए

निवेश सारथी पोर्टल पर अब तक वस्त्र एवं परिधान क्षेत्र से जुड़े 659 प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। इन प्रस्तावों के लिए लगभग 1,642 एकड़ भूमि की आवश्यकता है।

कुल निवेश मूल्य 15,431 करोड़ रुपए आंका गया है और इसके फलस्वरूप लगभग 1,01,768 रोजगार अवसर सृजित होने का अनुमान है। प्रत्येक पार्क न्यूनतम 50 एकड़ भूमि पर विकसित किया जाएगा और इनमें प्रसंस्करण उद्योगों के लिए कॉमन एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट की स्थापना अनिवार्य होगी। साथ ही बटन, ज़िपर, लेबल, पैकेजिंग और वेयरहाउस जैसी सहायक इकाइयों के विकास की भी व्यवस्था की जाएगी। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि निवेश प्रस्तावों को शीघ्र गति से क्रियान्वित करने हेतु भूमि की पहचान और विकास कार्य को तेज किया जाए। योजना का क्रियान्वयन सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल अथवा नोडल एजेंसी के माध्यम से किया जाएगा, ताकि निवेशकों को समयबद्ध और सुगम सुविधाएं प्राप्त हों। सरकार की ओर से पार्कों तक सड़क, विद्युत और जलापूर्ति जैसी आधारभूत सुविधाएं प्राथमिकता पर उपलब्ध कराई जाएंगी। मुख्यमंत्री ने विशेष रूप से युवाओं के लिए कौशल विकास और रोजगार सृजन को इस योजना का मुख्य लक्ष्य बताया। संत कबीर वस्त्र एवं परिधान पार्क योजना न केवल निवेश और रोजगार के नए द्वार खोलेगी, बल्कि उप्र को वैश्विक वस्त्र एवं परिधान मानचित्र पर एक विशिष्ट पहचान भी दिलाएगी।



सेंसेक्स 81101.32
निफ्टी 24868.60



सोना रु. 109707
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 128008
प्रति किलो



# चौतरफा लिवाली के बीच 595 अंक चढ़ा सेंसेक्स

मुंबई, वार्ता



घरेलू शेयर बाजारों में निवेश धारणा मजूबत होने के कारण मंगलवार को बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 594.95 अंक (0.73 प्रतिशत) की तेजी के साथ 82,380.69 अंक पर पहुंच गया, जो 23 जुलाई के बाद का सबसे ऊंचा स्तर है।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 169.90 अंक यानी 0.68 प्रतिशत की बढ़त में 10 जुलाई के बाद के उच्चतम स्तर 25,239.10 अंक पर बंद हुआ। घरेलू के साथ अब विदेशी निवेशकों का विश्वास एक बार फिर भारतीय बाजार में बहाल हुआ है। उन्होंने एफएमसीजी को छोड़कर सभी सेक्टरों में पैसा लगाया। सबसे ज्यादा लिवाली ऑटो सेक्टर में देखने को मिली। रियलिटी में लगातार तेजी को दौर चल रहा है। तेल एवं गैस, आईटी, धातु, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, फार्मा, बैंकिंग सेक्टरों के सूचकांक भी हरे निशान में रहे। सेंसेक्स की 30 में से 28 कंपनियों के शेयर हरे निशान में रहे। बाजार में आज शुरू से ही तेजी रही। सेंसेक्स 66.37 अंक की तेजी के साथ 81,852.11 अंक पर खुला और लगातार चढ़ता गया। इसका निचला स्तर 81,779.94 अंक और ऊपरी स्तर 82,443 अंक रहा। निफ्टी.50 सूचकांक भी 4.30 अंक चढ़कर 25,73.50 अंक पर खुला। यह नीचे 25,070.45 अंक और ऊपर 25,261.40 अंक तक गया। मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में भी तेजी रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.57 फीसदी और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0. 95 फीसदी चढ़ा। एनएसई में कुल 3,152 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ जिनमें 2,005 के शेयर हरे निशान में और 1,059 के लाल निशान में बंद हुए। वहीं अन्य 88 कंपनियों के शेयर दिन भर के उतार.चढ़ाव के बाद अंतत: अपरिवर्तित रहे। सेंसेक्स की कंपनियों में कोटक महिंद्रा बैंक का शेयर सबसे अधिक 2.55 प्रतिशत चढ़ा। एलएंडटी में 2.28 प्रतिशत, महिंद्रा एंड महिंद्रा में 2.22 प्रतिशत और मारुति सुजुकी में 1.99 प्रतिशत की तेजी रही। भारती एयरटेल, टाटा स्टील, एक्सिस बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, इटरनल, एनटीपीसी, बीईएल और टीसीएस के शेयर भी एक प्रतिशत से अधिक की बढ़त में बंद हुए। एशियन पेंट्स (0.87 प्रतिशत) और बजाज फाइनेंस (0.69 प्रतिशत) सेंसेक्स में नुकसान उठाने वाली दो मात्र कंपनियां रहीं। एशियाई बाजारों में जापान का निक्केई 0.30 प्रतिशत और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.04 प्रतिशत की बढ़त में रहा जबकि हांगकांग का हैंगसेंग 0.03 प्रतिशत टूट गया। यूरोपीय बाजारों में शुरुआती कारोबार में जर्मनी का डैक्स सूचकांक 0.49 फीसदी और ब्रिटेन का एफटीएसई 0.25 फीसदी की गिरावट में थे।

## भारत-नेपाल सीमा पर शुरू हुआ कारोबार

**लखनऊ।** नेपाल में अंतरिम सरकार के गठन के बाद उप्र से सटी नेपाल सीमा को फिर से खोल दिया गया है और कड़ी सुरक्षा जांच के बाद यात्रियों व मालवाहक ट्रकों की आवाजाही शुरु होने से कारोबारियों को राहत मिली है। अधिकृत सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि सीमा क्षेत्र पर वाहनो की आवाजाही पर कड़ी नजर रखी जा रही है। सुरक्षा बलों की मदद के लिए सीसीटीवी निगरानी बढ़ा दी गई है। एकीकृत चेक पोस्ट (आईसीपी) पर ट्रकों की लंबी कतार अब लगभग साफ हो गई है। नेपाल में अशांति के कारण पिछले छह दिनों से भारत और नेपाल के बीच व्यापार पूरी तरह से ठप था, जिसके परिणामस्वरूप भारतीय निर्यातकों को करोड़ों रुपए और भूमि बंदरगाह प्राधिकरण को 12 लाख रुपए से अधिक का नुकसान होने का अनुमान है।

# मेडिकल स्टोर पर दवाइयों की नई मूल्य सूची अनिवार्य: वित्त मंत्रालय

**नई दिल्ली।** वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में 22 सितम्बर से होने वाले बदलावों के मद्देनजर पुराना स्टॉक समाप्त होने तक मेडिकल स्टोरों पर दवाइयों की नई मूल्य सूची रखनी अनिवार्य होगी।




वित्त मंत्रालय ने मंगलवार को आम तौर पर पूछे जाने वाले सवालों पर जारी एक स्पष्टीकरण में कहा है कि दवाओं की खेप वापस मंगाने और दोबारा लेबलिंग की जरूरत नहीं है, लेकिन फार्मा कंपनियां/ विपणन कंपनियां नई मूल्य सूची जारी करेंगी जो डीलरों और मेडिकल स्टोर चलाने वाले खुदरा दुकानदारों के पास आम लोगों के देखने के लिए उपलब्ध होगी। इस मूल्य सूची की एक प्रति राज्य के ड्रग कंट्रोलर और स्थानीय सरकार को भी उपलब्ध कराई जाएगी। मंत्रालय ने कहा है कि अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) का लेबल दोबारा लगाने की जरूरत नहीं है। इसके अलावा यह भी स्पष्ट किया गया है कि जीवन बीमा और व्यक्तिगत स्वास्थ्य बीमा पर कोई कर नहीं लगेगा। यदि कोई व्यक्ति अपने साथ परिवार के सदस्यों के लिए भी स्वास्थ्य बीमा लेता है, तो वह भी कर मुक्त होगा। अब हर तरह के ड्रोन पर सपाट पांच प्रतिशत का कर लगेगा। वहीं 7,500 रुपए रोजाना तक के होटल के कमरों के किराए पर पांच प्रतिशत कर ही लगेगा और इन इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) के साथ 18 प्रतिशत कर लगाने का कोई प्रावधान नहीं है। इसी तरह, आरोग्य और सौंदर्य प्रसाधन सेवाओं पर भी सपाट पांच प्रतिशत कर लगेगा। ईंटों पर करों की दरों में कोई बदलाव नहीं किया गया है और इन पर 20 लाख रुपए की सीमा तक आईटीसी के बिना छह प्रतिशत तथा आईटीसी के साथ 12 प्रतिशत की दर से विशेष कर की व्यवस्था जारी रहेगी। माल ढुलाई सेवा में विभिन्न परिवहन साधनों के इस्तेमाल की स्थिति में यदि किसी चरण में हवाई मार्ग का इस्तेमाल किया गया है, तो 18 प्रतिशत और यदि नहीं किया गया है, तो पांच प्रतिशत जीएसटी लगेगा।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**सुप्रीम कोर्ट....** होगी। सीनियर एडवोकेट चंदर उदय सिंह ने दलील दी कि यूपी में 2024 में धर्मांतरण से संबंधित कानून संशोधित कर सजा 20 साल से लेकर आजीवन कारावास तक कर दी गई है। जमानत की शर्तें भी कठोर कर दी गईं और तीसरे पक्ष को शिकायत दर्ज करने का अधिकार दे दिया गया। उन्होंने कहा कि इससे चर्च की प्रार्थनाओं या इंटरफेथ मैरिज में शामिल लोगों को भी भीड़ और संगठनों की ओर से उत्पीड़न झेलना पड़ रहा है। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने 2020 में नोटिस जारी किया था।

**देहरादून ...** होने से जनजीवन बुरी तरह से प्रभावित हुआ है। मजयाडा में तीन लोग मलबे में दबे होने और एक व्यक्ति लापता होना बताया गया। यहां पर कुछ आवासीय भवन, आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन, सामुदायिक केंद्र, 13 दुकान, 8 होटल, 3 रेस्टोरेंट सहित सहस्रधारा-कार्लीगाड मोटर मार्ग भूस्खलन के कारण 9 से अधिक स्थानों पर क्षतिग्रस्त हुआ है। रा.पूर्व.मा. वि. चामासारी में बनाए गए राहत शिविर में कुछ प्रभावित लोगों को ठहराया गया है। शिविर में प्रभावित लोगों से मिलते हुए जिलाधिकारी ने उन्हें हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रभावित परिवार यदि सुरक्षित स्थानों पर किराए में शिफ्ट होना चाहते हैं, तो उनको प्रति परिवार तीन माह तक 4-4 हजार रुपये किराया भी दिया जाएगा।

**मृतकों में...**समेत मजदूर बह गए। हादसे में मदन (45), नरेश (48), हरचरन (60), सोमवती (55), रीना (31) और किरन (35) की डूबकर मौत हो गई। सभी शव बरामद कर लिए गए हैं। इसके अलावा राज. कुमार (21), होराम (32) और सुंदरी (42) का अभी तक पता नहीं चल पाया है। इसी तरह अमरोहा जिले के हसनपुर क्षेत्र के रहरा और आसपास के गांवों के 11 मजदूर भी देहरादून के बाजावाला गांव में मजदूरी करने गए थे। मंगलवार को बादल फटने से रिस्पना नदी का जलस्तर बढ़ गया। इस दौरान रहरा निवासी पुष्पेंद्र (20), पीतम (22) और पंकज (27) पानी के तेज बहाव में बह गए। पंकज का शव बरामद कर लिया गया है। पुष्पेंद्र और पीतम का अब तक कोई सुराग नहीं लगा है।

**आरएलडी के...** को दिक्कत हो रही है। खासतौर पर बिजनौर, बागपत, मुजफ्फरनगर, मेरठ, मथुरा, शामली, बुलंदशहर और सहारनपुर जनपद में इससे आरएलडी को बड़ा फायदा होने जा रहा है। सपा के चुनाव न लड़ने के ऐलान से इसके ज्यादातर दावेदार फिलहाल आरएलडी का दामन थाम लेंगे। भाजपा के साथ जाने से आरएलडी को जो नुकसान हुआ था, उसकी एक ही झटके में भरपाई हो जाएगी। मगर दावेदार आरएलडी प्रमुख के अगले कदम पर नजर लगाए हुए हैं। उन्हें इसका भी अंदेशा है कि कहीं बिजनौर, बागपत, मुजफ्फरनगर एवं मेरठ का जिला पंचायत अध्यक्ष पद भाजपा से झटक कर आरएलडी अपना यह फैसला वापस न ले ले। क्योंकि आरएलडी के मौजूदा फैसले से भाजपा को ही बड़ा नुकसान होने जा रहा है। वैसे यह भी साफ है कि भाजपा के साथ गठबंधन करने से आरएलडी को कोई ज्यादा फायदा नहीं पहुंचा है। सिर्फ केन्द्र व प्रदेश में मंत्री पद ही मिला है। प्रदेश में भाजपा की मनमानी चल रही है। आरएलडी के बड़े नेता भले ही परेशान न हो, मगर आम कार्यकर्ता खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहा है। उसकी सुनवाई नहीं हो रही है और इसीलिए वह विभिन्न किसान संगठनों से जुड़ रहे हैं।

# 2017 से 2021 तक के गैर-कर ई चालान होंगे खत्म

लखनऊ, वार्ता

उप्र परिवहन विभाग ने 2017 से 2021 तक के गैर-कर ई-चालानों को समाप्त करने का फैसला लिया है। अब इन चालानों को पोर्टल पर षडिस्पोस्ड अबेटेड (यदि मामला कोर्ट में लंबित था) और क्लोज्ड- आर (यदि कार्यालय में लंबित था और समय-सीमा निकल चुकी है) की श्रेणी में दिखाया जाएगा। इन चालानों से जुड़े फिटनेस, परमिट, वाहन ट्रांसफर और एचएसआरपी (हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट) जैसे अवरोध भी स्वतघ् हट जाएंगे। हालांकि टैक्स से जुड़े चालान इस राहत के दायरे से बाहर रहेंगे।

विभाग के अनुसार यह पूरी प्रक्रिया 30 दिनों में पूरी कर दी जाएगी। इसके बाद वाहन स्वामी पोर्टल पर जाकर अपनी चालान स्थिति देख सकेंगे। कोर्ट में लंबित प्रकरण 'डिस्पोस्ड अबेटेड' और ऑफिस लेवल पर समय-सीमा निकल चुके प्रकरण क्लोज्ड- टाइम-बार (नॉन-टैक्स) के रूप में दर्ज होंगे। विभाग ने साफ किया है कि यह केवल क्लोजर है यानि न तो किसी को रिफंड मिलेगा और न ही पुराने चालान दोबारा खोले जाएंगे। उन्होंने बताया कि 30 लाख से ज्यादा ई-चालान प्रभावित आंकड़ों के मुताबिक 2017 से 2021 के बीच 30.52 लाख ई-चालान बने थे। इनमें से 17.59 लाख का निस्तारण पहले ही हो चुका है, जबकि 12.93 लाख चालान लंबित थे। लंबित चालानों में 10.84 लाख कोर्ट में और 1.29 लाख ऑफिस लेवल पर पेंडिग थे। अब इन सभी का डिजिटल निस्तारण समय-सीमा में पूरा किया जाएगा। फ्रंट-एंड पर सभी अवरोध हटेंगे, जबकि बैक-एंड पर पूरा रिकॉर्ड और ऑडिट ट्रेल सुरक्षित रहेगा। इस फैसले के तहत केवल उन्हीं चालानों को माफ किया जाएगा, जो 31 दिसंबर 2021 तक कोर्ट में लंबित थे। वहीं, जो चालान कभी कोर्ट नहीं भेजे गए और अब समय-सीमा पार कर चुके हैं, उन्हें भी प्रशासनिक रूप से बंद किया जाएगा। टैक्स से जुड़े चालान, गंभीर अपराध, दुर्घटना या आईपीसी से जुड़े मामले इस राहत से बाहर रहेंगे। यह निर्णय कानून का पालन सुनिश्चित करने, जनता को अनावश्यक चालानों और ब्लॉकों से राहत देने, सेवाओं को समय पर उपलब्ध कराने और पूरी प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए लिया गया है। उन्होंने बताया कि 30 दिनों के भीतर सभी पेंडिग चालानों का पोर्टल पर निपटारा दिखेगा। इसके लिए हर हफ्ते एक डैशबोर्ड पर प्रगति रिपोर्ट डाली जाएगी। एनआईसी पोर्टल में जरूरी बदलाव कर रहा है ताकि पूरी प्रक्रिया पारदर्शी और सुरक्षित रहे। टैक्स से जुड़ी देनदा. रियां, पहले से जमा जुर्माना और कोर्ट आदेश यथावत रहेंगे।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहे फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# गढ़ी मुझेड़ा में टायर पन्चर लगाने वाले युवक की हत्या



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरापुर।** थाना क्षेत्र के ग्राम गढ़ी मुझेड़ा में मंगलवार देर रात एक दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई, जहां टायर पंचर की दुकान चलाने वाले युवक की अज्ञात बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी। हत्या के बाद आरोपित शव को चारपाई पर डालकर उसके ऊपर चादर ओढ़ा कर मौके से फरार हो गए। सुबह हत्या की खबर मिलते ही क्षेत्र में हडकम्प मच गया तथा सूचना मिलने पर क्षेत्राधिकारी जानसठ यतेन्द्र सिंह नागर, थाना प्रभारी बबलू सिंह वर्मा और फॉरेंसिक टीम सहित मौके पर पहुंच गये तथा बारीकी से घटनास्थल का निरीक्षण किया।

मीरापुर थाना क्षेत्र के ग्राम गढ़ी मुझेड़ा निवासी फरमान पुत्र इकबाल उम्र 24 वर्ष ग्राम बलीपुर में हाईवे किनारे टायर पंचर की दुकान चलाता था। परिजनों के अनुसार मंगलवार की रात दुकान पर मौजूद फरमान को अज्ञात लोगों ने गोली मार दी। सुबह लगभग सात बजे उसके आसपास काम करने वालों ने फोन कर परिजनों को सूचना दी।

जब मृतक के पिता इकबाल मौके पर पहुंचे तो उन्होंने देखा कि उनका बेटा चारपाई पर मृत पड़ा है और उसके ऊपर चादर डली हुई थी। यह देख परिजनों के होश उड़ गए। तत्काल घटना की सूचना परिजनो को दी गई तो परिजन मौके पर पहुंच गये। सूचना पाकर क्षेत्राधिकारी जानसठ यतेन्द्र सिंह नागर, थाना प्रभारी बबलू सिंह वर्मा और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंचे तथा घटनास्थल की बारीकी से जांच कर साक्ष्य जुटाए तथा शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल से विभिन्न नमूने एकत्रित किए हैं ताकि वैज्ञानिक तरीके से जांच को आगे बढ़ाया जा सके। क्षेत्राधिकारी यतेन्द्र सिंह नागर ने बताया कि हत्या के कारणों का फिलहाल कोई सुराग नहीं मिला है, लेकिन घटना की गंभीरता से जांच की जा रही है। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज भी खंगाल रही है तथा मृतक के संपर्क में आने वाले लोगों से पूछताछ कर रही है। अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही घटना का खुलासा कर दिया जाएगा। फरमान अविवाहित था और परिवार में सबसे छोटा बेटा था। उसकी मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। परिजन का रो-रोकर बुरा हाल है और पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। ग्रामीण भी घटना से स्तब्ध हैं और पुलिस से जल्द हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं।

# प्रेम विवाह की खौफनाक सजा, भांजे की हत्या बहन गंभीर

## एसएसपी, सीओ व कोतवाल मौके पर, घायल दिल्ली रैफर, नाबालिग भाइयों पर आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** सगे भाईयों ने ही अपने इकलौते ग्यारह माह के मासूम भांजे व बहन के कत्ल की कहानी लिख डाली, हालांकि हमले में ग्यारह माह के बच्चे की मौत हुई है जबकि हमले की शिकार बहन दिल्ली के अस्पताल में भर्ती है। भांजे का कत्ल व बहन पर हमले का आरोप सिद्ध होता है तो ऐसे में हमलावर मामाओं को कंस कहना गलत नहीं होगा? हालांकि यह तो पुलिस जांच व कोर्ट का निर्णय है और अभी तक मामाओं पर इस घटना का मुकदमा दर्ज हुआ है। फिलहाल अभी यह भी साबित नहीं हो रहा कि भांजे का गलत मामाओ के हाथो हुआ है या मारपीट में अचानक ही बच्चे की मौत हुई। घटना के पीछे एक बड़ा मकसद है चाहे इसे रंजिश कहो या



आरोपियों द्वारा अपनी लाज बचाना कहो, फिलहाल हमलावरों को नाबालिग बताया जा रहा है और पुलिस ने बच्चे के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और इस घटना का मुकदमा भी दर्ज कर आरोपियों को हिरासत में लेने की भी चर्चाए है।

मंगलवार की अल सवेरे शहर कोतवाली क्षेत्र के शामली बस अड्डे के निकट एक मकान से रोने चिल्लाने की आवाजे गूंजने लगी तो आस-पास के रहने वाले लोगों की आंखे नींद से जाग उठी, हालांकि काफी समय तक लोग यह नहीं जान पा रहे थे कि इस घर से भयानक आवाजे क्यों आ रही है? इतना हीं नहीं लोगों ने तुरंत ही घटना स्थल तक जाना भी गवारा नहीं समझा, लेकिन जब धीरे-धीरे आस-पडौस के लोग जाग उठे तो भीड मौके पर इकट्ठा हो गई। घटनास्थल के घर का नजारा देख कर लोगो के रोंगटे खडे हो गए यहां पर एक दुग्ध मुंहे बच्चे का शव जमीन पर पडा हुआ था जबकि उसकी मां जिसकी उम्र करीब 19-20 वर्ष होगी वह भी अचेत अवस्था में पडी थी। इतना ही नहीं बच्चे की नानी की हालत भी खराब थी। घटना की जानकारी पुलिस को दी गई तो रात्रि में ही सीओ सिटी, शहर कोतवाल दलबल के साथ मौके पर पहुंचे, घटना स्थल पर विधि विज्ञान प्रयोगशाला को भी बुलाया गया पुलिस ने इस मामले की बारिकी से जांच पडताल की तो पता चला कि इस घर में पार्वती नामक महिला करीब चार माह से किराये पर रहती है और जो विवाहिता गंभीर हालत में पड़ी हुई थी उसके संबंध में पुलिस को पता चला कि वह पार्वती की बेटी छोटी है और मृतक बच्चा ग्यारह वर्षीय अभिषेक है पुलिस ने आनन-फानन में ही छोटी व बच्चे को अस्पताल पहुंचाया जहां छोटी को गंभीर हालत में दिल्ली रैफर कर दिया गया। अब तक हुई जांच पड़ताल में पुलिस कहना है कि छोटी ने प्रेम विवाह कर लिया था जिससे उसका परिवार खुश नहीं था। छोटी का पति अभिषेक किसी मामले में बागपत की जेल में बंद है, जबकि पार्वती ने भी पुलिस को बताया कि वह अपने पति से अलग रहती है और उसके बेटे पन्द्रह वर्षीय आकाश, सोलह वर्षीय अरविंद जनपद बागपत के गांव बडावता में रहते है और वह कभी-कभी उसके पास भी आते है। पुलिस को यह भी जानकारी मिली कि घायल छोटी अपनी मां पार्वती से कुछ रूपया उधार लेने आई थी और वह करीब चार-पांच दिन से यहीं पर रह रही थी। फिलहाल पुलिस को अब मुकदमा लिखने के लिए तहरीर का इंतजार है।

> प्रेम विवाह करने पर परिवार के लोग नाराज थे और छोटी अपने मासूम बच्चे के साथ शामली स्टैण्ड के निकट किराये के मकान में माँ पार्वती के पास आती रहती थी। चार-पांच दिन से छोटी अपनी मां के पास थी और देर रात दो भाईयों ने हमला कर दिया जिसमें ग्यारह माह के बच्चे की मौत हो गई और घायल छोटी को जिला अस्पताल से दिल्ली रैफर कर दिया। इस मामले में पुलिस ने कार्यवाही शुरू कर दी।..........
>
> **उमेश रोरिया**
> **नगर कोतवाल**



मुजफ्फरनगर: घटना की जानकारी लेते पुलिस अधिकारी।

# वैश्य अग्रवाल महासभा का शपथ ग्रहण समारोह

- **महाराजा अग्रसेन जयंती समारोह का समापन**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** संयुक्त वैश्य अग्रवाल महासभा द्वारा आज ए टू जेड रोड स्थित अग्रसेन भवन ट्रस्ट मे महाराजा अग्रसेन जयंती एवं शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल, नगर पालिका चेयरमैन मीनाक्षी स्वरूप, पूर्व विधायक अशोक कंसल पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष अंजू अग्रवाल भाजपा नेता गौरव स्वरूप, उद्यमी निरंकार स्वरूप, भीमसेन कंसल, सतीश गोयल, सत्य प्रकाश मित्तल आदि ने महाराजा अग्रसेन की मूर्ति पर माल्यार्पण कर व दीप प्रज्वलित कर किया कार्यक्रम का संचालन संरक्षक सुनील सिंघल व महामंत्री दिनेश बंसल ने किया। इस अवसर मुख्य अतिथि कपिल देव अग्रवाल राज्य मंत्री ने सभी पदाधिकारीयो व सदस्यों को शपथ ग्रहण पर व महाराजा अग्रसेन जयंती की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी तथा एकजुटता का संदेश दिया मीनाक्षी स्वरूप अध्यक्ष नगर पालिका ने सभी को बधाई दी।

नवनियुक्त अध्यक्ष संजय मित्तल ने कहा कि संयुक्त महासभा में जनपद की सभी वैश्य सभाओ को जोड़ा गया है उन्होंने कहा महासभा का उद्देश्य सभी वैश्य सभाओ को साथ लेकर वैश्य समाज के हित के लिए कार्य करना है तथा कहा की महाराजा अग्रसेन के पद चिन्हों पर चलना चाहिए हमारे समाज में बड़े-बड़े भामाशाह हुए हैं आज भी सरकार को आने वाला टैक्स में सबसे बड़ी भागीदारी वैश्य समाज की है जिससे हमारी सरकार चलती है का इस शुभ अवसर पर मेरा प्रस्ताव है कि जितनी भी सभाएं जनपद में है सभी आने वाले वर्षो में एक ही महाराजा अग्रसेन



जयंती पूरी जनपद बनाए ताकि उसकी गूंज पूरे हिंदुस्तान में सुनाई दे तथा उन्होंने रसम पगड़ी पर होने वाले आम जनों के लिए ब्रह्म भोज का विरोध करने की भी बात रखी तथा कहा कि हम रसम पगड़ी में दुख में जाते हैं ना की सुख में इन प्रस्तावों का उपस्थित सभी वैश्य बंधुओ ने जोरदार ताली बजाकर के स्वागत किया। संस्था के संरक्षक सुनील सिंघल ने सभी को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई कार्यक्रम में भारी संख्या में वैश्य बंधुओ ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई तथा हॉल खचाखच भीड़ से भरा रहा कार्यक्रम में महामंत्री अनिल तायल, कोषाध्यक्ष विश्व दीप गोयल, बिट्टू, सुरेंद्र बंसल, प्रमोद मित्तल, मोहन तायल, डॉ एमके बंसल, डॉक्टर एम. आर. एस गोयल, डॉक्टर एल गर्ग राहुल गोयल, अचिन कंसल, मुकेश प्रधान, डॉ मनोज काबरा, विनोद सिंघल, सीए अजय कुमार अग्रवाल, विनोद संगल, डॉक्टर दीपक गोयल, डॉ अखिल गोयल, रजत गोयल, अशोक गर्ग, वेद प्रकाश, मंगल शिव कुमार, संगल, सुरेंद्र बंसल, नवीन बिंदल, अंकित गर्ग, राकेश गोयल, पंकज गोयल, प्रियंक गुप्ता सभासद संजय काका, पवन बंसल, अशोक अग्रवाल, संतलाल बंसल, विपिन गोयल, मनोज सिंघल, शिवकुमार गुप्ता, वैभव गर्ग, मुकेश तायल, अशोक कुमार तायल, अभिषेक कुच्छल, राजेश गोयल, मनमोहन मुंद्रा, अभिषेक अग्रवाल, आलोक बब्बू, रवि गोयल, प्रदीप कुमार , शोभित गुप्ता, राकेश कंसल, योगेश भगत, गोपाल मित्तल, आशुतोष गुप्ता, अरविंद गुप्ता, ऑर्थव गुप्ता, शिशुकांत गर्ग, राजीव, मोहन, हिमांशु, महेश्वरी अशोक, मालपानी, कशिश गोयल, अजय सिंघल, दिनेश गुप्ता, अमित अग्रवाल, अजय गर्ग, जितेंद्र गुप्ता, आलोक अग्रवाल, विवेक अग्रवाल, विपिन सिंगल , संजय जैन, अभिनव गोयल, शरद गोयल, अतुल जैन, हरिशंकर तायल, अचिन कंसल, अजय गुप्ता, नवनीत कुशल, मोहनलाल, अमरीश गोयल, आशीष गर्ग, बृज गोपाल, छारिया राजेश कुमार, संजय बंसल, नितिन बंसल, प्रवीण गोयल, मांगेराम सिंगल, उज्जवल मित्तल, अनिल तायल, विजय कुमार गोयल, रोहित तायल, पवन अग्रवाल, नीतीश ऐरन विजय गुप्ता, प्रदीप गर्ग, पवन गोयल, श्रवण मित्तल, सुभाष चंद्र गर्ग, बीएम गुप्ता उपस्थित रहे।

# तालाबंदी कर हड़ताल पर बैठे पालिका कर्मचारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** नगर पालिका कर्मचारियों ने पूर्व घोषणा के अनुसार मंगलवार को कार्यालय में तालाबंदी करते हुए हड़ताल शुरू कर दी और प्रांगण में कर्मचारियों ने काम बंद कर हड़ताल व धरना प्रदर्शन किया। हड़ताल पर बैठे कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि उन्हें समय से वेतन नहीं दिया जा रहा है। साथ ही बिना पूर्व सूचना के सीएल (कैजुअल लीव) पर जाने पर भी वेतन काटा-जा रहा है, जो पूरी तरह अनुचित है। हड़ताल पर बैठे कर्मचारियों ने कहा कि लगातार वेतन संबंधी समस्याओं और प्रबंधन की लापरवाही से उनका मनोबल गिर रहा है। समय पर वेतन न मिलने के कारण उन्हें आर्थिक संकट का सामना करना पड़ता है। इस वजह से सभी कर्मचारियों में आक्रोश व्याप्त है।

कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि यदि समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो वे आंदोलन को और तेज करेंगे। वहीं, पालिका ईओ प्रज्ञा सिंह ने इस मामले में स्पष्ट किया कि अनुशासनहीनता किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

उन्होंने कहा कि पहले भी अनुशासनहीनता न पर कार्रवाई की जाती रही है और आगे भी नियमों के तहत ही कदम उठाए जाएंगे। ईओ ने कर्मचारियों से कार्य अनुशासन बनाए रखने की अपील करते हुए आश्वासन दिया। उन्होने कहा कि जायज मांगो का नियमानुसार किया जाएगा। कर्मचारियों की हड़ताल के कारण कार्य प्रभावित रहा।



# लेखाकार व ईओ में तकरार ऑपरेटरों का वेतन भी रोका

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** पालिका में कर्मचारियों की हड़ताल के बीच कार्यालय पहुंची ईओ ने वेतन जारी करने के आदेश का पालन नहीं होने पर लेखाकार को तलब किया तो दोनों के बीच तीखी बहस हो गई। दरअसल स्वयत्त शासन कर्मचारी संगठन से जुडे कर्मचारियों ने मंगलवार को हड़ताल शुरू की तो यहां काम कर रहे संविदा कम्प्यूटर ऑपरेटरों का भी उन्होने काम बंद करा दिया और कार्यालय बंद कर दिए। जिसके बाद ईओ ने संविदा ऑपरेटर को हड़ताल में शामिल होने और कर्मचारियों को समर्थन देने के आरोप में उनके वेतन भी रोक लगाने के आदेश जारी कर दिए।

ईओ डॉ. प्रज्ञा का कहना है कि 12 सितम्बर को स्वायत्त शासन कर्मचारी संगठन शाखा के अध्यक्ष ब्रजमोहन और महामंत्री सुनील वर्मा ने मुख्य कार्यालय के डाक में पत्र रिसीव कराया। ये पत्र उनको सोमवार सुबह कार्यालय पहुंचने पर मिला। उसी समय उन्होंने लेखाकार को कर्मचारियों का वेतन जारी करने के लिए पत्र पर आदेश करते हुए तत्काल पालन के लिए कहा था, लेकिन वेतन जारी करने में कोई भी गंभीरता नहीं दिखाई गई और नौबत हड़ताल तक पहुंच गई। ईओ ने इसकी जवाबदेही तलब करने के लिए ही अपने कार्यालय में लेखाकार प्रीति रानी को बुलाया तो दोनों के बीच तीखी बहस तकरार में बदल गई।

ईओ के जवाब में लेखाकार ने बताया कि उन्होंने पत्र कार्यवाहक टीएस पारूल यादव को भेज दिया था, क्योंकि आपने वेतन रोके जाने पर आख्या देने के लिए आदेश किया था, वेतन जारी करने के लिए कोई आदेश नहीं दिया।

# आपदा में संकटमोचक बनेगा सिविल डिफेन्स

## जनपद में पहली बार नागरिक सुरक्षा कोर का गठन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जनपद में पहली बार नागरिक सुरक्षा कोर का गठन हुआ है। इस कोर में ऐसे लोगों को शामिल किया जा रहा है, जिन लोगों ने पूर्व में आई आपदा अथवा कोरोना की घडी में जिला प्रशासन व आम जनता की मदद की हो। जिले के उत्साही एवं जिम्मेदार युवाओं को स्वेच्छा से वालंटियर के रूप में सिविल डिफेन्स से जुडने के लिये कहा गया है। नागरिक सुरक्षा विभाग की ओर से स्थानीय जिला पंचायत सभागार में एक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें किसी भी आकस्मिक स्थिति के दौरान रेड अलर्ट करने हेतु चेतावनी ध्वनि अर्थात सायरन की स्थापना पर चर्चा हुई। बैठक में अपर जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह ने कहा कि सिविल डिफेन्स की टीम जनपद में आम जनता के साथ मिलकर काम करेगी। किसी भी प्रकार की आपदा में संगठित नागरिक सुरक्षा कोर अहम भूमिका निभायेगा।

उन्होनें कहा कि अफवाह फैलने से रोकने में सिविल डिफेन्स का योगदान रहेगा। किसी भी प्रकार की महामारी, कोविड, युद्ध, आपात स्थिति, आगजनी, बाढ, सूखा व दंगा आदि आपदाओं में प्रशिक्षित वालंटियर मदद कर पायेगें।

उप नियन्त्रक नागरिक सुरक्षा कश्मीर सिंह ने बताया कि प्रारम्भिक चरण में 300 लोगों की टीम का गठन किया जा रहा है। सभी वालंटियर को प्रशिक्षण देकर आपदा प्रबन्धन, बचाव कार्य, प्राथमिक उपचार व पब्लिक सपोर्ट जैसे क्षेत्रों में दक्ष बनाया जायेगा। उन्होने कहा कि नागरिक सुरक्षा कोर ऐसी मजबूत कडी बनेगा, जो प्रशासन और जनता को जोडकर रखेगा। आपदा व संकट की घडी में जनता को न केवल त्वरित मदद मिलेगी, बल्कि सहयोग व जिम्मेदारी की भावना भी बढेगी। बैठक में उप जिलाधिकारी खतौली राजकुमार, पुलिस अधीक्षक यातायात अतुल कुमार चौबे, जिला अग्निशमन अधिकारी आर0के0 यादव, तहसीलदार सदर राधेश्याम गौड, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संदीप कुमार, जिला कृषि अधिकारी राहुल तेवतिया, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी जितेन्द्र गुप्ता, सहायक अभियन्ता सिचांई अनस खान, श्रम अधिकारी शालू राणा, डा0 शमशेर आलम, अशरफ अली, माखन सिंह, अनुराधा वर्मा, सावन कुमार, रोमेश अग्रवाल, विवेक गोयल व नागरिक सुरक्षा सहायक नासिर हुसैन मौजूद रहे।

# भरी हुंकार: भविष्य संकट में, फिर भी नहीं डगमगाए शिक्षकों के कदम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** टीईटी परीक्षा की अनिवार्यता और सर्वोच्च न्यायालय के हालिया आदेशों के के बाद शिक्षकों के भविष्य पर संकट मंडरा रहा है, लेकिन इसके बावजूद भी अपने अधिकारों की लड़ाई लड़ने के लिए शिक्षकों के हौसले बुलंद है। मंगलवार को जिले के भारतीय किसान यूनियन शिक्षक प्रकोष्ठ के नेतृत्व में सैकड़ों प्राथमिक शिक्षक जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे, जहाँ उन्होंने स्पष्ट किया कि 2011 से पूर्व नियुक्त सभी शिक्षक तत्कालीन योग्यता और नियमों के अनुसार चयनित हुए थे, ऐसे में अब टीईटी की अनिवार्यता उनके भविष्य पर संकट बन गई है। शिक्षकों ने कहा कि यह आदेश व्यवहारिक नहीं है और इससे देशभर के शिक्षक मानसिक, सामाजिक और आर्थिक तनाव में हैं। शिक्षक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष राम रतन बालियान ने कहा कि अध्यादेश लाकर ही इस संकट से राहत दी जा सकती है। प्रदर्शन के दौरान ज्ञापन सौंपा गया, जिसमें कार्यवाहक जिलाध्यक्ष अमित मलिक,सपना (ब्लॉक सदर अध्यक्ष), डॉ. राहुल कुशवाहा, डॉ. संजीव नारायण, संजय गर्ग, राजेश्वर प्रसाद, मनीष गोयल, मोहित बालियान, विवेक बुढाना, कैलाश चंद, अमित धीमान, धर्मेंद्र मलिक, लोकेन्द्र शर्मा, अनिल कुमार, सुशील कुमार, प्रदीप कुमार, अजब सिंह, रामकुमार, दिनेश बालियान, डॉ. संजीव वर्मा, वैभव सिंगल, राकेश पासी, बिरजू, संदीप कुमार, आशीष कुमार, विनय कुमार, कर्मवीर सिंह, पुष्पराज, बाल किशन, धीरेंद्र तोमर, संदीप तोमर, मेराज खालिद, मोहम्मद अखलाक, खुशनुद अहमद, मोहम्मद मुस्तफा, संजय राठी, मोतीलाल, उस्मान, क्षितिज नेगी, रितु बालियान, हरि मनीष, विवेक गोयल, रविंद्र कोठारी, कुलदीप यादव, पुष्पराज पवार, सपना चौधरी, पूजा शर्मा, मीनाक्षी रानी, सुमन लता, मोनिका, प्रियंका रानी, सुषमा देवी, निधि शर्मा, ज्योति रानी, किरण अरोड़ा, अनीता धीमान, चित्रलेखा, ममता, माधुरी, संध्या रानी, उषा रानी, संजय कुमार, अखलाक अहमद, मूलराज शर्मा, तुष्यभूषण शर्मा, देवराज मलिक, साकिब निसार, राजदीप चौधरी, लोकेश कुमार, गौरव कुमार, मुताहिर हसन, विपिन कुमारी, शिवम शर्मा, नीलम तोमर, छवि अग्रवाल, संगीता जावाला (ए.आर.पी), निशुतोष (ए.आर.पी), पूजा (ए.आर.पी) और अन्य सैकड़ों शिक्षक व अध्यापिकाएं मौजूद रहे।

# आखिर जनता क्यों कर रही है स्मार्ट मीटर लगाने का विरोध

## कई स्थानों पर उपभोक्ता व कर्मचारियों के बीच हो चुकी नोकझोंक कई मामलों की थानो में हो चुकी हैं शिकायत

**सलाउद्दीन अब्बासी**

**मुजफ्फरनगर।** जनपद के अधिकतर कस्बे गांव व मौहल्ले में स्मार्ट मीटर का लगातार विरोध हो रहा है कई जगह तो देखने को आया कि मीटर लगाने गई टीम के साथ हाथापाई हुई तो कही मुंहभाषा हुआ। गंभीर बात यह है कि आखिर स्मार्ट मीटर का विरोध क्यो हो रहा है? इसे कुछ इस तरह भी कहा जा सकता है कि विभाग से संबंधित अधिकारी व कर्मचारी उपभोक्ताओं को स्मार्ट मीटर के संबंध में समझा नहीं पा रहे है, क्योकि लोगों में यही बहम बना हुआ है कि स्मार्ट मीटर विद्युत रीडिंग ज्यादा देता है। यह आज की कोई नई



बात नहीं है इससे पहले भी नये मीटर लगाने का अधिकतर विरोध देखने को मिला और विद्युत विभाग के अधिकारी व कर्मचारियों को लोगों के गुस्सा का सामना भी करना पड़ा। कई जगह तो हालात यहां तक हुए कि विद्युत विभाग की टीम के साथ मारपीट करने के साथ-साथ सरकारी कार्य में बाधा भी पहुंचाई गई। और कई स्थानों पर ऐसा भी देखने को मिला कि विद्युत विभाग की टीम को भीड के आक्रोश से बचकर भागना पड़ा, हालांकि विद्युत विभाग के अधिकारियों घटना से संबंधित थानो में मारपीट व सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने का मामला दर्ज कराया, लेकिन बात वही आती कि आखिर अब जब स्मार्ट मीटर लगाने की कार्यवाही शुरू हुई तो किसी भी विभाग के अधिकारी ने या नीचे स्तर के कर्मचारी जनता को समझाने में नाकाम क्यो साबित हो रहे है, हालांकि यदि विद्युत विभाग का कानूनी नियम पढ़ा जाए तो विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 47(5) के तहत उपभोक्ताओं को मीटर चुनने का अधिकार है ऐसा जनता हीं नहीं विद्युत विभाग के अधिकारी भी कहते है। सवाल फिर यहीं उठता है कि जब जनता को मीटर चुनने का अधिकार है तो फिर कुछ वर्षो के बाद ही मीटर क्यो बदले जाते है या फिर मीटर लगाने से पहले जनता का विश्वास क्यो नहीं जीता जाता अगर इस मामले की तह तक जाया जाए तो कुछ कमियां विद्युत विभाग की भी सामने आ रही है। सवाल बार-बार यही उठ रहा है कि विद्युत विभाग जनता को विश्वास में लेकर कार्यवाही क्यो नहीं कर रहा है यह बात अलग है कि जहां कही भी विद्युत विभाग की टीम के साथ कोई घटना घटती है तो तुरंत ही उपभोक्ताओं के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया जाता है अब सवाल यह उठता है कि क्या मुकदमा कराना इसका हल है यह खुद विद्युत विभाग के अधिकारी सोचे। फिलहाल कुछ जिम्मेदार लोगों का तो यही कहना है कि मीटर लगाने में कोई परेशानी नहीं है, लेकिन गुमराह जनता को कौन समझाए। हाल में भी कई गांव व मौहल्ले में स्मार्ट मीटर लगाने का घौर विरोध देखने को मिला। गांव सुजडू में तो कुछ लोगों ने स्मार्ट मीटर को लेकर एक छोटी सी पंचायत भी कर डाली। इसमें किसान यूनियन के एक संगठन ने भी भाग लिया और मौके पर अधिकारी को भी बुलाया गया। इस बैठक में ग्रामीणों ने यही सवाल उठाया कि विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 47(5) के तहत जब उपभोक्ताओं को मीटर चुनने का अधिकार है तो फिर इस पर अमल क्यो नहीं किया जा रहा। उन्होने साफ कहा कि यह तो विद्युत विभाग की मनमानी है। दूसरा मामला ग्राम शेरनगर का बताया जा रहा है जहां स्मार्ट मीटर लगाने गई विद्युत विभाग की टीम का घौर विरोध किया गया? हालांकि कृत्यांस खटीक ने पुलिस को बताया था कि सरकारी योजना के तहत शहर में स्मार्ट लगाने का कार्य चल रहा है जिसकी देखरेख वह स्वयं कर रहे है उन्होने बताया कि उनका कर्मचारी रितीक गुप्ता शेरनगर में मीटर लगाने गया था जहां उम्मेद अली, यामीन, जान मौहम्मद व रकमुदीन ने इसका विरोध करते हुए मीटर को भी खुर्द-बुर्द कर दिया ऐसा आरोप भी कृत्यांस खटीक ने लगाया है। इस मामले की शिकायत सीओ मंडी से भी की गई है। उपभोक्ताओं के खिलाफ शिकायत करने का यह पहला मामला नहीं है।

> विभाग के माध्यम से स्मार्ट मीटर के संबंध में फेसबुक, समाचार पत्र व ट्वीटर के माध्यम से लोगों को समझाया जा रहा है कि इस मीटर से कोई ज्यादा रीडिंग नहीं होती और स्मार्ट मीटर के कई फायदे है। हर मौहल्ले कस्बे व गांव में पुराना व नया मीटर लगाकर उपभोक्ता को रीडिंग चैक की जा रही है किसी भी मीटर में रीडिंग गलत नहीं पाई गई और स्मार्ट मीटर लगाने से जनता के कई फायदे है।.....
>
> **मनोज यादव**
> **अधीक्षक अभियंता**

# तेवड़ा से लापता युवक का शव नहर से हुआ बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** गांव तेवड़ा निवासी युवक इमरान सोमवार को लापता हो गया था। परिजनों द्वारा युवक की तलाश जारी थी। मंगलवार को निकटवर्ती गांव कमहेड़ा स्थित नहर किनारे युवक की चप्पल पड़ी मिली। जिसके बाद नहर को बंद कराकर ग्रामीण युवक की तलाश मे जुट गये।कड़ी मशक्कत के बाद युवक शव नहर से बरामद हुआ। परिजनों ने कानूनी कार्रवाई से इंकार कर देर शाम मृतक को सुपुर्दे खाक कर दिया।

ककरौली थाना क्षेत्र के गांव तेवडा निवासी इरफ़ान कुरैशी का 24 वर्षीय पुत्र इमरान सोमवार को अचानक लापता हो गया था। परिजनों द्वारा सोशल मीडिया पर युवक का फोटो वायरल कर उसके गुमशुदा होने की जानकारी प्रसारित की गयी।मंगलवार सुबह निकटवर्ती गांव कमहेड़ा के ग्रामीणों ने वहां स्थित नहर किनारे चप्पल और कपड़े पड़े हुए देखे। यह खबर इमरान के परिजनों को मिली जिसके बाद जौली रेग्युलेटर से नहर को बंद करा कर इमरान की तलाश मे ग्रामीण जुट गये।कमहेड़ा--ढांसरी गांव के बीच इमरान का शव बरामद हो गया। इमरान की मौत से शोक की लहर दौड़ गयी। परिजनों के अनुसार इमरान की दिमागी हालत ठीक नहीं थी वह मानसिक तनाव मे था। इमरान की मौत को हादसा मानते हुए परिजनों ने बिना किसी कार्रवाई के देर शाम सुपुर्दे खाक कर दिया। पिता इरफ़ान माता कुरैशा भाई फुरकान सहित चार बहनो का रोरोकर बुरा हाल है।

## बुलेट-स्कूटी की भिड़ंत में ग्रामीण घायल

**बुढ़ाना।** बुलेट और स्कूटी की जोरदार भिडंत में स्कूटी सवार गंभीर रुप से घायल हो गया। स्कूटी भी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गयी। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के कुतुबपुर दताना गांव निवासी कुलदीप पुत्र सुरेश कुमार आज मंगलवार के दिन अपने घर से स्कूटी पर सवार होकर किसी काम के लिए बुढ़ाना आ रहा था जबकि कुलदीप के गांव कुतुबपुर दताना का ही राकेश कुमार का लडका अपने काम को निपटाकर बुलेट पर सवार होकर बुढ़ाना कस्बे से अपने गांव कुतुबपुर दताना जा रहा था। जब दोनों बुढ़ाना कस्बे के चंधेडी रोड पर आए तो मसीही पब्लिक स्कूल के समीप ही तेज रफ्तार बुलेट ने स्कूटी में जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें कुलदीप गंभीर रुप से घायल हो गया और उसकी स्कूटी भी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गयी। आते जाते लोगों ने घायल कुलदीप को कस्बे के एक निजी हस्पताल में भतह्र कराया और इसकी सूचना कुलदीप के परिजनों को दी। घटना की सूचना बुढ़ाना पुलिस को भी मिल गयी थी। बताया जाता है कि कुलदीप के कुल्हे की हड्डी टूट गयी और उसकी हालत भी गंभीर है। समाचार लिखे जाने तक कुलदीप की हालत गंभीर बनी हुई थी और इस मामले में पुलिस को कोई तहरीर घायल के परिजनों की तरफ से नहीं मिली थी।

# सैंकड़ों श्रद्धालुओं ने भावुक होकर सुनी कथा



**बुढ़ाना।** आचार्य ने कहा कि अत्यन्त भावुकता की स्थिति में भी मानव को स्वधर्म का परिपालन करना चाहिए। सारी अयोध्या रो रही है पूज्य पिता पुत्र वियोग में मरणासन्न हैं। माताओं की आंखों से अविरल अश्रु प्रवाहित हो रहा है। आजीवन पितृतुल्य अभिभावक मन्त्री सुमन्त्र विश्वल हैं। सतत अनुरोध कर रहे हैं कि आप अयोध्या लौट चलें। किन्तु भगवान् श्रीराम पिता जी के द्वारा माता कैकेयी को प्रदत्त वचनों की सत्यता को प्रमाणित करने के हेतु अतिशय निर्दय होकर वन की ओर प्रस्थान कर रहे हैं। कितना अननुकरणीय एवं अगम्य आदर्श है, प्रायरू यह देखा जाता है कि धनी या वैभव संपन्न व्यक्ति के प्रति हमारी आसक्ति अधिक होती है। अपेक्षाकृत निर्धन या निर्बल या विपन्न के। भगवान राम जी ने वनवासी कोल-भील आदि से सद्व्यवहार करके सत्प्रेरणा दी। हमें सभी के साथ समान व्यवहार करना चाहिए। मोह या ममता के कारण भी व्यवहार में विषमता आती है। समतापूर्ण व्यवहार द्वारा इस दुर्गुण को दूर करना चाहिए। इस मौके पर आदित्य संगल, राकेश दास जी महाराज, लाला निरंजन स्वरूप सिंघल, महेंद्र सिंह व दयाचंद का विशेष सहयोग रहा।

# पत्रकारिता से ही मजबूत होगा देश का लोकतंत्र: डा. अशोक कुमार

**मुजफ्फरनगर।** माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनुपर द्वारा श्रीराम कॉलेज के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के स्नातक पाठ्क्रम बीएजेएमसी चतुर्थ सेमेस्टर का रिजल्ट घोषित किया गया। माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय द्वारा घोषित परीक्षा फल में बीएजेएमसी चौथे सेमेस्टर की छात्रा प्राची त्यागी ने 82.2 प्रतिशत अंको के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया वही सिद्धार्थ कुंवर ने 81.2 प्रतिशत अंको के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया जबकि 79.2 प्रतिशत अंको के साथ राधिका कश्यप ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली प्राची त्यागी ने अपनी सफलता का श्रेय विभाग के प्रवक्ताओं, माता-पिता कॉलेज एवं विभाग द्वारा प्रदान किये गये शैक्षिक वातावरण एवं मार्गदर्शन को देते हुए बताया कि विभाग के प्रवक्ताओं द्वारा दी जाने वाली मूल्यवान शिक्षा द्वारा उन्हें पत्रकारिता एवं जनसंचार के क्षेत्र में देश और समाज के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारियां मिलती है। जिससे उनके ज्ञान में निरन्तर वृद्धि होती है। इस अवसर पर श्रीराम कॉलेज के निदेशक डा0 अशोक कुमार ने सभी विद्यार्थियों की प्रसंशा करते हुए उन्हें भविष्य के लिए बधाई देते हुए कहा कि यह विद्यार्थियों की मेहनत व लगन का परिणाम है जिससे विद्यार्थियो ने उच्च स्थान प्राप्त किया। श्रीराम कॉलेज की प्राचार्या डा0 प्रेरणा मित्तल ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पत्रकारिता लोकतंत्र का चौथा स्तम्भ है अतः विद्यार्थियो को इस क्षेत्र में सशक्त बनने के लिए गम्भीरता से ज्ञान अर्जित करना चाहिए।

इस अवसर पर पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के विभागाध्यक्ष ओमप्रकाश कुशवाहा ने विद्यार्थियों की सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुये उनके उज्जवल भविष्य की कामना की । इस अवसर पर उन्होंने कहा कि वर्तमान दौर मीडिया का दौर है। मीडिया के क्षेत्र में नित नई तकनीक विकसित होने से यह क्षेत्र विद्यार्थियों के लिये असीम सम्भावनाओं का क्षेत्र बनकर उभरा है। जिसकारण से इस क्षेत्र में अपना भविष्य बनाने के लिये विद्यार्थियो में होड़ बढ़ रही है जिसके फलस्वरूप बीएजेएमसी एवं एमएजेएमसी जैसे पाठयक्रमों की मांग बढ रही है। उन्होंने कहा कि वर्तमान प्रतिस्पर्द्धा के दौर में बीएजेएमसी एक मात्र ऐसा व्यवसायिक पाठयक्रम है जिसके माध्यम से विद्यार्थी को सिविल सविर्सेज एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने में मदद मिलती है वहीं विभिन्न व्यवसायिक क्षेत्रों में करियर बनाने के लिये स्किलस विकसित होते है। उन्होंने कहा कि इस पाठयक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों के पास समाज एवं देश-विदेश में घटने वाली घटनाओं के संबंध में जानकारी विकसित होती है साथ ही भाषा पर अच्छी पकड़ एवं प्रभावशाली लेखन शैली में निखार आता है। उन्होंने बताया कि पत्रकारिता एवं जन संचार में पढाये जाने वाले विषय सिविल सर्विसेज की तैयारी करने में छात्रों के लिये बेहद सहायक है। इस अवसर पर विभाग की प्रवक्ता कहकशा मिर्ज़ा, मयंक वर्मा, शिवानी बर्मन ने हर्ष व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की और उन्हें शुभकामनाएं दी।

# कोआपरेटव बैंक्स स्टाफ एसोसिएशन के राज्य स्तरीय अधिवेशन का समापन

मुजफ्फरनगर। जनपद से अशोक कुमार शर्मा संरक्षक व यशवीर सिंह सहायक महामंत्री चुने गये

जिला सहकारी बैंक कर्मचारियों के सबसे बडे संगठन हकोआपरेटव बैंक्स स्टाफ एसोसिएशनह, उ0प्र0 दो दिवसीय प्रान्तीय अधिवेशन नई कार्यकारिणी के गठन के साथ कल समाप्त हो गया। अधिवेशन के संयोजक श्री यशवीर सिंह ने बताया कि 4 राज्यो वरिष्ठ पदाधिकारियो तथा उत्तर प्रदेश 30 जिला सहकारी बैंको के प्रतिनिधियों द्वारा भाग लिया गया।

दो दिनो तक सहकारी बैंकों तथा उनम कार्यरत कर्मचारियों से जुडे विभिन्न मुद्दो पर गहन मंथन किया गया। कल दूसरे दिन डेलीगेट सेशन रखा गया जिसमे अलग अलग जिलो के प्रतिनिधियों ने खुलकर अपने विचार रखे। सहकारी बैंको मे रिक्त पदो पर भतह्र, जिला स्तरीय बैंको का मर्जर, तथा सभी बैंको मे समान वेतनमान व रिटायरमेन्ट पर पेन्शन की सुविधा की मांग प्रमुखता से उठाई गई। अधिवेशन मे महत्वपूर्ण वैश्विक एवं राष्ट्रीय घटनाचक्र, आर्थिक परिख्रश्य, बैंकिंग उधोग की समस्याओ तथा सहकारिता और सहकारी बैकिंग गतिविधियों मे महसूस की जा रही उथल पुथल पर गम्भीर चर्चा की गई। प्रदेश के जिला सहकारी बैंको के कामकाज मे पनप रहे विभागीय हस्तक्षेप, भ्रष्टाचार तथा भाई भतीजावाद की राजनीति पर चिन्ता व्यक्त की गई। वक्ताओ ने भारत सरकार पर पूंजीपतियों को लाभ पहुचाने के लिए 44 वर्तमान अधिनियमो को 4 नई श्रम संहिताओ मे बदलने के निर्णय का गलत बताया। दो दिन की चर्चा के बाद जिला सहकारी बैंको मे मानव संसाधन की कमी को दूर करने के लिए नई भतह्र करने, आउटसोर्सिंग पर रोक लगाने, अस्थायी कर्मचारियो को स्थायी करने, प्रदेश के जिला सहकारी बैंका के कर्मचारियों का समान वेतनमान, वर्ष 2012 मे 2017 के बीच भतह्र कर्मचारियो के सेवा लाभ को बहाल करने, वर्ग-1 के कर्मचारियो के समयमान वेतनमान की बहाली करने, सहकारी समिति अधिनियम 1965 व नियमावली 1968, उ0प्र0 सहकारी कर्मचारी सेवा नियमावली 1975 तथा अन्य सहकारी पुराने अव्यवहारिक हो चुक कानूनो का समाप्त कर नये कानून बनाने, एक जिला सहकारी बैंक से दूसरे जिला सहकारी बैंक मे कर्मचारियों के आमेलन, कर्मचारियो की प्रोविडेन्ट फण्ड की धनराशि म्न्थ्व् कार्यालय को भेजने तथा कर्मचिरयो को अनुग्रह पेन्शन दिये जाने के सम्बन्ध मे प्रस्ताव पारित किये गये।




अधिवेशन के दूसरे दिन के अन्तिम सत्र मे प्रदेश स्तरीय कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से गठन किया गया। कार्यकारिणी मे विभिन्न जिलो के प्रतिनिधियो को स्थान दिया गया जिसमे मुजफ्फरनगर से अशोक कुमार शर्मा को संरक्षक, फतेहपुर के बिजेन्द्र स्वरूप सिंह, अध्यक्ष, सीतापुर के ए.एन.सिंह महामंत्री, मेरठ के महिपाल शर्मा मुरादाबाद के अजयपाल यादव तथा बिजनौर के सतेन्द्र शर्मा को उपमंत्री, तथा मुजफ्फनगर से यशवीर सिंह को संयुक्त महामंत्री चुना गया। कार्यकारिणी के अन्य पदो पर केन्द्रीय कार्यालय द्वारा नाम प्रस्तावित किये गये जिसे सर्वसम्मति से स्वीकार किया गया। गठित कार्यकारिणी अगले 3 वर्षो के लिए चुनी गई।

# पुरक़ाज़ी में चेयरमैन ज़हीर फ़ारूक़ी का हुआ भव्य स्वागत

**पुरक़ाज़ी।** नगर पंचायत चेयरमैन ज़हीर फ़ारूक़ी के श्रीलंका से वापसी पर नगर में उत्साह और खुशी का माहौल देखने को मिला। विदेश यात्रा से लौटते ही पुरक़ाज़ी के व्यापारी वर्ग, समाजसेवी और ज़िम्मेदार साथियों ने बड़ी गर्मजोशी से उनके आवास पहुँचकर उनका स्वागत व अभिनंदन किया।

लोगों ने कहा कि श्रीलंका की धरती पर ज़हीर फ़ारूक़ी ने पुरक़ाज़ी का नाम रोशन किया है और वहाँ के कार्यक्रमों में अपनी उपस्थिति से क़स्बे का गौरव बढ़ाया है।

इस मौक़े पर चेयरमैन ज़हीर फ़ारूक़ी को फूल-मालाओं से लादकर सम्मानित किया गया और ढेरों शुभकामनाएँ दी गईं।



चेयरमैन ज़हीर फ़ारूक़ी ने सभी शुभचिंतकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पुरक़ाज़ी की सेवा करना और क़स्बे का नाम ऊँचा करना उनका हमेशा से उद्देश्य रहा है। उन्होंने ब्विास दिलाया कि आने वाले समय में भी वह पूरी निष्ठा के साथ नगर के विकास और खुशहाली के लिए कार्य करते रहेंगे। इस मौके पर आजाद फरीदी हाफिज मोहसिन मनीष गोयल मोहम्मद सलमान इरशाद नेताजी शाह आलम गॉड साद्दु गॉड मोहम्मद कामिल लवी अग्रवाल आदि मौजूद है

# जीआईसी में आयुर्वेद जागरूकता शिविर लगाया



**मुजफ्फरनगर।** क्षेत्रीय आयुर्वेदिक डॉक्टर इसमपाल के दिशा निर्देशों के अनुसार राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय पटेल नगर की प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर रिम्पल चौधरी के मार्गदर्शन में पीएम राजकीय इंटर कॉलेज में आयुर्वेद के प्रचार प्रचार हेतु एक विशाल शिविर का आयोजन किया गया।

इसमें योग प्रशिक्षक रवि कुमार के द्वारा उपस्थित छात्र-छात्राओं को योगाभ्यास व प्राणायाम कराया गया। डॉक्टर रिम्पल चौधरी ने उपस्थित छात्र-छात्राओं को स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित किया तथा संतुलित आहार विहार, नियमित दिनचर्या दैनिक जीवन में योग के महत्व के विषय में में विस्तृत जानकारी थी। शिविर में लाभार्थी छात्र-छात्राओं की संख्या 570 रही।

# श्रीमद्भागवत कथा का तीसरा दिन भक्तिमय वातावरण में सम्पन्न

**खतौली।** मुबारिकपुर तिगाई की पावन धरा पर चल रही श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन का आयोजन मंगलवार को श्रद्धा और भक्ति से परिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। कथा स्थल पर आसपास के गांवों से हजारों श्रद्धालु उपस्थित होकर भगवान की अमृतमयी लीलाओं का श्रवण कर रहे हैं। कथा व्यास आचार्य श्री कुलदीप कृष्ण जी महाराज ने आज भगवान वामन अवतार और भगवान शिव-पार्वती विवाह जैसे दो दिव्य और प्रेरणादायक प्रसंगों का विस्तार से वर्णन किया। आचार्य श्री ने बताया कि जब-जब असुरों का अत्याचार और अहंकार बढ़ता है, तब भगवान स्वयं अवतरित होकर धर्म की रक्षा करते हैं। असुरराज बलि द्वारा तीनों लोकों पर अधिकार कर लेने पर देवता असहाय हो गए थे। तब भगवान ने बटुक ब्राह्मण का रूप लेकर वामन अवतार धारण किया। कथा में विस्तार से बताया गया कि वामन देव ने तीन पग भूमि का दान माँगा और फिर विराट रूप धारण कर एक पग में आकाश, दूसरे पग में पृथ्वी और तीसरे पग में बलि का अहंकार समेट लिया। अंततः बलि ने अपना सिर समर्पित कर दिया और भगवान की शरण ग्रहण की। इस प्रसंग के दौरान हजय वामन देवह के जयघोष से पूरा पंडाल गुंजायमान हो उठा। इसके बाद महाराज श्री ने भगवान शिव और माता पार्वती के दिव्य विवाह का मार्मिक वर्णन किया। उन्होंने बताया कि हिमालय कन्या पार्वती ने कठोर तपस्या कर महादेव को प्रसन्न किया और विवाह का सौभाग्य प्राप्त किया। शिव-बारात की अलौकिक छटा, गणों और भूत-प्रेतों का स्वरूप, और माता पार्वती के मंगल गीतों का वर्णन सुन श्रद्धालु आनंद से झूम उठे। पूरे वातावरण में हहर हर महादेव और हबोलो शंकर भगवान की जय के जयघोष गूँजते रहे। तीसरे दिन की कथा का प्रत्येक क्षण श्रद्धालुओं के लिए भक्ति, आनंद और आत्मिक अनुभूति से भरपूर रहा। श्रद्धालु इस अनुभव को दिव्य मानते हुए कथा का श्रवण कर भाव-विभोर हो उठे। आयोजन में गांव और आसपास के अनेक श्रद्धालु शामिल हुए, जिनमें उमेश पाल, राजपाल सिंह, प्रदीप कुमार, नारायण चौधरी, विपिन कुमार, इलम सिंह, स्वराज सिंह, नरेश पवार, विनय कुमार, प्रेमवती, शिमला देवी, सुरेश देवी, निर्मला देवी, अर्चना देवी सहित अनेक भक्तजन मौजूद रहे। मुबारिकपुर तिगाई में चल रही



श्रीमद्भागवत कथा श्रद्धा, सेवा और धार्मिक चेतना का सुंदर आयोजन बनकर हर दिन भक्तों में नई ऊर्जा भर रही है।

# आईआईए चैप्टर ने मनाया 40वाँ स्थापना दिवस

**मुज़फ्फरनगर।** इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के सदस्य आज आईआईए कार्यालय, प्रकाश चौक पर एकत्र हुए और हर्षोल्लास के साथ संगठन का 40वाँ स्थापना दिवस मनाया। इस अवसर पर सभी पदाधिकारीगण ने मिलकर केक काटा और खुशियाँ साझा कीं।

गौरतलब है कि आईआईए एक प्रतिष्ठित औद्योगिक संगठन है, जिसकी स्थापना 13 सितम्बर 1985 को की गई थी। स्थापना के बाद से संगठन ने उद्योग जगत, विशेषकर लघु, छोटे एवं मध्यम उद्योगों (एमएसएसइ) के उत्थान और प्रगति के लिए निरंतर कार्य किया है। आईआईए ने उद्यमियों की समस्याओं को सरकार तक प्रभावी ढंग से पहुँचाकर उनके समाधान में अग्रणी भूमिका निभाई है। इसके साथ ही संगठन ने विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों, कार्यशालाओं एवं सेमिनारों के माध्यम से उद्योगों को नवीनतम तकनीक और नीतिगत जानकारी उपलब्ध कराई है। संगठन आने वाले समय में उद्योगों के डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन और टेक्नोलॉजी अपग्रेडेशन की दिशा में विशेष कार्य करने की योजना बना रहा है। चेयरमैन अमित जैन ने कहा कि हआईआईए का 40 वर्षों का यह सफर पूरे उद्योग जगत के लिए प्रेरणादायक है और हमारा उद्देश्य आने वाले समय में डैडम्को नई ऊँचाइयों पर पहुँचाना है। डिवीजनल सेक्रेटरी पवन कुमार गोयल ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि यह संगठन उद्योगों की आवाज़ है और बीते चार दशकों में जिस प्रकार इसने उद्यमियों की समस्याओं को सरकार तक पहुँचाया है, वह सराहनीय है। चैप्टर सचिव राहुल मित्तल ने कहा कि हसंगठन ने हमेशा डैडम् को सशक्त बनाने का कार्य किया है। भविष्य में तकनीकी विकास और डिजिटलाइजेशन में भी आईआईए अहम भूमिका निभाएगा। आईवाईसी युवा विंग कैप्टन अनमोल अग्रवाल ने कहा कि हसंगठन ने युवाओं को जोड़कर एक मंच पर लाने का सराहनीय कार्य किया है ओर कहा की आईआईए केवल एक संगठन नहीं, बल्कि उद्योग जगत के लिए परिवार की तरह है। यह आगे भी उद्योगों की प्रगति में योगदान देता रहेगा।

स्पेशल सेक्रेटरी अमन गुप्ता ने कहा कि आईआईए ने उद्योगों को जोड़ने और उन्हें दिशा देने का कार्य किया है। आने वाले समय में यह संगठन और भी प्रभावी भूमिका निभाएगा। इस अवसर पर चेयरमैन अमित जैन, डिवीजनल सेक्रेटरी पवन कुमार गोयल, पूर्व चेयरमैन विपुल भटनागर, नीरज केडिया, मनोज अरोरा, चैप्टर सचिव राहुल मित्तल, स्पेशल



सेक्रेटरी अमन गुप्ता, आईवाईसी युवा विंग कैप्टन अनमोल अग्रवाल, जॉइंट सेक्रेटरी समर्थ जैन, राज शाह, जॉइंट पीआरओ प्रेरक जैन, नमन जैन, प्राचीर अरोरा, कार्तिक जलौत्रा, वंश कपूर सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने संगठन की चार दशक की गौरवशाली यात्रा को याद करते हुए इसे और सशक्त बनाने का आह्वान किया।

# जान जोखिम में डालकर स्कूली छात्र कर रहे मौत का सफर

**चरथावल।** प्रदेश की योगी सरकार भले ही प्रदेश भर के जनपदों में सड़क हादसों की रोकथाम के लिए जहाँ यात्रियों को सचेत करने के लिए अलग अलग योजनाएं चला रहीं हो जैसे सड़क सुरक्षा सप्ताह, सड़क जागरूकता माह नो हेलमेट नो फयुल आदि योजनाएँ चलाकर जहाँ यात्रियों को जागरूक कर रही हे वही क्षेत्र मे जहाँ अब भी स्कूली छात्र अपनी जान को जोखिम मे डालकर खडे होकर यात्रा करते नजर आते हे ऐसा नही की यहां जिलाधिकारी/ एसएसपी सड़क हादसों के प्रति गम्भीर नही आलाधिकारी तो गम्भीर है लेकिन अधिनिस्थ उनके आदेशो को ठेंगा दिखा रहे है तभी तो थाना और चौकियों के सामने ही स्कूली छात्र पिकअप में सवार होकर मौत का सफर तय करते दिखाई देते नजर आते हे कहने को हर जगह हर थाना क्षेत्र में यूपी 112 डायल भी मौजूद रहती है लेकिन किसी मे भी इन पिकअप गाड़ियों जिनमे की पढ़ने वाले बच्चे मौत के मुंह मे खडे होकर सफर करते नजर आते हे उन्हें रोकने की कोई भी क्षेत्रीय अधिकारी जहमत नहीं उठाते हेस सोशल मीडिया पर अनेको तस्वीर मे आप देख सकते हे कि किस तरह एक पिकअप में स्कूली छात्र चरथावल से थाना भवन मार्ग पर तेज रफ्तार के साथ पिकअप में सवार होकर मौत को दावत देते नजर आ रहे हैं।यह नजारा थाना चरथावल का चरथावल थाना भवन मार्ग का है जिसमें एक पिकअप गाड़ी में सवार आधा दर्जन से अधिक स्कूली छात्र पिकअप में मौत का सफर तय करते दिखाई दे रहे हैं गौर लापरवाही का नजारे का उदाहरण तो देखिए चरथावल थाने से लेकर थाना भवन तक कई चोकी और पीआरवी भी रास्ते में पड़ती है लेकिन किसी ने भी इस तेज रफ़्तार पिकअप सवार को रोकने टोकने की जहमत ही नहीं समझी और यह पिकअप खुलेआम दौड़ती नजर आयी अब क्या स्थानीय पुलिस से लेकर जिला पुलिस कप्तान ,ट्रैफिक पुलिस ,और परिवहन विभाग ऐसे वाहनों पर क्या कानूनी कार्यवाही करेंगे यह तो समय ही बताएगा लेकिन यह बात सच हे की यह खुलेआम हादसों को दावत दे रहे है।



# सपा संगठन मिशन में रहेगी युवाओं की अहम भूमिका : राजा

**बुढ़ाना।** विधानसभा बुढ़ाना क्षेत्र में रात दिन समाजवादी पार्टी को और भी अत्यधिक मजबूत करने वाले समाजवादी पार्टी शिक्षक सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष सतेंद्र पाल ने गत दिनों यूपी की राजधानी लखनऊ में अपने समर्थकों संग पहुंचकर समाजवादी पार्टी मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष अनीस राजा के निवास स्थान पर अनीस राजा से एक लम्बी मुलाकात की और उनको अपने कर कमलों के द्वारा समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का फेम में जड़ा हुआ रंगीन चित्र दिया ओर बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र में समाजवादी पार्टी संगठन के बारे में गहन विचार विमर्श किया। जिस पर अनीस राजा ने जोशीले अंदाज मे कहा कि पीडीए की बढती ताकत से पूरे उत्तर प्रदेश में जितनी भी विधानसभाए हैं उन सभी विधानसभाओं में एक एक वोटर अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने का काम करेगा। जिसमें संगठन व सरकार में युवाओं की अहम भूमिका होगी एवं रोजगार के मौके सब युवाओं को मिलेंगे। इस दौरान यहां पर मुख्य रुप से समाजवादी पार्टी पिछड़ा वर्ग के उपाध्यक्ष रविन्द्र प्रधान जोगी, सत्येंद्र पाल के पीआरओ साहिब अंसारी, मौहम्मद फरहद व फकरुदीन सलमानी इत्यादि सपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।


## क्लासीफाइड Classified

### सूचना

जन्म प्रमाण पत्र में मेरी पुत्री का नाम त्रुटिवश AQSA ZAINAB BATOOL दर्ज हो गया है जो कि गलत है। उसका सही नाम AQSABATOOL है।
मौ. शफी पुत्र शब्बर अली निवासी हाउस नं. 96/79, दक्षिणी कृष्णापुरी, मुजफ्फरनगर।

### सूचना

मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र B-2018: 9-55221-001646 11- 12- 2018 में उस समय नाम दर्ज नही हो पाया था। मेरे पुत्र का नाम फरहान खान, जन्म तिथि 27.11.2018 व माता का नाम सलमा है। भविष्य में इसी नाम से जाना जाये।
**अजमत अली पुत्र मौ.खलील**
**ग्राम बेलडा,**
**जिला-मुजफ्फरनगर**

### Name Change

**I, PRAMOD KUMAR S/O LATE VISHVAMBHAR SINGH R/O. 529-A, LANE No. 2, NORTH CIVIL LINE, P/S CIVIL LINE, DISTT. MUZAFFARNAGAR (U.P) Have changed my name to PRAMOD KUMAR TYAGI S/O LATE BISHAMBER SINGH.**

### सम्बन्ध विच्छेद

मैं यासीन पुत्र अब्दुल हमीद निवासी ग्राम कल्याणपुर परगना शिकारपुर तहसील बुढ़ाना थाना रतनपुरी जिला मु.नगर का निवासी हूं। मेरा 19 वर्षीय पुत्र आसिफ जाति मुस्लिम जोगी मेरे व मेरे परिवार के कहने में नही है। जो आवारा है। गलत संगत में बैठता है। मैंने अपने पुत्र को काफी समझाया किंतु मेरा पुत्र अपनी हरकतों से बाज नही आ रहा। आज दिनांक 09-09-2025 को मैंने अपने पुत्र आसिफ को अपने परिवार व अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। आज के बाद से आसिफ का मेरे व मेरे परिवार से कोई संबंध नहीं होगा। आसिफ अपने द्वारा किए गये किसी भी अच्छे बुरे कार्यों का खुद जिम्मेदार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

### सम्बन्ध विच्छेद सूचना

मेरा पुत्र सरफराज व उसकी पत्नी फरीन मेरे कहने सुनने से बाहर है इन्होंने 7 साल पहले मेरी मर्जी के खिलाफ भागकर प्रेम विवाह किया था मैंने उक्त दोनों को अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर इनसे संबंध विच्छेद कर लिए हैं अब मेरा और मेरे परिवार का इन लोगों से कोई मतलब वास्ता किसी प्रकार का नहीं रहा है। यह अपने किसी भी कार्य और लेन देन के लिए स्वयं जिम्मेदार होंगे।
**मो० सलीम पुत्र महबूब साबिर**
**निवासी- म. न. 1882/45**
**लद्दावाला उत्तरी**
**शहाबुद्दीनपुर रोड,**
**मुजफ्फरनगर**

### सम्बन्ध विच्छेद सूचना

मेरा पुत्र अर्जुन व उसकी पत्नी श्रीमती मौसम मेरे व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों के कहने सुनने से बाहर हैं। गलत संगत में पड़ गए हैं इसलिए मैने इन दोनों से सम्बन्ध विच्छेद कर इन्हें अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य व लेनदेन की मेरी व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों की कोई जिम्मेदारी किसी प्रकार की नहीं होगी। ये अपने कृत्य व लेनदेन के स्वयं जिम्मेदार होंगे।
**श्रीमती हरबीरी पत्नी श्री प्रसादा**
**निवासी- ग्राम बीबीपुर,**
**थाना नई मण्डी**
**जिला मुजफ्फरनगर**

### सूचना

मेरा भारतीय स्टेट बैंक खतौली मुजफ्फरनगर में बचत खाता संख्या 35164662628 में मेरा नाम सुरेन्द्र कुमार है, मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम सुरेन्द्र कुमार तोमर है। सुरेन्द्र कुमार व सुरेन्द्र कुमार तोमर दोनो नाम एक ही व्यक्ति यानि मेरे नाम है। उपरोक्त नाम का अन्य कोई व्यक्ति नही है।
**सुरेन्द्र कुमार उर्फ सुरेन्द्र कुमार तोमर पुत्र श्री हर ज्ञान चन्द**
**निवासी म.न.-623,**
**गीतापुरी रोड, खतौली**
**जिला-मुजफ्फरनगर**

### आवश्यकता

डी०ए०वी० कॉलेज, मुजफ्फरनगर में सहायक लेखाकार के स्थायी रिक्त पद के लिये ऑफ लाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है

सहायक लेखाकार 01 पद (अनारक्षित) वेतनमान 5200-20200, ग्रेड पे रु. 2800/-(Pre & Revised) लेवल 05 (रिवाइज्ड)। शैक्षणिक अर्हता वाणिज्य में स्नातक उतीर्ण के साथ (DOEACC) सोसायटी परिवर्तित नाम नाइलेट द्वारा प्रदत्त सी.सी. सी./ शासन द्वारा निर्धारित अथवा समकक्ष प्रमाणपत्र एवं कंप्यूटर पर टैली का ज्ञान के अनुभवी को वरीयता।

आयु सीमा विश्वविद्यालय/ शासन के नियमानुसार तथा आरक्षित वर्ग को आयु सीमा में नियमानुसार छूट प्रदान की जाएगी, इच्छुक अभ्यर्थी स्वहस्तलिखित अथवा टंकित आवेदन पत्र फोटो सहित पूर्ण विवरण एवं अपने समस्त शैक्षिक प्रमाण पत्रों की स्वहस्ताक्षरित छायाप्रति के साथ दो प्रतियों में प्राचार्य, डी०ए०वी० कॉलेज, मुजफ्फरनगर में देय डिमांड ड्रॉफ्ट रु० 500/- शुल्क एवं हार्डकॉपी के साथ प्राचार्य, डी०ए०वी० कॉलेज, मुजफ्फरनगर को केवल पंजीकृत डाक / स्पीड पोस्ट द्वारा दिनांक 10.10. 2025 तक प्रत्येक दशा में प्राप्त हो जाने चाहिए। इसके बाद प्राप्त आवेदन-पत्रो पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। साक्षात्कार दिनांक 25.10 2025 दिन शनिवार प्रातः 10:00 बजे से महाविद्यालय परिसर में संपन्न होगा। यात्रा या अन्य कोई भत्ता देय नहीं होगा।

सचिव, प्रबंध समिति — प्राचार्य

## स्वास्थ्य विभाग कुम्भकर्णी नींद से जागा.........

# बुखार से 2 मौतें होने के बाद टीम ने किया सर्वे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** दैनिक शाह टाइम्स में छपी खबर का 36 घंटे बाद ही असर हो गया। यहां के स्थानीय स्वास्थ्य विभाग को अपने उच्चाधिकारियों की फटकार पड़ते ही कुम्भकर्णी नींद से जागना पड़ा और उन्होंने गांव जौला की और दौड़ लगा दी।

मिली जानकारी के अनुसार मुजफ्फरनगर जनपद के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डाक्टर सुनील तेवतिया के दिशा निर्देशों के अनुसार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बुढ़ाना के प्रभारी चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर प्रणव तेवतिया के नेतृत्व में जिला मलेरिया अधिकारी की एक टीम ने ब्लॉक बुढाना क्षेत्र के गांव जोला में कीट विज्ञान सर्वेक्षण किया। जिला वेक्टर जनित रोग परामर्शदाता व मलेरिया निरीक्षक ने गाँव जौला का दौरा किया और डेंगू, मलेरिया व अन्य वेक्टर जनित बीमारियों को रोकने के लिए एंटी लार्वा छिड़काव और स्वास्थ्य शिक्षा प्रदान की। उसी समय हाल ही में दुर्घटनावश हुई मौत के कारणों का पता लगाने का प्रयास किया गया। जिसका टीम ने गंभीरता से संज्ञान लिया और पूरी स्थिति को समझाया। इसके अलावा यहां पर काफी ग्रामीणों ने गांव जौला में मौजूदा स्थितियों और वेक्टर जनित बीमारियों की स्थिति के बारे में साम. ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बुढाना के चिकित्सा प्रभारी अधिकारी डाक्टर प्रणवध तेवतिया को पूरी जानकारी दी तो उन्होंने भी ग्रामीणों से आग्रह किया गया कि वे सब अपने अपने घरों में और उसके आसपास गंदा या साफ पानी बिल्कुल भी जमा ना होने दें और मच्छरों से बचने के लिए आवश्यक



सावधानियों को बरतें। स्वास्थ्य विभाग की इस टीम को अपने बीच देखकर ग्रामीणों का गुस्सा काफुर हो गया क्योंकि बीते 04 दिन में बुखार से हुई 02 मोतों के चलते ग्रामीणों में स्वास्थ्य विभाग के प्रति गहरा रोष था। उल्लेखनीय है कि रहस्यमय बुखार से विगत दिवस गांव जौला की महिला बेगम और किशोर शाकिर अहमद की मौत हो गयी थी।

## ग्रामीणों को छका रहा है पागल कुत्ता, भय बना

**बुढ़ाना।** एक पागल कुत्ते ने आज मंगलवार को पूरे दिन बुढ़ाना ब्लाक क्षेत्र के गांव जौला के सैंकड़ों ग्रामीणों को खूब परेशान किया। ग्रामीणों ने बताया कि इस कुत्ते की हालत पागलों जैसी हो रही है। यह पागल कुत्ता कभी किसी के पीछे तो कभी किसी के पीछे भाग रहा है। ग्रामीणों ने ग्राम के सचिव को भी इस संबंध में बताया भी लेकिन कोई भी अधिकारी या कर्मचारी मौके पर नहीं पहुंचा। ग्रामीण एक दूसरे से यही मान मनौव्वल करते रहे कि वे किसी संबंधित अधिकारियों को बुलवाकर इस पागल कुत्ते को पकड़ने का काम करे लेकिन कोई भी फायदा नहीं हुआ। यह पागल कुत्ता काफी देर तक डीलर मुबारक अली के घर के आसपास मंडराता रहा कि कोई शिकार मिले मगर किसी भी ग्रामीण ने इस कुत्ते को लाठी डंडों के सहारे अपने पास रख फटकने नहीं दिया। किसी भी अनहोनी की आशंका व्यक्त करते हुए खेल रहे काफी बच्चों को भी घरों में ग्रामीणों द्वारा भेज दिया गया और दिन में ही इस पागल कुत्ते के लिए पहरा सा देना शुरू कर दिया।

# महिला थाने पर पीड़ित परिवार ने लगाए गंभीर आरोप

**मुजफ्फरनगर।** महिला थाना एक बार फिर उस वक्त चर्चाओं में आ गया, जब दहेज उत्पीडन का शिकार महिला के साथ पहुंचे मनीष चौधरी ने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाये। आरोप था कि पीड़िता व उसके परिवार पर थाने में फैसला करने के लिए दबाव बनाया जाता है। काफी देर यहां गहमागहमी का माहौल रहा। महिला थाना इंचार्ज के आश्वासन के बाद मामला शांत हुआ।

मंगलवार को महिला थाने में उस वक्त अफरा-तफरी मच गई, जब दहेज उत्पीड़न की शिकार विवाहिता व उसके पिता सुरेन्द्र मंगल ने अपनी बेटी दीक्षा मंगल के उत्पीडन की शिकायत महिला थाने में की। आरोप था कि महिला थाने में उस पर जबरन ही फैसले का दबाव बनाया गया। इस दौरान समा. जसेवी मनीष चौधरी भी पीड़ित



परिवार के साथ महिला थाने में मौजूद थे। पीडिता की शादी जनपद सहारनपुर में प्रेम कुमार के साथ जून माह में हुई थी। जहां महिला ने थाने में मारपीट व अन्य गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस को बताया था कि शादी में 30 लाख खर्च किये गये थे लेकिन अभी भी उससे लाखों की मांग की जा रही है। आरोप है कि थाने में महिला पर जबरदस्त दबाव बनाया गया इसी को लेकर यहां विवाद हो गया और पीडित परिवार ने मनीष चौधरी ने एसएसपी से शिकायत करने की बात कही। पीडिता ने थाने में साफ कहा कि वह उत्पीडन से परेशान हो चुकी है इसलिए वह ससुराल नही जाना चाहती।

# एसडी कॉलेज में विश्व ओजोन दिवस पर गोष्ठी सम्पन्न

**मुजफ्फरनगर।** सनातन धर्म कॉलेज में भूगोल विभाग, एक्टिविटी क्लब ,रोवर /रेंजर के संयुक्त तत्वावधान में आज विश्व ओजोन दिवस के उपलक्ष्य में जीवन के लिये ओजोन विषय पर गोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का आरंभ महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. सुधीर कुमार पुंडीर के द्वारा मां सरस्वती के चरणों में पुष्प अर्पित करके किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में भूगोल विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर मानवेन्द्र सिंह नें ओजोन परत के महत्व तथा ओजोन संरक्षण के संबंध में भारत की भूमिका तथा ओजा. ेन के क्षरण से समस्त पृथ्वी पर पाये जाने वाले जीव जंतुओं और प्राणियो पर पड़ने वाले प्रभावों को स्पष्टता के साथ अपने विचारों को प्रस्तुत किया। ओजोन दिवस के सम्बन्ध में भूगोल विभाग के छात्र एवं छात्राओ द्वारा विभिन्न मुद्दों पर अपने विचार प्रस्तुत किये गए। सलोनी , गुनगुन, ने ओजोन दिवस के महत्व एवं इसकी जागरूकता के संदर्भ में अपने विचार प्रस्तुत किये। इल्मा , द्वारा ओजोन संरक्षण के संबंध में मांट्रियल प्रोटोकाल पर अपने विचार प्रस्तुत किये। मंतशा ,सादिया और फ़ैज़ा ने ओजोन का पृथ्वी पर पड़ने वाले प्रभावों और जलवायु परिवर्तन में ओजोन की भूमिका विषय पर चर्चा की। विभागाध्यक्ष डॉ प्रवीण ने ओजोन के छरण मे योगदान देने वाले गैसो तथा ओजोन परत के संरक्षण के वैश्विक प्रयासों के सन्दर्भ में अपने विचार प्रस्तुत किये। इस कार्यकम के संयोजक भूगोल विभाग के अरविन्द कुमार और सुश्री निकिता रही। संचालन भूगोल विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर और संयोजक निकिता के द्वारा किया गया।विश्व ओजोन दिवस के इस महत्वपूर्ण अवसर पर महाविद्यालय के आईक्यूएसी सनातन धर्म कॉलेज के समन्वय प्रोद्द अलका बंसल , डा. वंदना त्यागी , डॉ सविता , शिवानी, डॉ आशना गुप्ता , डॉ प्रीतम, डॉ निशा चौहान, डा शालिनी कुशवाहा, डा निकि. कता, डॉ नेहा , अरुण रत्न , डॉ विज. ेंदर सिंह तथा अनेक छात्र छात्राये आदि उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में भूगोल विभाग की सुश्री निकिता , डॉ निशा चौहान , मानविंदर सिंह , डॉ प्रवीण कुमार एवं डॉ. वंदना त्यागी जी का अहम योगदान रहा।

## महिला की हत्या में आरोपी को उम्र कैद

**मुजफ्फरनगर।** कोर्ट ने महिला की हत्या में आरोप सिद्ध होने पर आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाते हुए उस पर जुर्माना भी लगाया है।जनपद मेरठ के सरधना निवासी नसीम ने अपनी बेटी की हत्या का मुकदमा वसीम निवासी बुढ़ाना के खिलाफ दर्ज कराया था। पुलिस ने आरोपी को 9 सितम्बर 2021 को जेल भेज दिया था और आरोप पत्र दाखिल होने के बाद यह मामला कोर्ट में विचाराधीन था। पैरोकारी एडीजी आशीष त्यागी ने की और कोर्ट मे सबूत व गवाह पेश किए गए। कोर्ट ने इसी आधार पर वसीम को हत्या में दोषी माना।

# मुठभेड़ में लूट का आरोपी घायल

- सर्राफ से हुई थी लूट, दो साथी फरार, सामान बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** बुढाना पुलिस ने सर्राफ से लूट के मामले में मुठभेड के दौरान आरोपी को जेवर व नकदी सहित गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने अवैध असलाह भी बरामद होना बताया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा ने पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि कस्बा बुढ़ाना निवासी नेमचंद वर्मा ने मुक. दमा दर्ज कराया था कि वह अपने पौत्र के साथ बाइक द्वारा सर्राफ की दुकान पर जा रहा था जहां तीन बदमाशों ने हथियारों के बल से सोने-चांदी के जेवर व नगदी लूट ली है मोबाइल भी बदमाश लूट कर फरार



हो गए। उन्होने जानकारी दी कि पुलिस ने मुकदमा दर्ज करने के बाद पुलिस बदमाशों की तलाश में जुट गई थी और मंदवाडा मार्ग पर जब कुछ लोग संदिग्ध दिखाई पडे। पुलिस ने भागते समय उनकी घेरबंदी की तो उन्होन फायरिंग शुरू की जहां पुलिस की फायरिंग से महताब उर्फ कल्लू पुत्र महफूज निवासी मंदवाडा घायल हो गया, जबकि उसके दो साथी फरार हो गए। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से सोने-चांदी के जेवर व तमंचा बरामदकरने का दावा किया है।

## संक्षिप्त समाचार

### गंगनहर में साँप दिखने से मची भगदड़

**खतौली।** मंगलवार को गंगनहर घाट पर माँ गंगा की आरती के दौरान अचानक अफरातफरी का माहौल बन गया। आरती में शामिल दर्जनों श्रद्धालु भक्ति में लीन थे, जबकि कुछ लोग नहर में स्नान कर रहे थे। तभी नहर के पानी में फन फैलाए एक साँप नजर आने से हड़कंप मच गया। लोग डर के मारे इधर.उधर भागने लगे और शोर मच गया। सूचना मिलते ही पास ही मौजूद लोगों ने तुरंत एक सपेरे को बुलाया। सावधानीपूर्वक पहुँचे सपेरे ने जोखिम उठाकर साँप को पकड़ लिया और उसे सुरक्षित रूप से जंगल में छोड़ दिया। घटना के चलते कुछ समय तक नहर घाट पर भय और असमंजस का माहौल बना रहा। श्रद्धालुओं ने राहत की साँस लेते हुए कहा कि समय रहते साँप को पकड़ लिया गया, नहीं तो बड़ी दुर्घटना हो सकती थी।

### बीएससी. नर्सिंग पाठ्यक्रम के पांचवें सेमेस्टर में शीतल सैनी ने पाया प्रथम स्थान

**मीरापुर।** भगवंत इंस्टिटड्ूट ऑफ मेडिकल साइंसेज की बी.एससी. नर्सिंग पाठड्क्रम की पाँचवें सेमेस्टर की परीक्षा का परिणाम घोषित होने पर छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर संस्थान का नाम रोशन किया है। इस परीक्षा में छात्रा शीतल सैनी ने 81 प्रतिशत अंक अर्जित कर प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि राधिका धो. सिया ने 73 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान और कुमारी सुनैना ने 72 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान हासिल कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। विशेष रूप से उल्लेखनीय है कि इस परीक्षा का कुल परिणाम 100 प्रतिशत रहा, जो संस्थान की शैक्षणिक गुणवत्ता और विद्यार्थियों की मेहनत को दर्शाता है। कॉलेज की प्राचार्या डॉ. विजिया डी ने इस शानदार उपलब्धि पर सभी छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि यह परिणाम उनकी निरंतर मेहनत, समर्पण और शिक्षकों के उत्कृष्ट मार्गदर्शन का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि छात्राओं की यह सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी। इसी क्रम में संकाय सदस्य बिजेंद्र सैनी, राजेंद्र, राकेश, शलिनी कपूर, रेहाना भट, उर्वशी, रमा मालिक, प्रतिभा चौहान, नेहा, तनु, रिया, श्वी, राजा चौधरी और कलावती बिष्ट ने भी सभी छात्र एवं छात्राओं को शुभकामनाएँ दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। संस्थान प्रबंधन ने कहा कि छात्राओं की यह उपलब्धि उनके कठिन परिश्रम और शिक्षकों के सतत मार्गदर्शन का परिणाम है, जिस पर पूरे कॉलेज परिवार को गर्व है।

### लाखों रुपये के सामान की चोरी का खुलासा, आरोपी गिरफ्तार

**रामराज।** रामराज पुलिस ने लाखो रूपये मूल्य की चोरी का मात्र 24 घंटे में खुलासा कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। 12 सितंबर को टिकोला शुगर मिल के पावर प्लांट के कंट्रोल रूम से अज्ञात चोरों ने डीसीएस के दो कंट्रोलर चोरी कर लिए थे। बद्रीश गौतम पुत्र रघुनंदन गौतम, साकेत कॉलोनी निवासी ने 15 सितंबर को रामराज थाने में तहरीर देकर चोरी की सूचना दी। चोरी गए कंट्रोलरों की कीमत करीब 20 लाख रुपए बताई गई थी। थाना अध्यक्ष रवेंद्र सिंह यादव ने तत्काल जांच शुरू की। मुखबिर की सूचना पर वरिष्ठ उपनिरीक्षक जयसिंह नागर, उपनिरीक्षक दिनेश कुमार और कांस्टेबल मनोज कुमार ने जमालपुर-राम. राज रोड से मिल की ओर जाने वाले कच्चे रास्ते पर घेराबंदी कर एक आरोपी विकास कुमार पुत्र ओमप्रकाश, निवासी मोहल्ला आर्यपुरी गंगधाड़ी, खतौली को चोरी किए गए दोनों कंट्रोलरों और एक मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया। 24 घंटे के भीतर हुए इस खुलासे से रामराज थाना अध्यक्ष और उनकी टीम की क्षेत्र में व्यापक प्रशंसा हो रही है। इस कार्रवाई ने जनता में पुलिस और कानून के प्रति सकारात्मक संदेश दिया है।

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी का आगमन

**मुजफ्फरनगर।** 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर, 2025 तक जनपद स्तर पर सेवा पर्व पखवाड़े के अंतर्गत सूचना एवं जनसंपर्क विभाग उत्तर प्रदेश की ओर से चित्र प्रदर्शनी का जीआईसी ग्राउंड में प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। चित्र प्रदर्शनी का सदस्य विधान परिषद, (पूर्व मंत्री), प्रदेश अध्यक्ष भाजपा भूपेंद्र सिंह चौधरी द्वारा फीता काटकर उद्घाटन किया जाएगा। 17 सितम्बर, से 2 अक्टूबर, तक प्रदर्शनी स्थापित रहेगी। चित्र प्रदर्शनी के माध्यम से भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा विभिन्न संचालित योजनाओं की आम जनमानस को जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। प्रदेश अध्यक्ष आज देर शाम पी.डब्लू.डी.गेस्ट हाऊस पर आये और कार्यकर्ताओं से चर्चा की।

### युवा एआईएमआईएम प्रदेशाध्यक्ष का हुआ स्वागत

**बुढ़ाना।** आल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन युवा के प्रदेश अध्यक्ष एहतशाम मंसूरी ने कहा कि सभी कार्यकर्ता आपसी भेदभाव भुलाकर जिला पंचायत के चुनाव में बुढ़ाना क्षेत्र से लगे तीनों वार्डो से खड़े होने वाले उम्मीदवारों को भारी मतों से जिताने का काम करें। युवा प्रदेश अध्यक्ष एहतशाम मंसूरी आज मंगलवार की देर सायं मेरठ से शामली एक प्रोग्राम में शिरकत करने जाते समय जिला पंचायत के वार्ड नंबर 20 से सदस्य पद का चुनाव लड रहे सैय्यद बाबर के नदी मंदिर रोड स्थित आवास पर अपने स्वागत समारोह के दौरान कुछ देर के लिए रुके थे और कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आने वाला कल सांसद असदुद्दीन ओवैसी का है। इसलिए सभी कार्यकर्ता पार्टी को मजबूत करने का काम करें और लोगों को उनके घर घर पहुंचकर पार्टी के लक्ष्यों के बारे में बताएं। यहां पर युवा जिला अध्यक्ष मौलाना माजिद जौलावी, उम्मीदवार सैय्यद बाबर और आजम फारुकी ने भी सभा को संबोधित किया। इस दौरान यहां इजहार आलम, हामिद राणा, हामिद नंगला, मुबारिक राणा, अब्दुल गफ्फार, अब्दुल कादिर, नसीम बीडीसी सदस्य, नदीम और कारी गफ्फार सहित अन्य कई कार्यकर्ता मौजूद रहे। यहां पर प्रदेशाध्यक्ष एहतेशाम मंसूरी का फूलों की मालाओं से भव्य स्वागत भी किया गया।

# मुख्य मार्ग पर जाम लगाने वाले प्रदर्शनकारी एक माह बाद गिरफ्तार

**मोरना।** अपहरण का नाटक करने वाले युवक की बरामदगी को लेकर प्रशासन के खिलाफ आक्रामक होकर भोकरहेड़ी बस स्टेण्ड पर जाम लगाने वाले सेंकड़ो अज्ञात व तीन दर्जन नामजद प्रदर्शनकारियो के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस ने एक बाद आरोपियों की गिरफ्तारी शुरू करते हुए आधा दर्जन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनका चालान किया है।

भोपा थाना क्षेत्र के कस्बा भोकरहेड़ी के मोहल्ला हरिजन चौक निवासी रजनीश बीते माह संदिग्ध परिस्थितियों मे लापता हो गया था। जिसके बाद परिजनों ने रजनीश का अपहरण कर उसके साथ अनहोनी की आशंका जताते हुए निकटवर्ती गांव गड़वाडा निवासी पूर्व प्रधान सहित तीन व्यक्तियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। युवक की बरामदगी को लेकर सेंकड़ो व्यक्ति भोकरहेड़ी बस स्टेण्ड पर जाम लगाकर धरने पर बैठ गये थे।दो दिन बाद पुलिस ने युवक को उसकी रिश्तेदारी से बरामद कर अपहरण के नाटक का खुलासा किया था। पुलिस ने बीते 13 अगस्त को बस स्टैंड पर जाम लगाकर प्रदर्शन करने वाले 33 नामजद व 150 अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। एक माह बाद पुलिस ने आरोपियों की गिरफ्तारी शुरू कर दी है। पुलिस ने अभी तक आठ आरोपियों की गिरफ्तारी कर उनका चालान किया है। प्रभारी निरीक्षक ओम प्रकाश सिंह ने बताया की मंगलवार को आरोपी नेमपाल, सेवाराम, प्रदीप, मुकुल,आंचक व नितिन को गिरफ्तार कर उनका चालान किया गया है। दो आरोपियों का पूर्व मे चालान किया जा चुका है।

# सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित कर धूमधाम से मनाया गया इन्जीनियर्स दिवस

**मुजफ्फरनगर।** इन्जीनियर्स क्लब, केन्द्रीय शाखा, मुज़फ्फरनगर द्वारा विश्व विख्यात महान भारतीय इंजी. नियर भारत रत्न डॉद्द मोक्षगुण्डम् विश्वेशवरैया की जयन्ती इन्जीनियर्स दिवस के रूप में मनाते हुए देश की महान विभूति को श्रद्धा-सुमन अर्पित कर स्मरित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ उत्तर प्रदेश सरकार के राज्यमन्त्री (स्वतन्त्र प्रभार) श्री कपिल देव अग्रवाल, विद्युत वितरण के मुख्य अभियन्ता इं. विनोद कुमार गुप्ता, अधीक्षण अभियन्ता नगरीय विद्युत वितरण इं. मनोज कुमार यादव, अधीक्षण अभियन्ता विद्युत वितरण ग्रामीण इं. संजय शर्मा, गांधी पॉलिटेक्निक के प्रधानाचार्य इंद्द राजीव सिंह, पूर्व मन्त्री उत्तर प्रदेश इं. योगराज सिंह, पूर्व नगरपालिका परिषद चेयरमैन अंजू अग्रवाल, क्लब संरक्षक इं. अशोक अग्रवाल, निदेशक वैष्णव स्टील्स, क्लब अध्यक्ष इं. सुभाष चंद्रा, अधिशासी अभियन्ता गंगा नहर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष इं. संजय कुमार तेवतिया, कार्यक्रम संयोजक इं. अनिल कुमार राणा, अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड लोक निर्माण विभाग, स्वागताध्यक्ष इं. अभिषेक कुमार सिंह, अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड लोक निर्माण विभाग द्वारा संयुक्त रूप से डॉ. मोक्षगुण्डम विश्वेशवरैया की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। राजकीय आई टी आई मुज़फ्फरनगर के वरिष्ठ अनुदेशक इं0 अंकुर देशवाल ने भारत रत्न डॉ. मोक्षगुण्डम् विश्ववेवरैया के जीवन-वृत्त पर प्रकाश डालते हुए उन्हें विश्व विख्यात महान भारतीय इंजी. नियर बताया। इं. नीरज गुप्ता ने इन्जीनियर्स क्लब के कार्यो एवं उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। मशहूर कोरियोग्राफर मोहन अरोरा व विशा के दिशा निर्देशन में मैजिक डांस एकेडमी के शगुन, रौनक, कामाख्या, कायरा, सुहानी आदि बच्चों ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर वाहवाही लूटी जबकि संगीत शिक्षक अनुज कुमार ने गीत सुनाकर सबका



मनोरंजन किया। नवतैनात, नवप्रोनन्त उल्लेखनीय कार्यो/उपलब्धियों हेतू सम्बन्धित अभियन्ताओं का सम्मान किया गया। कार्यक्रम आयोजन में जल निगम के अधिशासी अभियन्ता इं. संजय कुमार, सहारनपुर मण्डल के परियोजना प्रबन्धक इं. मथन सिंह विकल, व्यवसायी इं. सतेन्द्र सोलंकी, इं. अरुण कुमार सहायक अभियन्ता, नलकूप निर्माण खण्ड, त्रिवेणी शुगर मिल खतौली के वरिष्ठ प्रबंधक इं. दीपक शर्मा, प्रबन्धक इं. विशाल अग्रवाल, त्रिवेणी शुगर मिल देवबन्द के महाप्रबंधक इं. डी एस वी एस रेढी, इं. पी के साही, इं. कविन्द्र राणा, मिलेट्री इन्जीनियर अनुज कुच्छल, जल निगम के इं. रघुबीर सिंह, इं. राधेश्याम गुप्ता, इं. ए के सिंघल, मन्डी परिषद निर्माण खण्ड सहारनपुर के इं. रूप सिंह, उत्तर रेलवे के इं. राज कुमार गुप्ता, उपखण्ड अधिकारी इं. दिनेश गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# नहीं लगा मजदूर का कोई सुराग, गंगा में तलाश जारी

**मोरना।** तीन दिन पूर्व गंगा मे रेत निकाल रहे मजदूर के गायब हो जाने के बाद ग्रामीणों ने मगरमच्छ द्वारा निगल जाने की आशंका जताई। जिसके बाद पीएसी गौताखोर टीम लगातार गंगा मे रेसक्यू ऑपरेशन चलाये हुए है।मंगलवार को भी मजदूर की तलाश की गयी किन्तु उसका कोई पता नहीं चल सका है।

भोपा थाना क्षेत्र के गांव मजलिसपुर तौफीर निवासी चन्द्रबोस सैनी 45 वर्ष बीते रविवार की सुबह गांव के निकट बह रही गंगा मे भैंसा बोगी ले जाकर रेत निकाल रहा था। की अचानक चन्द्रबोस गायब हो गया। वहीं गंगा मे रेत निकाल रहे परिवार के ही अरुण व विनोद ने चन्द्रबोस के गंगा मे लापता होने की सूचना परिजनों को दी।आस पास तलाश करने के बाद ग्रामीणों ने नदी मे मौजूद विशालकाय मगरमच्छ द्वारा चन्द्रबोस को निगल जाने की आशंका जताई। मेरठ की पीएसी 44 वाहिनी के गोताखोर द्वारा मोटरबोट की सहायता से चन्द्रबोस की तलाश गंगा मे लगातार जारी है।मंगलवार को भी चन्द्रबोस की तलाश मे मजलिसपुर तौफीर सहित शुक्रताल क्षेत्र की गंगा तक की गयी किन्तु चन्द्रबोस का कोई पता नहीं चल सका।ग्राम प्रधान योगेश चौहान ने बताया की मंगलवार को भी सेंकड़ो ग्रामीणों ने चन्द्रबोस को गंगा नदी व किनारो पर तलाश किया है। पीएसी दल ने मोटरबोट की सहायता से रेसक्यू ऑपरेशन चलाया किन्तु चन्द्रबोस का कोई पता नहीं चल सका है।जहां ग्रामीण मगरमच्छ द्वारा चन्द्रबोस को निगलजाने की की आशंका जता रहे हैं। वहीं चन्द्रबोस के साथ क्या हादसा हुआ है इसे लेकर कयास जारी हैं। चन्द्रबोस जीवित है अथवा नहीं इसे लेकर परिजन व ग्रामीण चिंतित हैं।

## दो बदमाश तमन्चे व कारतूस सहित गिरफ्तार

**रामराज।** पुलिस ने गश्त के दोरान दो युवको को तमन्चो व जीवित कारतूसो के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। रामराज थाना प्रभारी रवेन्द्र सिंह यादव ने बताया कि रामराज पुलिस 15 सितम्बर की रात्रि को रामराज के हुसैनपुर चौराहे पर गश्त के दौरान युवक संदिग्ध अवस्था में घूमते हुए पाये गये। तलाशी लेने पर उनके पास से जीवित कारतूस व 315 बोर के तमन्चे बरामद किये गये। पूछताछ में इन्होने अपने नाम रितिक शर्मा पुत्र विनोद शर्मा निवासी जमना विहार कालोनी खतौली व देव गुप्ता पुत्र प्रदीप गुप्ता निवासी गंगा विहार कालोनी खतौली बताया।

# भारद्वाज एकेडमी उमरपुर के छात्र ने जीती कुश्ती

**बुढ़ाना।** तहसील क्षेत्र के गांव उमरपुर में स्थित शिक्षण संस्था भारद्वाज एकेडमी में पढ़ रहे उमरपुर गांव के होनहार छात्र रोहन कश्यप ने स्टेट लेविल की कुश्ती में अपने दम खम दिखाते हुए अपने प्रतिद्वंदी पहलवान को बुरी तरह से पछाड़कर कुश्ती में प्रथम स्थान पाया और पूरे यूपी में अपने गांव उमरपुर का नाम रोशन किया। कुश्ती जीतकर लौटे छात्र रोहन कश्यप का गांव उमरपुर में पहुंचने पर ग्रामीणों ने ढोल बजवाकर फूल मालाएं गले में डालकर हौंसला बढ़ाते हुए स्मृति चिन्ह देकर एक समारोह में सम्मानित भी किया।

कुश्ती जीतने को लेकर रोहन कश्यप के परिवार में भी खुशी का जबरदस्त माहौल बना हुआ है। कुश्ती जीतने की खुशी में इस दौरान परिवार के लोगों ने मिष्ठान का भी वितरण किया जबकि भारद्वाज एकेडमी उमरपुर के स्टाफ ने भी रोहन कश्यप को सम्मानित किया और उसको भविष्य में कामयाबी की दुआएं भी दी। जिस पर रोहन कश्यप ने आगे और भी मेहनत करने का आश्वासन अपने परिजनों व शिक्षकों को दिया। इस दौरान पूर्व प्रधान शोभाराम सिंह कश्यप सहित सैंकड़ों



ग्रामीणों की भी उपस्थिति रही।

# खतौली में याद-ए-रफ़ी संगीत संध्या में सुरों का जादू बिखेरा

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** एकता और भाईचारे का प्रतीक श्रावणी मेला छड़ियान के अवसर पर सोमवार की शाम नगर पालिका परिषद के तत्वावधान में पालिका परिसर में याद-ए-रफ़ी संगीत संध्या का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में स्थानीय कलाकारों ने अपने सुरों से श्रोताओं को भाव-विभोर कर दिया। सुर-संगीत के तालमेल पर श्रोताओं ने तालियों से माहौल को गूंजायमान कर दिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ चेयरमैन शाहनवाज अली और राष्ट्रीय लोकदल अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश महासि. चव तासीर हसन ने संयुक्त रूप से शमा रोशन कर किया। उद्घाटन के बाद कलाकारों ने मोहम्मद रफ़ी साहब को अपनी प्रस्तुति के माध्यम से खिराज-ए-अकीदत अर्पित की। देशभक्ति गीतों, फिल्मी गीतों और गजल की प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। मोहम्मदपुर के फरमान ने ग़ज़ल और गीत सुनाकर श्रोताओं का मन मोह लिया। इंडियन सिंगिंग ग्रुप के स्थानीय कलाकार महराज खान, मौ. राशिद, शाह आलम, शाहनज़र सोनू, मौ. वसीम ने रफ़ी साहब के मशहूर नग़मों 'देश प्रेमियों', 'चला जाता हूं किसी की धुन में', 'आज हुस्न का जलवा दे दे' को अपनी आवाज से जीवंत कर दिया। जैसे ही ये नग़मे गूंजे, माहौल में रफ़ी साहब की रूहानी उपस्थिति का एहसास होने लगा।

सुरों की यह महफिल संगीत प्रेमियों के लिए किसी जादुई अनुभव से कम नहीं रही। कार्यक्रम संयोजक डॉ. हारून सभासद ने सभी अतिथियों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। सह संयोजक आस मोहम्मद सभासद और मास्टर अब्दुल सत्तार सभासद पति ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी श्रोताओं का आभार व्यक्त किया। तासीर हसन ने कहा कि मोहम्मद रफ़ी की मधुर और सदाबहार गायकी हमेशा संगीत प्रेमियों के दिलों में बसी रहेगी और उनकी यादों को



अमर बनाए रखेगी। पालिका अधिशासी अधिकारी राजीव कुमार, विशिष्ट अतिथि फैजान खेड़ी और आसिफ मलिक कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित रहे। संचालन परवेज गाज़ी ने किया। संगीत संध्या में शाहिद अली, मुब्बशिर हाशमी, हाजी वसीम सिद्दीकी, इरशाद जाट, अमित त्यागी सभासद, दानिश मुल्तानी सभासद, सोनू फरीदी सभासद, कमल वर्मा सभासद पति, अभिषेक खटीक सभासद पुत्र, नदीम अंजुम, अभिषेक गोयल एडवोकेट, शादाब शीशा, नबील कुरैशी, मास्टर अब्दुल मालिक, जावेद पठान, शादाब जाट, हारून मीडिया सहित सैकड़ों संगीत प्रेमी उपस्थित रहे।

# व्यापार संगोष्ठी व सम्मान समारोह आयोजित

**बुढ़ाना।** कस्बे में कृष्णा बैंकट हाल पर व्यापार संगोष्ठी और एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें वक्ताओं ने व्यापार और रोजगार पर अपने अपने विचार व्यक्त किए। इस संगोष्ठी में वक्ताओं ने कहा कि व्यापार में युवा पीढ़ी का आगमन होता जा रहा है। सभी को सामाजिक और आपसी लगाव से कार्य करना चाहिए। व्यापार करते हुए सरकार को टैक्स देकर व्यापारी महत्वपूर्ण सहयोग देता है। कार्यक्रम के आयोजक आकाश जैन ने बताया कि इस संगोष्ठी का उद्देश्य सभी व्यापारियों को लाभ और ज्ञान से परिचित कराना है। इस दौरान व्यापारियों के लिए एंट्री कूपन ड्रा का आयोजन भी किया गया। जिसमें पहला पुरुस्कार इलेक्ट्रिक स्कूटी गांव अलीपुर अटेरना के मंजूर अहमद, दूसरा पुरुस्कार एलईडी टीवी अनुज गर्ग



और अंकुर गुप्ता व तीसरा पुरुस्कार वाशिंग मशीन मुन्ना को मिला। व्यापार संगठन की ओर से सभी विज. ेताओं को बधाई दी गई। इस दौरान उत्तम जैन, नितिन, विपुल, विकास, मनीष, विनोद गर्ग, कामिल, गौरव और अंकुर आदि सैंकडो व्यापारियों की उपस्थिति रही।

## सुकलेश का शव मोती झील में मिला, हड़कंप

**मुजफ्फरनगर।** शहर कोतवाली के गांव पीनना की रहने वाली सुकलेश (45) का शाम मंगलवार शाम को शामली रोड पर मोती झील में मिला। पुलिस ने शव मोर्चरी भेजा है। शाम के समय शव की सूचना मिलने पर शहर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची थी। पुलिस ने शव बाहर निकलवाया और महिला की शिनाख्त कराई। लोगों की सूचना पर पीनना निवासी अमरपाल व अन्य परिजन मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि महिला लगभग 15 साल से मानसिक रूप से परेशान चल रही थी। वह मंगलवार सुबह के समय नाश्ता करने के बाद घर से चली आई थी। शाम के समय उसके बारे में यह जानकारी मिली। पुलिस ने बताया कि महिला का पति खतौली में मोबाइल टावर पर काम करता है। महिला के मोती झील में कूदने की आशंका जताई जा रही है।

शाह टाइम्स

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**

**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# दो करोड़ की कीमत की स्मैक के साथ दो गिरफ्तार, पुलिस को इनाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली/कैराना।** एसओजी शामली व कैराना पुलिस ने आपरेशन सवेरा अभियान के तहत अंतर्जनपदीय मादक पदार्थ गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार करते हुए उनके कब्जे से 2 करोड 55 हजार रूपए कीमत की 2 किलो 55 ग्राम अवैध स्मैक, एक बुल. नो कार व अन्य सामान बरामद किया है। मंगलवार को पुलिस लाइन में एसपी एनपी सिंह ने बताया कि डीआईजी सहारनपुर के निर्देश पर शामली जनपद में मादक पदार्थ तस्करों की धरपकड के लिए आप. रेशन सवेरा अभियान चलाया जा रही है। जनपद पुलिस को भी नशा कारोबा. रियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम में एसओजी शामली की टीम व कैराना



पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए दो अंतर्जनपदीय मादक पदार्थ गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है। तस्करों के पास से पुलिस टीम ने 2 किलो 55 ग्राम अवैध स्मैक जिसकी अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत 2 करोड 55 हजार रूपए है, भी बरामद की। इसके अलावा तस्करी में प्रयुक्त एक बिना नंबर की बुलेनो कार, एक इलैक्ट्रोनिक कांटा व 150 पारदर्शी पालीथीन भी बरामद की है। पूछताछ में तस्करों ने अपने नाम उस्मान पुत्र दिलशाद व इंसार पुत्र मोसीन निवास. ीगण गांव इस्सोपुर खुरगान थाना कैराना बताए हैं। एसपी ने बताया कि दोनों तस्करों के खिलाफ कैराना कोतवाली पर मुकदमा दर्ज किया गया है। वहीं घटना में लिप्त अन्य आरोपितों की तलाश में भी पुलिस जुटी हुई है। कैराना कोतवाली प्रभारी समयपाल अत्री, एसओजी प्रभारी कुलदीप कुमार आदि भी मौजूद रहे।

## उस्मान की पत्नी भी तस्करी में लिप्त

**शामली।** एसपी ने बताया कि उस्मान व इंसार ने पूछताछ में बताया कि वे बरेली जनपद से स्मैक को खरी. दकर लाते हैं। उस्मान ने बताया कि उसकी पत्नी भी बरेली जनपद व सहारनपुर के गंगोह से स्मैक खरीदकर लाती है जिसे वे आसपास के गांवों में बेच देते हैं। एसपी ने बताया कि इस संबंध में विशेष टीम का गठन किया गया है जो मादक पदार्थ सप्लायर एवं खपत वाले क्षेत्रों तथा मादक पदार्थ का कारोबार करने वालों की तलाश में जुट गई है।

# बैंक कैशियर के गुस्से का शिकार बनी वृद्ध महिला, कांच लगने से घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** पंजाब नेशनल बैंक थाना भवन शाखा में मंगलवार को उस समय अफरातफरी का माहौल बन गया जब पेंशन निकालने आए एक बेटे और उसकी वृद्ध मां को बैंक में हुए विवाद का खामियाजा भुगतना पड़ा। करीब 70 वर्षीय महिला रामबीरा अपने बेटे विकास के साथ पेंशन के पैसे निकालने आई थी, लेकिन लेन-देन को लेकर हुए विवाद के दौरान बैंक कैशियर के गुस्से का शिकार बन गई।

आरोप है कि महिला और कैशियर के बीच कहासुनी हो गई। इसी बीच कैशियर बुरी तरह भड़क गया और गुस्से में खिड़की पर जोर से हाथ मार बैठा। खिड़की का कांच चकनाचूर होकर टूट पड़ा और उसके तेज टुकड़े वृद्ध महिला के हाथ में घुस गए। देखते ही देखते महिला का हाथ लहूलुहान हो गया और बैंक परिसर में अफरा-तफरी मच गई।घायल महिला दर्द से चीख उठी, वहीं उसका बेटा भी घबराकर तुरंत उसे संभालने लगा। बैंक उपभोक्ता भी मौके पर इकठ्ठा हो गए और पूरे घटनाक्रम की निंदा करने लगे।

पीड़ित महिला के बेटे ने थानाभवन पुलिस को तहरीर सौंपते हुए बैंक कैशियर पर अभद्र व्यवहार और लापरवाही का आरोप लगाया। उसका कहना है कि हम तो सिर्फ पेंशन निकालने आए थे, लेकिन कैशियर की बदसलूकी और गुस्से ने मेरी मां को घायल कर दिया। बैंक में उपभोक्ता सुरक्षित नहीं हैं। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए घायल महिला का मेडिकल परीक्षण कराया और जांच शुरू कर दी है।



थाना प्रभारी ने बताया कि तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जा रही है और दोषी पाए जाने पर कैशियर के खिलाफ सख्त कानूनी कदम उठाए जाएंगे।

इस घटना के बाद बैंक उपभोक्ताओं और स्थानीय लोगों में गहरा आक्रोश है। उनका कहना है कि बैंक कर्मचारी यदि इस तरह उपभोक्ताओं से व्यवहार करेंगे तो आम आदमी का विश्वास टूट जाएगा। स्थानीय लोगो ने भी घटना की कड़ी निंदा की है और बैंक प्रबंधन से दोषी कैशियर को तत्काल निलंबित करने की मांग की है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# केनरा बैंक की कार्यप्रणाली पर सवाल, शाखा प्रबंधक की जांच दूसरे शाखा प्रबंधक को

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** नगर स्थित केनरा बैंक शाखा के प्रबंधक की कार्यशैली को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। दो दिन पूर्व प्रमुख अखबारों में प्रकाशित खबरों में शाखा प्रबंधक पर ग्राहकों से अभद्रता और सरकारी योजनाओं को पलीता लगाने जैसे गंभीर आरोप लगाए गए थे।

इसी मामले की जांच के लिए मंगलवार को क्षेत्रीय प्रबंधक मुजफ्फरनगर के आदेश पर केनरा बैंक शामली की शाखा प्रबंधक मती इंदु थानाभवन पहुंचीं और ग्राहकों से पूछताछ की।शिकायतकर्ता अरविंद राणा ने जांच अधिकारी को बताया कि उन्होंने बिजनेस खाता खोलने का आवेदन मांगा तो ब्रांच मैनेजर राजीव रंजन ने यह कहते हुए मना कर दिया कि जलालाबाद का खाता थानाभवन शाखा में नहीं खुल सकता। यदि खाता खुलवाना है तो आवेदन में जलालाबाद का नाम हटाकर थानाभवन लिखवाना होगा।

जांच अधिकारी से जब पत्रकारों ने बैंक में शौचालय, पार्किंग और पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं के अभाव पर सवाल किया तो उन्होंने साफ कहा कि वह केवल ग्राहकों और ब्रांच मैनेजर से फीडबैक लेने अधिकृत हैं, बाकी सवालों के जवाब क्षेत्रीय प्रबंधक ही दे सकते हैं।विडंबना यह रही कि जिस बैंक में पार्किंग की कोई सुविधा नहीं है, वहां खुद शाखा प्रबंधक की बाइक गेट पर खड़ी मिली, जिससे ग्राहकों को अंदर-बाहर आने-जाने में परेशानी हो रही थी।

इससे साफ झलकता है कि बैंक व्यवस्था कितनी लापरवाह है। अब सवाल यह है कि जब नियमों के अनुसार किसी भी कर्मचारी की जांच उसका वरिष्ठ अधिकारी ही कर सकता है, तो थानाभवन शाखा प्रबंधक की जांच दूसरे शाखा प्रबंधक से क्यों कराई जा रही है? क्या यह भ्रष्टाचार की नई परिभाषा है या फिर सब कुछ भगवान भरोसे ही चल रहा है, जहां आम ग्राहकों की सुनवाई की कोई गुंजाइश नहीं रह गई है।

## भूतपूर्व सैनिकों व आश्रितों की रैली का आयोजन 20 को

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जनपद शामली के सभी सम्मानित भूतपूर्व सैनिकों विधवाओं और वीर नारियों को सूचित किया जाता है कि 20 सितंबर दिन शनिवार को मेरठ में ईएसएम रैली का आयोजन किया गया है। जिसके चलते जो भूतपूर्व सैनिक वीर नारियां एवं उनके परिजन कार्यक्रम में जाने के इच्छुक है। वह जिला सैनिक कल्याण कार्यालय शामली में निम्नलिखित नं.-8765610973 पर सम्पर्क कर सकते हैं। उक्त के संबंध में कर्नल अजय कुमार सिंह, अ. प्रा. जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी शामली ने बताया कि जो भूतपूर्व सैनिकध्वीर नारियां एवं उनके परिजन कार्यक्रम में प्रतिभाग करने के इच्छुक है वह 20 सितंबर शनिवार को सुबह 7:50 बजे राष्ट्रीय किसान इण्टर कॉलेज में पहुंचे।

# नारी सशक्त परिवार अभियान का आयोजन आज से 2 अक्टूबर तक

**शामली।** मुख्य चिकित्साधिकारी शामली डॉ अनिल कुमार ने बताया कि जिलाधिकारी की अध्यक्षता में राज्य स्तर से प्राप्त दिशा-निर्देशो के क्रम में दिनांक 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक संचालित होने वाले स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के अन्तर्गत विकास भवन, शामली में एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिलाधिकारी के द्वारा उपस्थित अन्तर्विभागीय अधिकारियों को उक्त पखवाडे को सफल बनाने हेतु निर्देश दिए गए। कार्यक्रम के अन्तर्गत दिनांक 17 सितम्बर, 2025 को जिला संयुक्त चिकित्सालय, शामली पर वृहद स्वास्थ्य कैम्प का आयोजन किया जाएगा। उक्त कार्यक्रम का शुभारम्भ प्रधानमंत्री के द्वारा इन्दौर से करने के उपरान्त जनपद स्तर पर जनप्रतिनिधि के माध्यम से किया जाएगा। उक्त कार्यक्रम जनपद के जिला संयुक्त चिकित्सालय, समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, एचडब्ल्यूसी पर प्रतिदिन 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर 2025 तक संचालित किया जाएगा, जिसमे उक्त चिकित्सा इकाईयो पर स्वास्थ्य कैम्प, जांच, टीकाकरण एवं अन्य चिकित्सा सुविधा प्रदान की जाएगी।

## एक नजर

### स्कूल की छुट्टी के समय पुलिस की सख्ती, आवारा लड़कों पर कसी नकेल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** क्षेत्र में छात्राओं की सुरक्षा को लेकर थाना प्रभारी बिजेंद्र रावत व चौकी प्रभारी इंद्रसेन ने मंगलवार को सख्ती दिखाते हुए लडकियों के स्कूल की छुट्टी के समय विशेष चेकिंग अभियान चलाया।इस दौरान पुलिस ने स्कूल के बाहर व आसपास बेवजह घूमने वाले लड़कों को रोककर उनकी मोटरसाइकिलों की जांच की और उन्हें कड़ी हिदायत दी। पुलिस ने साफ किया कि छात्राओं की सुरक्षा से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा और स्कूल समय में लापरवाही या उत्पात बर्दाश्त नहीं होगा। अभिभावकों और स्थानीय लोगों ने पुलिस की इस पहल की सराहना की है। उनका कहना है कि इस तरह की नियमित चेकिंग से छेड़छाड़ जैसी घटनाओं पर रोक लगेगी और छात्राओं में भी आत्मविश्वास बढ़ेगा। थाना प्रभारी बिजेंद्र रावत ने बताया कि लड़कियों की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है। स्कूल के समय कोई भी अराजक तत्व आसपास दिखा तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### मेले का अधिक लाभ उठाएं किसान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** सहकारी गन्ना विकास समिति में समिति स्तरीय गन्ना सर्वे सट्टा प्रदर्शन एवं संशोधन मेला का शुभारंभ समिति के चेयरमैन विक्रान्त निर्वाल ने किया। यह दस दिवसीय मेला 25 सितम्बर तक आयोजित होगा। समिति ने किसानों से अपील की है कि वे इस अंतिम अवसर का लाभ उठाकर अपने सर्वे व संशोधन संबंधी कार्य पूर्ण कर लें। साथ ही यह भी सूचित किया गया है कि नए सदस्य बनने एवं उपज बढ़ोत्तरी संबंधी आवेदन की अंतिम तिथि 30 सितम्बर निर्धारित की गई है, जिसका विशेष ध्यान रखा जाए। इस अवसर पर जिला गन्ना अधिकारी, सचिव प्रभारी गन्ना समिति शामली, संचालक सदस्य सत्यपाल गुर्जर, विनोद कुमार, प्रमोद कुमार, पूर्व चेयरमैन मनोज कुमार सहित समिति का समस्त स्टाफ, गन्ना पर्यवेक्षक एवं बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

### पूर्व प्रधान ने की सड़क निर्माण की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली/कांधला।** विकासखंड क्षेत्र के पूर्व प्रधान ने जर्जर सड़क सड़क निर्माण कराए जाने की मांग करते हुए केंद्रीय राज्य मंत्री चौधरी जयंत सिंह से संबोधित एक ज्ञापन नगर पालिका लिपिक को सौंपा और



सड़क निर्माण की मांग की। विकासखंड क्षेत्र का बिजली घर मार्ग काफी दिनों से जर्जर हालत में है सड़क पर आए दिन जल भराव होने के कारण हादसे होते रहते हैं और स्थानीय लोग भी लगातार जिलाधिकारी सहित विकासखंड कार्यालय पर शिकायत कर सड़क निर्माण की मांग कर चुके हैं। सड़क जर्जर हालत में होने के कारण लोगों को आने-जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण क्षेत्र के लोगों ने मामले की शिकायत पूर्व प्रधान बबला सैनी से की थी। मंगलवार को पूर्व प्रधान बबल सैनी ने ग्रामीणों की शिकायत पर एक ज्ञापन केंद्रीय राज्य मंत्री चौधरी जयंत सिंह को भेजा। उन्होंने नगर पालिका लिपिक अकरम अंसारी को एक शिकायती पत्र सौंपते हुए मांग की है कि बाईपास मार्ग से लिंक बिजली घर मार्ग का लगभग एक किलोमीटर लंबा रास्ता जर्जर हालत में है। जिससे लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पूर्व प्रधान बबला सैनी के द्वारा बताया गया कि बिजली घर मार्ग काफी दिनों से जर्जर है लोगों की शिकायत पर सड़क निर्माण की मांग की गई है।

### बाइक की टक्कर से साइकिल सवार घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के दिल्ली रोड स्थित गांव खंद्रावली के समीप एक साइकिल सवार व्यक्ति को बाइक सवार ने पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में साइकिल सवार घायल हो गया उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। थाना क्षेत्र के गांव ब्रहमखेडा निवासी व्यक्ति देवेंद्र सिंह किसी कार्य से साइकिल पर सवार होकर दिल्ली रोड स्थित गांव खंद्रावली के समीप जा रहा था। पीड़ित के अनुसार पीछे से आए एक



बाइक सवार व्यक्ति ने उसकी साइकिल में टक्कर मार दी ।बाइक की टक्कर लगने से साइकिल सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की चीख-पुकार सुनकर राहगीरों ने 108 एंबुलेंस को सूचना दी। 108 एंबुलेंस के कर्मचारियों ने उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। बाइक सवार हादसे को अंजाम देकर फरार हो गया।

# आउटसोर्सिंग व संविदा सफाई कर्मियों की मांगों को लेकर सीएम को ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** मंगलवार को नगर पालिका परिषद के उत्तर प्रदेशीय सफाई कर्मचारी संघ शाखा यूनियन के अध्यक्ष प्रवीण कुमार वाल्मीकि, महासचिव अश्वनी तेश्वर, अमित तेश्वर, सचिन तेश्वर एवं मनीष गहलोत सहित पांच पदाधिकारियों का प्रतिनिधिमंडल लखनऊ पहुंचा, जहां प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश अध्यक्ष बृजेश चौधरी से मुलाकात कर आउटसोर्सिंग एवं संविदा सफाई कर्मचारियों से संबंधित मांगों को लेकर ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम सौंपा। जिसमें उन्होने आउटसोर्सिंग सफाई कर्मचारियों को समान कार्य के लिए समान वेतन का लाभ दिलाने की मांग की। कहा कि वर्ष 2006 से कार्यरत संविदा सफाई कर्मचारियों को स्थाई किया जाए तथा मृतक कर्मचारियों के आश्रितों को भी नौकरी का अवसर दिया जाए। श्रम विभाग द्वारा आउटसोर्सिंग सफाई कर्मचारियों को अकुशल दर्शाने की बजाय उन्हें अर्धकुशलध्कुशल श्रेणी में शामिल किया जाए। वर्ष 2006 से कार्यरत संविदा कर्मचारियों को सातवें वेतनमान का लाभ दिया जाए। सभी आउटसोर्सिंग कर्मचारियों को ईपीएफ व ईएसआई कार्ड का लाभ उपलब्ध कराया जाए। इस मौके पर यूनियन अध्यक्ष प्रवीण कुमार वाल्मीकि एवं महासचिव अश्वनी तेश्वर ने प्रदेश अध्यक्ष से शीघ्र समाधान की मांग की। प्रदेश अध्यक्ष ने आश्वासन देते हुए बताया कि जल्द ही जिले की सात नगर पंचायतों एवं तीन नगर पालिका परिषदों को शामिल करते हुए एक जिला स्तरीय बैठक आयोजित की जाएगी, ताकि सामूहिक रूप से कर्मचारियों की आवाज प्रदेश स्तर तक मजबूती से पहुंचाई जा सके।



## कार्यक्रम

### जिला विकास समन्वय व निगरानी समिति दिशा की बैठक आज

**शामली।** जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति दिशा की बैठक दिनांक 17 सितम्बर, 2025 दिन बुधवार को मध्यान्ह 12 बजे के स्थान पर अब उक्त बैठक अपराह्न 2:30 बजे से विकास भवन सभागार, शामली में सांसद, चौ. इकरा हसन कैराना लोक सभा क्षेत्र की अध्यक्षता में आयोजित होगी। उक्त के दृष्टिगत जिलाधिकारी शामली द्वारा संबंधित समस्त अधिकारीगण को एजेण्डा बिंदु के अनुसार निर्धारित बिन्दुओं पर अपने विभागध्कार्यक्रम से संबंधित अद्यतन प्रगति के साथ नियत समय पर बैठक में स्वयं प्रतिभाग करने हेतु निर्देशित किया गया है।

### लोक कल्याण मेला एवं अंगीकार अभियान 17 सितम्बर 2025 से

**शामली।** हामिद हुसैन, परियोजना अधिकारी डूडा, शामली द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि भारत सरकार के निर्देशानुसार लोक कल्याण मेला एवं अंगीकार अभियान-2025 मेला प्रारम्भ 17 सितम्बर 2025 से जिसमें प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 एवं रेहडी पटरी दुकानदार पीएम स्ट्रीट वैण्डर्स आत्मनिर्भर निधि (पीएम स्वनिधि) योजना से लाभान्वित किए जाने हेतु पंजीकरण शि. विर का आयोजन समस्त नगर पालिका परिषदध्नगर पंचायतों में किया गया है। यदि कोई व्यक्ति शहर का निवासी हो आवास हेतु लाभ लेने में तथा कोई पथ विक्रेता ऋण लेने से वंचित रह गया हो वो शिविर में जाकर अपना आवेदन करा सकता है।

### दो दिवसीय रोजगार मेलों का होगा आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** युवाओं के लिए रोजगार के सुनहरे अवसर उपलब्ध कराने के लिए जिले के सभी ब्लॉकों में दो दिवसीय रोजगार मेले आयोजित किए जाएंगे। सीडीओ विनय कुमार तिवारी के निर्देशानुसार जिला सेवायोजन अधिकारी अजय कुमार ने बताया कि इन मेलों में बेरोजगार अभ्यर्थियों को रोजगार से जोड़ा जाएगा। बताया कि 19-20 सितम्बर को खंड विकास कार्यालय थानाभवन, 22-23 सितम्बर को खंड विकास कार्यालय कांधला, 24-25 सितम्बर को खंड विकास कार्यालय कैराना, 26-27 सितम्बर को खंड विकास कार्यालय ऊन, 3-4 अक्टूबर को खंड विकास कार्यालय शामली में रोजगार मेलों का आयोजन होगा। मेले में एसआईएस, दिल्ली के कमांडेंट राहुल दीक्षित द्वारा सिक्योरिटी गार्ड पदों पर भर्ती की जाएगी। इसके लिए न्यूनतम योग्यता हाईस्कूल, आयु 21 से 35 वर्ष, ऊंचाई 168 सेमी तथा भार 56 से 90 किलो निर्धारित है। अभ्यर्थियों को सेवायोजन विभाग की वेबसाइट पर पंजीकरण कर शैक्षणिक प्रमाणपत्रों के साथ मेले में उपस्थित होना होगा।

# अंसारी समाज की बैठक में कई सामाजिक मुद्दों पर की गई चर्चा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** कस्बे के मोहल्ला खैल में अंसारी वर्किंग कमेटी की एक बैठक आयोजित की,बैठक में कई सामाजिक मुद्दों पर चर्चा की गई। इस दौरान दर्जनों लोग बैठक में मौजूद रहे बैठक की अध्यक्षता मतलूब अंसारी के द्वारा की गई।

कमेटी अध्यक्ष मतलूब अंसारी ने लोगों को शिक्षा के क्षेत्र में जागरूक होकर आगे बढ़ने का संदेश दिया। पर्यावरण संरक्षण की अहमियत पर जोर देते हुए लोगों से अपील की गई कि वह अपने आसपास सफाई और हरित वातावरण को बनाए रखने के प्रति सतर्क रहें। समाज के छोटे-छोटे मासूम बच्चे नशे के जाल में फंसते जा रहे हैं, इसे रोकने के लिए समुचित



कदम उठाना हम सभी की जिम्मेदारी है।

बैठक में शादी में फिजूल खर्ची को समाज के लिए घातक बताया गया। उपाध्यक्ष सलीम अंसारी ने कहा, शादियों में अत्यधिक खर्च समाज के गरीब परिवारों को दयनीय स्थिति में डाल रहा है। हमें चाहिए कि विवाह को साधारण और सादगीपूर्ण बनाकर खर्च को कम करें। अरशद अंसारी ने कहा, शिक्षा ही समाज की सबसे बड़ी शक्ति है। यदि हम बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ाएं तो भविष्य में नशा-मुक्त समाज की नींव रख सकते हैं।इस दौरान इदरीस अंसारी,शमीम अंसारी,हाजी युसूफ युनुस अंसारी, साबिर अंसारी, अब्दुल कय्यूम अनीस अंसारी, अंसारी मुस्तकीम अंसारी सहित आदि लोग मौजूद रहे।

## कार सवार युवकों ने शराब के नशे में उत्पात मचाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गाव जसाला निवासी एक युवक ने आरोप लगाया कि कुछ युवक शराब के नशे में धुत होकर उनके मकान के सामने गाड़ी खड़ी कर सार्वजनिक मार्ग पर जमकर उत्पात मचा रहे थे। मंगलवार को थाना क्षेत्र के गांव जसाला निवासी कुलदीप व उनके पड़ोसी बिन्दर पुत्र हरिसिंह ने ने बताया कि कुछ युवक सड़क पर गाड़ी खडी कर शराब पीकर उत्पात मचा रहे थे उक्त युवको को रोकने का प्रयास किया, तो आरोपितों ने गाली गलौज करते हुए दोनों पर लात, घूंसों और बेल्ट से बेरहमी से हमला किया। इस हमले में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। पीड़ित कुलदीप ने बताया कि कार में सवार एक युवक की पहचान की है। पीडितों ने थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

# विधायक अशरफ अली खान ने धार्मिक स्थलों के लिए मार्ग निर्माण की मांग उठाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** थाना भवन विधायक अशरफ अली खान इन दिनों लखनऊ प्रवास पर हैं, जहां वह थानाभवन क्षेत्र की विकास योजनाओं को गति देने के लिए लगातार संबंधित विभागों और मंत्रियों से मुलाकात कर रहे हैं। इसी क्रम में विधायक अशरफ अली खान ने लोक निर्माण विभाग को पत्र लिखकर विधानसभा क्षेत्र के फुसगढ़, यारपुर, दखोड़ी जमालपुर, भंदोड़ा और गोगवान जलालपुर गांवों में धार्मिक स्थलों तक



पहुंचने के लिए मार्ग निर्माण की मांग की है।इस संबंध में विधायक ने कहा कि ग्रामीण लंबे समय से इन मार्गों के निर्माण की मांग कर रहे थे। जनप्रतिनिधि होने के नाते क्षेत्र की जनता की समस्याओं और भावनाओं को सरकार तक पहुंचाना मेरा कर्तव्य है। इसी दिशा में यह एक सकारात्मक पहल की गई है। हमें आश्वा. सन मिला है कि शीघ्र ही इन गांवों के धार्मिक स्थलों को सुगम मार्ग उपलब्ध होगा।विधायक ने आगे कहा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रेरणा और चौधरी जयंत चौधरी के दिशा-निर्देशन में वह हमेशा जनहित के मुद्दों को प्राथमिकता के साथ उठाते रहेंगे।

# स्वच्छता के प्रति लोगों को किया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** नगर पंचायत ने स्वच्छता शपथ,सोर्स सेग्रीगेशन एवं होम कम्पोस्टिंग, डोर टू डोर प्रशिक्षण एवं जागरूकता अभियान चला कर नागरिको को जागरूक किया शासन द्वारा निर्गत आदेशानुसार एवं अधिशासी अधिकारी जितेन्द्र राणा एवं अध्यक्षा राव मुशयदा द्वारा दिए गए निर्देशो के अनुपालन मे स्वच्छता ही सेवा के अंतर्गत स्वच्छता शपथ एवं हर घर स्वच्छता प्रशिक्षण एवं जागरूक अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

मंगलवार को नगर पंचायत कार्यालय गार्डन मे नगर पंचायत स्टॉफ ,SVPS अध्यक्ष एवं सदस्यों द्वारा स्वच्छता शपथ ली गई जिसके बाद किसान इंटर कॉलेज मे स्वच्छ सारथी कलब के सदस्यों एवं छात्र-छात्राओ को स्वच्छता प्रशिक्षण




कार्यक्रम कराया गया एवं स्वच्छता शपथ ली गई और सभी वार्डो मे नगर पंचायत टीम एवं टचै के सदस्यों द्वारा वार्ड वासियो को डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन के समय ही अपने घर से निकलने वाले कचरे को अलग अलग डस्टबिन मे संग्रह करने, कचरे को अलग अलग कूड़ा वाहन को देने, सोर्स सेग्रीगेशन, गीले कूड़े को होम कंपोस्टिंग के माध्यम से खाद्य बनाने आदि के बारे में आम जनमानस को जागरूक किया गया एवं स्वच्छता शपथ दिलाई गई और साथ ही सफाई एवं अन्य शिकायत सम्बंधित टोल फी नंबर 1533 एवं अपने घर के सेफ्टी टैंक कि सफाई हेतु टोल फी नंबर 14420 के बारे मे जानकारीध्प्रचार -प्रसार किया गया साथ ही अपने नगर एवं देश को स्वच्छ रखने के लिए प्रतिज्ञा ली गई। कार्यक्रम मे नगर पंचायत वरिष्ठ लिपिक संजय कुमार विनित कुमार मनीष कुमार वसीक अहमद आदि नगर पंचायत के सफाई कर्मचारी मौजूद रहे।

# लूट की झूठी सूचना से पुलिस को किया गुमराह



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** दिन दहाड़े हुई 2 लाख रुपए की लूट की सूचना से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। खबर लगते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी ली। पूछताछ के दौरान पुलिस को घटना संदिग्ध प्रतीत हुई तो गहराई और सख्ताई से पूछताछ की तो पूरे खेल का खुलासा हो गया। युवक ने कर्ज उतारने के लिए लुट की झूठी सूचना दी थी। पुलिस ने लूट की घटना का नाटक रच पुलिस को गुमराह करने वाले को हिदायत देकर छोड़ दिया।

दरअसल, कोतवाली बेहट इलाके के गांव पिठौरी निवासी सरफराज पुत्र शफीक ने पुलिस को सूचना दी कि वह अपने साथी शाकिर पुत्र महबूब के साथ बेहट से किसी से 2 लाख रुपए लेकर वापस गांव लौट रहा था लेकिन नगला खुर्द से आगे उसे कार सवार 4 बदमाशों ने रोका और चाकू की नोक पर उससे 2 लाख रुपए लुट लिए। सूचना मिलते ही कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सतपाल भाटी मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी की। पूछताछ के दौरान लुट का शिकार पीड़ित बार बार अपने बयान बदल रहा था जिसके बाद पुलिस को घटना संदिग्ध प्रतीत हुई। इंस्पेक्टर सतपाल भाटी ने गहराई और सख्ताई से युवकों से पूछताछ की तो पूरे खेल का खुलासा हो गया। पुलिस के मुताबिक लुट की सूचना देने वाले युवक सरफराज ने बताया कि उसके सिर कर्जा हो गया था जिसे चुकाने के लिए उसने लूट की झूठी सूचना देने की योजना बनाई। इंस्पेक्टर ने बताया कि सरफराज की निशानदेही पर 2 लाख रुपए की रकम भी उस खेत से बरामद कर की गई जिसमें उसने छिपाई थी। लूट की झूठी सूचना देकर पुलिस को गुमराह करने वाले युवकों को पुलिस ने कड़ी हिदायत देकर छोड़ दिया।।

## आकाशीय से बिजली गिरने से युवक की मौत

**नागल।** मंगलवार दोपहर बाद अचानक आयी तेज बारिश व गर्जना के साथ कडकी आकाशीय बिजली गिरने से कस्बे के ताजपुर रोड पर स्थित ईट भट्टा के निकट एक मजदूर की मौत हो गई । पुलिस ने मृतक का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

मेरठ के थाना दौराला के गांव कैली कपसाड निवासी शादाब 35 पुत्र अबरार मजदूरी करने के लिए अपने ही गांव के कुछ साथियों के साथ पिकअप में पुराली भरने के लिए नागल क्षेत्र के ताजपुर रोड पर एक ईट भट्टे के पास एक व्यक्ति के खेत में पुराली भरने के लिए आया था। दोपहर करीब साढे तीन बजे आकाशीय बिजली गिरने से वह इसकी चपेट में आ गया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया । उसके साथी उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर लाए जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# गलियों में पानी, बच्चों का स्कूल जाना दुश्वार





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** नगर पंचायत के हालात बदसे बदत्तर होते जा रहे है। गलियों में पानी भरा हुआ है। जिसके कारण स्कूल के बच्चे और आम नागरीक को आने जाने में बहुत ज्यादा दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

कांग्रेस से नगर पंचायत पद के प्रत्याशी रहे अब्दुल हसीब मलिक ने आरोप लगाया कि विकास के रुपयों का बंदरबाँट हो रहा है। ढाई साल होने के बाद आज तक कस्बा विकास से बहुत दूर है नगर पंचायत अध्यक्ष सरकारी धनराशि का दुरुपयोग कर अपना विकास करने में जुटी है। उन्होंने मुख्यमंत्री, शहरी विकास मंत्री, मंडलायुक्त, जिलाधिकारी से माँग की है कि छुटमलपुर नगर पंचायत में तत्काल प्रशासक की नियुक्त कर इनकी आय से अधिक स्मपत्ति की जाँच की जाये। पूर्व नगर पंचायत प्रत्याशी का कहना है कि आम लोगों का जीवन बहुत दिक्कत से भरा है। कस्बावासी बहुत ज्यादा दिक्कतों से अपना जीवन व्यापन कर रहे है। इसलिये तत्काल नगरपंचायत अध्यक्ष के अधिकार सीज कर जिलाधिकारी और मुख्य विकास अधिकारी के अधीन प्रशासक नियुक्त किया जाना जरूरी है।

आज के समाचार पत्रों में झंडा और ट्रेक्टर की सर्विस का मामला सब के सामने है जिसकी आयुक्त जाँच कर रहे है जल्दी ही छुटमलपुर के विकास को तेजी से आगे बढ़ाने के लिये चेयरमैन को बर्खास्त कर प्रशासक नियुक्त होना अनिवार्य है।

इस दौरान फुरकान, तज्जमुल अंसारी, साकिब, इस्लाम, फरहान, जुल्फकार, सलमान व सुहेल भी मोजूद रहे।

# धूमधाम से निकाली भगवान शंकर की बारात



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** प्राचीन श्री रामल. ीला कमेटी द्वारा रामलीला महोत्सव के प्रथम दिन भगवान शंकर की बारात निकाली गयी।

भगवान शंकर की बारात का शुभारंभ महापौर डॉ अजय कुमार सिंह व कमेटी के प्रधान विनय जिंदल, मंत्री सजंय सिंघल, कार्यालय प्रभारी आयुष सिंघल द्वारा नारियल फोड़ कर किया गया। बारात श्री रामलीला भवन से चलकर ढोल नगाड़ों ,बेंड बाजो व विशेष आकर्षण अघोरी नृत्य के साथ बड़े ही धूम धाम से मुख्य बाजारों से होती हुई पुराना बजाजा हलवाई हट्टा पहुँची, जहाँ भगवान शंकर व माता पार्वती जी की सेवल हुई एवं सारथी व कमेटीगणो ने भगवान शंकर जी की आरती की, बारात सेवल होने के पश्चात वापिस श्री रामलीला भवन में पहुँची।

मंत्री सजंय सिंघल ने बताया इस वर्ष भगवान शंकर जी की बरात के सारथी बनने का सौभाग्य आशीष शर्मा व राहुल अग्रवाल को प्राप्त हुआ, व हाथी के सारथी बनने का अवसर सारथी वैश्य, शिवाय वैश्य वालो को सोभाग्य मिला, आये हुए सभी श्रद्धालुओं ने शोभायात्रा का भरपूर आनंद लिया व शिवम आर्ट ग्रुप के कलाकारों ने भोले शंकर का अघोरी नृत्य कर सभी दर्शकों का मनमोहा, व सभी ने भगवान शंकर का आशीर्वाद प्राप्त किया।

कमेटी प्रेस प्रवक्ता राजा जैन ने बताया कि रामलीला के शुभारंभ पर रात्रि 9 बजे रात्रि लीला के मुख्य अतिथि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक व नगर पुलिस अधीक्षक एवं शीतल विश्नोई गोयल (महानगर अध्यक्ष भाजपा) व राकेश जैन (निवर्तमान अध्यक्ष भाजपा) होंगे।

# भगवान की अनंत लीलाओं का वर्णन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ द्वितीय दिवस पर दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान की भागवताचार्य महामनस्विनी साध्वी पद्महस्ता भारती ने भगवान की अनंत लीलाओं के आध्यात्मिक रहस्यों को मार्मिक ढंग से प्रस्तुत किया।

साउथ सिटी, दिल्ली रोड स्थित पंडाल में चल रहे आयोजन में साध्वी जी ने नन्हें भक्त ध्रुव की संकल्प यात्रा का प्रसंग सुनाते हुए कहा कि भगवान भावों के भूखे हैं। भक्त जब पूरे मन से पुकारता है, तो वे तुरंत दौड़े चले आते हैं। उन्होंने बताया कि आत्मा और परमात्मा का मिलन सद्गुरु रूपी सेतु के माध्यम से ही संभव है। जैसे ध्रुव को देवर्षि नारद जी ने प्रभु की गोद तक पहुंचाया, अर्जुन को भगवान श्रीकृष्ण ने विराट स्वरूप का दर्शन कराया और राजा जनक को गुरु अष्टावक्र ने जीवन सत्य का बोध कराया। भक्त-श्रद्धालु झूमते हुए भक्ति रस में सराबोर हो उठे। इस अवसर पर शहर के विशिष्ट नागरिकों सहित भारी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## नवरात्र से पहले अलर्ट पर खाद्य विभाग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नानौता।** खाद्य विभाग की टीम ने नवरात्र शुरू होने से पहले नगर में औचक निरीक्षण करते हुए व्यापारियों को कुट्टू के आटे का भंडारण ना करने कि नसीहत दी

नगर में भारी रोड़ पर एक परचून व्यापारी कि दुकान पर खाद्य सुरक्षा अधिकारियों कि टीम पहुंचने से दुक. ानदारो में हड़कंप मच गया तहसील रामपुर मनिहारान क्षत्रिय खाद्य सुरक्षा अधिकारी शिवनाथ सिंह ने बताया कि उक्त व्यापारी की दुकान से चाय की पत्ती सैंपल लिया गया है रिपोर्ट आने के बाद ही अग्रिम कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। साथ ही उन्होंने दुकानदारो को नसीहत देते हुए कहा कि आगामी नवरात्र सहित अन्य त्योहार आ रहे हैं इन दिनों कुट्टू के आटे का प्रयोग अधिक मात्रा में किया जाता है मगर कुट्टू के आटे कि लाइफ लम्बी नहीं होती है।

# बाबा घुमरा मंदिर में दान किया ठंडे पानी का फ्रिज



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अंबेहटा।** रन्ढेड़ी गांव में स्थित प्रसिद्ध बाबा घुमरा मंदिर में ठंड पानी के लिए फ्रिज का उद्घाटन किया गया।

मंगलवार को बाबा घुमरा मंदिर में एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें अंबेहटा के पूर्व चेयरमैन राजकुमार खुराना, समा. जसेवी महेंद्र खुराना और अमन खुराना द्वारा मंदिर प्रांगण में श्रद्धालुओं के लिए ठंडे पानी का फ्रिज लगवाया गया। अपर जिला जज एफटीसी द्वितीय कमलदीप, नकुड़ उपजिलाधिकारी सुरेंद्र कुमार, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी एमपी सिंह, नकुड़ सीओ अशोक कुमार सिसोदिया ने संयुक्त रूप से फिता काटकर उद्घाटन किया और कहा कि फ्रिज विशेष रूप से गर्मी के मौसम में मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए उपयोगी साबित होगा।

थाना प्रभारी संतोष कुमार त्यागी मंदिर के महंत बाबा बुद्रा दास, अध्यक्ष राजेंद्र सिंह, प्रबंधन समिति के एडवोकेट सुशील चौधरी, कोषाध्यक्ष डॉ. मंदन सिंह, ग्राम प्रधान अनुज चौधरी, राहुल सैनी, कवरपाल सिंह, ओम सिंह, अंकित कम्हेड़ा, शीशपाल, सेठपाल सिंह, मेनपाल सिंह, पदम सिंह अलीपुरा, मुस्तफा प्रधान, बीडीसीअरशद चौधरी, मजा. हिर प्रधान, चंद्रपाल सिंह, रमेश चौधरी मुरादें खेड़ी आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# ज्योति जोत समावन दिवस मनाया



**नानौता।** नगर के गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा में प्रथम पातशाही श्री गुरुनानक देव जी महाराज का जोती जोत समावन दिवस बड़े ही श्रद्धा और उत्साह से मनाया गया। गुरुद्वारा साहिब में अटूट लंगर की सेवा की गई।

नगर के मोहल्ला सरावज्ञान स्थित गुरुसिंह सभा गुरुद्वारा साहिब में जोती जोत समावन दिवस पर श्री सुखमनी साहिब जी के पाठ व निशान साहिब जी के चोले की सेवा की गई। ज्ञानी हरविंदर सिंह खालसा ने गुरु नानक देव के उपदेश नाम जपो, किरत करो और वंड छको के साथ कहा कि गुरु नानक देव जी की शिक्षाएं आज भी प्रासंगिक है। इस दौरान प्रधान भूपेंदर सिंह खालसा, स. अरविंदर सिंह काका, मुख्तयार सिंह, इंदरजीत सिंह, गगनजीत सिंह खालसा, अमन सिंह, निहंग सिंघ मनप्रीत सिंह, कुलजोत सिंह रमन, अनिकेत कश्यप आदि ने सेवा की।

# आईआईएमटी में करियर सेमिनार का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नागल।** छात्रों के विकास और करियर संबंधी मार्गदर्शन के उद्देश्य से इंद्रप्रस्थ महाविद्यालय में एक विशेष ष्करियर काउंस. लिंग एवं छात्र विकासष सत्र का आयोजन किया गया। यह सत्र हाइब्रिड मोड में आयोजित किया गया।

करियर काउंसलिंग मे मुख्य वक्ता जुनैद तांत्रे असिटेंट प्रोफेसर निम्स कॉलेज ऑफ फार्मेसी जयपुर ने छात्रों को विभिन्न करियर विकल्पों, कौशल विकास, समय प्रबंधन, और वर्तमान नौकरी बाजार की मांगों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। तांत्रे ने छात्रों को बताया कि आज की प्रतिस्पर्धा में केवल डिग्री नहीं, बल्कि व्यावहारिक ज्ञान, संचार कौशल, और आत्मविश्वास भी सफलता की कुंजी हैं। उन्होंने छात्रों के प्रश्नों का उत्तर देते हुए उन्हें सही दिशा में सोचने और निर्णय लेने के लिए प्रेरित किया। निद. ेशक डॉ. अंजू वालिया ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि करियर काउंसलिंग जैसे सत्र छात्रों को अपने लक्ष्य निर्धारित करने में सहायता करते हैं। कार्यक्रम आयोजक डॉ. नेहा त्यागी ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम छात्रों के भविष्य निर्माण में अहम भूमिका निभाते हैं। इस सेमिनार में 155 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर मुख्य रुप से कार्यक्रम समन्वयक मोहम्मद असद ,वासिफ राव, आफाक अहमद, श्रुति आदि उपस्थित रहे।

# अवैध खनन से भरे वाहन पकड़े



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** थाना फतेहपुर में थानाध्यक्ष विनय शर्मा के कुशल नेतृत्व में पुलिस और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने अवैध खनन के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई की। इस अभियान में वरिष्ठ उपनिरीक्षक भूपेंद्र शर्मा, हेड कांस्टेबल विनोद कुमार, हेड कांस्टेबल रोहित राणा और तहसील बेहट के संग्रह अमीन जितेंद्र कुमार शामिल रहे टीम ने रसूलपुर रोड कट पर नियमित चेकिंग के दौरान चार डंपर ट्रकों को पकड़ा, जिनमें अवैध रूप से खनन सामग्री लदी थी। इन वाहनों को तौल कराकर थाना परिसर में खड़ा किया गया है।

पकड़े गए वाहनों के खिलाफ अग्रिम कार्रवाई के लिए रिपोर्ट उपजिलाधिकारी बेहट और खनन विभाग को प्रेषित की जा रही है। यह कार्रवाई अवैध खनन पर अंकुश लगाने और पर्यावरण संरक्षण के लिए पुलिस की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। थानाध्यक्ष विनय शर्मा के नेतृत्व में यह संयुक्त अभियान न केवल अवैध गति. विधियों पर नकेल कसने का प्रयास है, बल्कि यह स्थानीय स्तर पर कानून व्यवस्था को मजबूत करने का भी प्रतीक है। पुलिस और राजस्व विभाग की इस त्वरित कार्रवाई से अवैध खनन में लिप्त लोगों में हड़कंप मच गया है। भविष्य में भी ऐसी कार्रवाइयाँ जारी रहने की उम्मीद है, ताकि क्षेत्र में अवैध खनन को पूरी तरह रोका जा सके।

# भगवान श्रीराम हमारे आदर्श व मार्गदर्शक: इशांत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नागल।** कस्बे में आयोजित श्री रामल. ीला मंचन एवं दशहरा महोत्सव 2025 का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चारण और पूजन के साथ मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि इशांत चौधरी, डा नमन शर्मा, डा रामकुमार मलिक, थानाध्यक्ष रमेश चंद सिंह द्वारा किया गया

इस अवसर पर इशांत चौधरी ने कहा कि रामलीला का शुभारंभ करना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। भगवान श्रीराम के जीवन आदर्श आज भी हमारे लिए मार्गदर्शक हैं। हमें अपनी संस्कृति और संस्कारों को नई पीढ़ी तक पहुंचाना चाहिए। रामलीला केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक चेतना का प्रतीक है। ऐसे आयोजनों से बच्चों और युवाओं को अपने इतिहास और संस्कारों से जोड़ने का अवसर मिलता है। हमें रामराज्य के आदर्शों को अपनाकर अखंड भारत की दिशा में कार्य करना चाहिए। इस अवसर पर मुख्य रूप से सतेंद्र वैदिक, रजनीश नौसरान, कपिल डाबर, हिमांशु चौधरी,यश्वनी धीमान, अजय भटनागर, ईसम पाल, अनिल शर्मा,सुशील शर्मा,रविन्द्र कश्यप, महेंद्र शर्मा, हेमंत अरोडा ,श्रीपाल धीमान, लक्ष्मीचंद भगत, सुनील चौधरी, राज सिंह नौसरान, अशोक रोहिला, लेखराम चौधरी, सैंपल सिंह, विनोद भाटिया, बिरमपाल प्रधान, विमल बत्रा, यशवनी , विकास कुमार,राजेश्वर त्यागी, अनिल शर्मा, चौधरी राजवीर सिंह, अमरदीप चौधरी, प्रशांत डाबर, मनोज गर्ग, तुषार गर्ग, संजय सरोहा, प्रियदीप त्यागी, कृपाल सिंह, अशोक वत्स, लेखराम, मोहित गोयल, कपिल तायल, मनोज गर्ग, सतीश बत्रा आदि उपस्थित रहे।

# मामूली कहासुनी में चाकू घोंपा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** नगर में हुई मामूली कहासुनी को लेकर दो युवकों ने एक युवक के पेट में चाकू घोंप दिया, गंभीर रूप से घायल युवक को परिजन नजदीकी अस्पताल ले गये, जहां से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

मंगलवार दोपहर बाद सुल्तानपुर निवासी दीपांशु शर्मा किसी काम से चिलकाना गया हुआ था। चिलकाना बस स्टैंड पर उसकी कुछ युवकों से कहासुनी हो गई। मामूली कहासुनी से तैश में आकर युवकों ने आव देखा न ताव सीधे दीपांशु शर्मा के पेट में चाकू घोंप दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया ओर बेहोश होकर नीचे गिर गया। बस स्टैंड पर मौजूद लोग दीपांशु शर्मा को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सुलतानपुर ले गए जहां उसकी गंभीर हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार देकर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। चाकू मारकर युवक को घायल करने की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस सीएचसी सुल्तानपुर पहुंची तथा घटना की जानकरी ली। समाचार लिखे जाने तक पीड़ित की ओर से थाना पर कोई तहरीर नहीं दी गयी थी।

# जलभराव को लेकर ग्रामीणों का प्रदर्शन



**नकुड़।** तहसील क्षेत्र के गांव ब्राह्मण माजरा के ग्रामीणों ने जलभराव की समस्या को लेकर तहसील मुख्यालय पर जमकर विरोध प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने उपजिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन सौंपते हुए चेतावनी दी कि यदि जल्द ही नाला निर्माण व सफाई व्यवस्था नहीं कराई गई तो वे बड़े आंदोलन को बाध्य होंगे।

ग्रामीणों का आरोप है कि वर्षों से गांव में पानी की निकासी की कोई ठोस व्यवस्था नहीं है, जिसके चलते घरों के बाहर गंदा पानी जमा रहता है। उसी पानी से होकर आवाजाही करनी पड़ती है, जिससे मच्छर-मक्खियों का प्रकोप बढ़ता है और डेंगू-मलेरिया जैसी बीमारियों का खतरा बना रहता है। बरसात के दिनों में हालात और भी भयावह हो जाते हैं, यहां तक कि पानी घरों में घुस जाता है। ग्रामीणों ने बताया कि पहले भी कई बार शिकायतें दर्ज कराई गई। अधिकारी मौके पर आकर पैमाइश भी कर गए, लेकिन नाला निर्माण आज तक शुरू नहीं हो सका। ग्राम प्रधान पर भी लापरवाही का आरोप लगाया गया। ग्रामीणों का कहना है कि नालों की नियमित सफाई तक नहीं कराई जाती। इस दौरान सूरज, अनिल कुमार, पिंकी देवी, सविता देवी, संयोगिता, प्रमिला, रूमा, नोरती देवी, मुकेश देवी, गीता रानी, सरोज कुमारी, विश्वंभरी, नाथीराम, रमेश सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# पडौस के घर से बरामद किए मूर्तियों के चोरी मुकुट व वस्त्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नागल।** सोमवार रात किसी ने भाटखेडी रोड स्थित जाहरवीर गोगा महाडी पर बने मंदिर में स्थापित आठ मूर्तियों के वस्त्र व मुकुट चुरा लिए। सुबह पता चलते ही लोगों में रोष फैल गया। पुलिस ने तत्परता के साथ कार्रवाई कर पडोस में ही एक घर पर छापा मारा तो वहां से मूर्तियों के वस्त्र व मुकुट बरामद हो गए। पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

मिली जानकारी के मुताबिक भाटखेडी रोड स्थित जाहरवीर गोगा महाडी पर मंदिर में देवी देवताओं की आठ मूर्तियां लगी हैं। सोमवार रात किसी ने ताला तोडकर सभी मूर्तियों के वस्त्र व मुकुट चुरा लिए। सुबह जब विशंभर भगत के परिजन पूजा अर्चना करने पहुंचे तो मूर्तियों को निर्वस्त्र देख सन्न रह गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आस पास के कैमरो से सी सी फुटेज निकले और छानबीन की तो पता चला कि एक युवक यहां बैठकर लोगों को भभूत आदि देकर ठगता था। जिसे भगत विनोद कश्यप व चेतन ने भगा दिया था।

पुलिस ने इस कड़ी के आधार पर युवक घर छापा मारा तो वहां से वस्त्र व मुकुट बरामद हो गए। पुलिस ने बिसंबर भगत की तहरीर पर मुक. दमा दर्ज कर युवक अभिषेक पुत्र संदीप का चालान कर जेल भेज दिया। घटना का पटाक्षेप हो जाने से जहां पुलिस प्रशासन ने भी राहत की सांस ली है वहीं साम्प्रदायिक सद्भाव बिगाडने का घृणित प्रयास करने पर भी लगाम लग गया है। कस्बे के लोगों ने पुलिस की त्वरित कार्रवाई की सराहना की है।

# खेलों से बढ़ता है प्रेम: विकेश



**चिलकाना।** सुल्तानपुर नगर के खेल मैदान में सुल्तानपुर क्रिकेट क्लब के तत्वाधान में चल रहे मैत्री क्रिकेट मैच का उद्घाटन विधायक मुकेश चौधरी के प्रतिनिधि विकेश चौधरी के द्वारा फीता काटकर किया गया।

मंगलवार को उद्घाटन अवसर पर पहुंचे विधायक मुकेश चौधरी के भाई विकेश चौधरी ने सबसे पहले खिलाड़ियों का परिचय लिया। उन्होंने कहा कि खेलों से आपसी प्रेम व भाईचारा बढ़ता है व हमारा शरीर स्वस्थ रहता है। खेल की दुनिया बहुत ही रोचक है खेल में आप देश और दुनिया में अपना व देश का नाम रोशन कर सकते हैं। मंगलवार का पहला मैच बीराखेडी व घाटहेड़ा के बीच जिसमें घाटहेड़ा की टीम विजयी रही मैन ऑफ द मैच में इंजमाम रहे। वहीं दूसरा मुकाबला भोजपुर तगा व चकों के बीच हुआ जिसमें चाको की टीम विजयी रही। इस अवसर पर निशाक जैन, पवन गुम्बर, निर्दोष प्रधान, हिमांशु गर्ग ,रजत सैनी व दोनों टीमों के खिलाड़ी उपस्थित रहे।

**सूचना**

मैने अपने पुत्र मुर्तजा व उसकी पत्नि रूकसार को अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। भविष्य में उनके कार्यो का मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नही होगा।

**इमरान पुत्र बशीर निवासी ग्राम सूमली डाक नगराजपुर, थाना कोतवाली देहात, जिला सहारनपुर।**

# संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत

**मृतक की पत्नी ने हत्या की जताई आशंका, पुलिस जांच में जुटी**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हालांकि मृतक की पत्नी ने हत्या की आशंका जताई हैं।

गांधी कॉलोनी निवासी मृतक अनिल की पत्नी नीलम ने दो अज्ञात लोगों पर उसके पति की 200 रुपये की उधारी अदा ने करने पर हत्या करने का आरोप लगाया। हालांकि पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। नीलम के मुताबिक सोमवार को दोपहर के समय दो आदमी उसके घर आए थे और उसके पति को अपने साथ ले गए थे। उसके मुताबिक तीन बजे के करीब अनिल घर आ गया था लेकिन उसके बाद वह फिर से चला गया था। पीडिता के मुताबिक रात आठ बजे के बाद अनिल के कॉलोनी के बाहर बेसुध पड़े होने की सूचना पर उसे उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने अनिल के शव का पंचनामा कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। कोतवाली प्रभारी नरेंद्र शर्मा ने बताया कि अभी मामले की तहरीर नहीं मिली है। बताया कि मृतक के शरीर पर चोट के किसी तरह के कोई निशान नहीं थे। बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# राष्ट्रवादी नवनिर्माण दल ने चलाया सदस्यता अभियान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** चलो गांव की ओर सदस्यता अभियान के तहत त्यागी ब्राह्मण समाज के घरो पर दल का झंडा लगाया।

राष्ट्रवादी नवनिर्माण दल के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक त्यागी ने देवबंद विधानसभा 'चलो गांव की ओर' सदस्यता अभियान के तहत तहसील क्षेत्र के कई गांवो में सदस्यता अभियान चलाते हुए त्यागी ब्राह्मण समाज के लोगों के घरों पर दल का झंडा लगाया। अभिषेक त्यागी ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीकांत त्यागी की मुहिम बड़े पैमाने पर रंग ला रही है और त्यागी समाज अपने झंडे तथा अपनी पार्टी के साथ खड़ा नजर आ रहा है। देवेंद्र त्यागी, अवनीश त्यागी, अनुज त्यागी, लवकुश त्यागी, मोहित त्यागी आदि शामिल रहे।

# ग्रामीणों ने सड़क निर्माण को लेकर किया प्रदर्शन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** सडक निर्माण नहीं होने से परेशान ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर अविलम्ब सडक निर्माण नहीं कराये जाने पर पंचायत चुनाव का बहिष्कार करने की चेतावनी दी।

तहसील क्षेत्र के गांव खेड़ा मुगल के ग्रामीणो ने पुलिस चौकी के पास स्थित बस्ती वाली सडक का निर्माण न होने पर जोरदार प्रदर्शन किया। ग्रामीणो का आरोप है कि बीते 25 वर्षो से उक्त सडक का निर्माण नहीं हुआ है जिसके कारण यहां से गुजरते हुए लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। पानी निकासी न होने के कारण बरसात के मौसम में यह सड़क तालाब का रूप ले लेती है। ग्रामीणा लगातार सडक निर्माण की मांग करते चले आ रहे हैं लेकिन कोई सुनवाई नहीं होती है। प्रत्येक पांच वर्ष में प्रधानी से लेकर विधानसभा और लोकसभा के चुनाव होते हैं, लेकिन क्षेत्रवासी विकासकार्यो से हमेशा



वंचित रह जाते हैं। ग्रामीणों ने चेता. वनी दी कि यदि उक्त सडक का सीसी निर्माण न हुआ तो वह आगामी पंचायत चुनाव का बहिष्कार करने पर मजबूर होंगे। प्रदर्शन करने वालों में नौशाद, विष्णु, रहमान, कुलदीप, सतवीर, हमीदा, गुलअफशां, बिरमही, नफीस, मोमिन और गुलजार आदि ग्रामीण शामिल रहे।

# छात्र का फुटबॉल टीम में चयन होने पर जताया हर्ष

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** छात्र अभिषेक का प्रदेश स्टेट अंडर-19 फुटबॉल टीम में चयन होने पर कॉलेज प्रबंधतंत्र ने हर्ष जताया हैं।

लाला पूरनचंद साहनी मेमो. रियल इंटर कॉलेज के कक्षा 11 के छात्र अभिषेक का चयन उत्तर प्रदेश स्टेट अंडर-19 फुटबॉल टीम में हुआ है। अभिषेक ने बताया कि वह बहुत छोटी उम्र से फुटबॉल खेल रहे हैं। वह फॉरवर्ड और राईट-विंग स्ट्राइकर के रूप में खेलते हैं। उनकी प्रतिभा को पहली पहचान तब मिली थी जब गवर्नमेंट हाई स्कूल फतेहपुर यमुनानगर (हरियाणा) की ओर से जिला स्तरीय टीम में उनका चयन हुआ था। छात्र की उपलब्धि पर कॉलेज प्रबंधन ने हर्ष व्यक्त किया है।

# अध्यापक-अध्यापिकाएं शिक्षक रत्न से सम्मानित

**देवबन्द।** एसवीएम स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में अध्यापक अध्यापिकाओं को शिक्षक रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया।

बचीटी गांव में स्थित एसवीएम स्कूल प्रागण में आयोजित कार्यक्रम में औद्योगिक विकास एवं संसदीय राज्यमंत्री जसवंत सिंह सैनी ने कहा कि शिक्षक समाज को सही दिशा दिखाने का काम करते है। शिक्षक देश का गौरव व आधार है। भाजपा के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष अश्वनी त्यागी ने कहा कि शिक्षक उस दीये के समान है जो अंधकार मिटाकर शिक्षा रूपी उजियारा फैलाने का काम करता है। जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन चौ. राजपाल सिंह, बजरंग दल नेता विकास त्यागी, भाजपा नेता पंकज त्यागी ने बच्चों से शिक्षकों द्वारा बताए गए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। इस दौरान जगत बंधु ट्रस्ट की




ओर से पांच विकलांग लोगों को कृत्रिम उपकरण भेंट किए गए। अध्यक्षता ग्राम प्रधान पति मोमीन त्यागी व संचालन स्कूल प्रबंधक प्रशांत त्यागी ने किया। इस मौके पर मानवीर सिंह पुंडीर, ब्रह्मपाल सिंह, नितिन मलिक, कृष्णचंद सैनी, प्रदीप त्यागी, विकास त्यागी, पंकज त्यागी, अंबर सिंह मौर्य, वारिस त्यागी, विजय शंकर शर्मा आदि शामिल रहे।

# रंजिश के चलते गाली गलौच व जान से मारने की धमकी का आरोप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** मुकदमें बाजी की रंजिश के चलते गाली गलौच व जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया।

रणखंडी गांव निवासी विष्णु ने गांव के ही अंकुर, भारत, अंकित और दिनेश के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराते हुए आरोप लगाया है कि उक्त लोगों ने उसके भाई की हत्या की थी।

मुकदमेबाजी की रंजिश के चलते 14 सितंबर को उक्त लोगों ने रास्ते से गुजर रहे बेटे अंकित उर्फ मोंटी को रोक लिया और गाली गलौज करते हुए तमंचा दिखाकर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर चारों लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी का आरोप

**देवबन्द।** विदेश में नौकरी दिलाने का झांसा देकर 90 हजार रूपेय लेने का आरोप लगाया है मोहल्ला छिंपीवाडा निवासी व्यक्ति ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि मानकी गांव निवासी एक व्यक्ति ने बेटे को अपनी साथ दुबई में नौकरी पर लगाने की बात तय कर 90 हजार रुपये लिए थे। जिसके बाद वह बेटे को साथ ले गया, लेकिन उसकी नौकरी नहीं लगवाई, बल्कि उसे कमरे में बंद कर रखा। मुश्किल से उसे वापस बुलाया गया। पीडित ने पुलिस से कार्रवाई करने की गुहार लगाई है।

# श्री कृष्ण के जीवन की समस्त लीलाएं मानव के लिए प्रेरणा हैं: स्वामी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** श्रीमद् भागवत कथा में छठे दिन नृसिंह पीठाधीश्वर स्वामी रसिक महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन किया।

रणखंडी गांव में चल रही थामना डांडी मार्ग स्थित सभागार में चल रही कथा में रसिक महाराज ने कहा कि श्री कृष्ण के जीवन की समस्त लीलाएं प्रत्येक मानव के लिए प्रेरणा देने वाली हैं। नंदग्राम में माता यशोदा की गोद में खेलकर और बाल सखाओं के साथ श्री कृष्ण ने जो साहसिक लीलाएं की, उनसे समा. जसेवा, सामाजिक समरसता, धर्मरक्षण, नारी सशक्तिकरण और संगठन में शक्ति का दर्शनशास्त्र समाया हुआ है। मंगलवार को पूर्व सांसद राघव लखनपाल शर्मा व



नानौता की ब्लाक प्रमुख चांदनी राणा ने भी कथा का रसपान किया और कथावाचक का आशीर्वाद लिया। इस मौके पर आयोजन समिति के अध्यक्ष पूर्व ब्लाक प्रमुख ठा. अनिल पुंडीर, जोगिंद्र पुंडीर, गौरव पुंडीर, सौरव सिंह, लखनपाल पुंडीर व राहुल राणा आदि शामिल रहे।

# उचित दर की दुकान के लिए चिन्हित की भूमि

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** सरकारी उचित दर की दुकान के लिए भूमी को चिन्हित कर ग्राम प्रधान व पंचायत सचिव को आवश्यक कार्रवाई के लिए निर्देशित किया।

खंड विकास अधिकारी असलम परवेज ने मंगलवार को गांव खेड़ा मुगल पहुंच उचित दर की दुकान के लिए खाली पड़ी ग्राम समाज की भूमि का चयन किया। साथ ही उक्त भूमि पर बने उपलों के बिटोड़ो और कूड़ी आदि को तुरंत हटवाने के लिए ग्राम प्रधान गुरुपाल सिंह व ग्राम पंचायत सचिव राजेश्वर सैनी को निर्देशित किया।

# नि:शुल्क चिकित्सा शिविर में हुआ सैकड़ों का इलाज

**मुजफ्फरनगर।** तीन दिवसीय कार्यशाला के अंतिम दिन आयुरगंगे क्लिनिक नुमाइश कैंप द्वारा निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन दुर्गा मंदिर नुमाइश कैंप में किया, जिसमें सैकड़ो मरीजों का इलाज किया साथ ही निशुल्क दवाई का वितरण किया गया। शिविर में घुटनों के दर्द ,त्वचा पर मस्सें व तिल, कंधे में दर्द के मरीज अधिक संख्या में आए , जिनकी चिकित्सा लीच थेरपी , जानु व कटी बस्ति , आधुनिक अलाबू चिकित्सा के साथ साथ अग्निकर्म द्वारा शिविर में स्थानीय डॉ प्रवीण कुमार ,वैद्य आशुतोष ,वैद्य चिराग भारद्वाज, वैद्य संस्कार पांडे,वैद्य हिमांशु चौधरी,वैद्य वर्षा यादव, वैद्य राहुल चौहान, वैद्य अमित बिस्वास, वैद्या सानिया सिंघल, वैद्य प्रियाशा मेहता, वैद्य श्यामा, वैद्य वैष्णवी सिंह



, वैद्य गौरव गोविल, वैद्य देवांश गुप्ता ,वैद्य प्रशांत, वैद्य कपिल शर्मा, वैद्य आरती, वैद्य सलोनी मंगल ,वैद्य रीति वास्तव, वैद्य रुचि अरोड़ा, वैद्य आक. ाश वर्मा , वैद्य हेमंत अरोड़ा ,वैद्य महिमा राजपूत वैद्य निवेदिता अरोड़ा, वैद्य नीति गुप्ता,वैद्य धर्मेंद्र राठी ,वैद्य राज सिंह, वैद्य सना अंसारी, वैद्य जागृति राजपूत, वैद्य राशिद,वैद्य निशांत गिरी, वैद्य कृष्ण मुरारी, वैद्या



निशा बरनवाल, वैद्य रितिक शर्मा आदि ने अपना सराहनीय योगदान दिया ।सभी आयुर्वेद युवा चिकित्सक के प्रेरणा स्रोत सुप्रसिद्ध वैद्य , वैद्य उदय तल्हार रहें। इस शिविर को सफल कराने में कुल हर्बल्स, प्लस एरा, शर्मायु,अल्ना वेदिक आदि कंपनियों का मुख्य सहयोग रहाद्य शि. विर द्वारा हमारे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की मुहिम ह हर दिन आयुर्वेद , हर घर आयुर्वेद को जन साधारण तक पहुंचाया।

# जनसंपर्क कर अधिवक्ताओं से मांगे वोट

**देवबन्द।** बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के सदस्य पद के प्रत्याशी सरताज आलम गाजी एड. ने जनसंपर्क कर अधिवक्ताओं से वोट देने की अपील की है।

बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के चुनाव में सदस्य पद के प्रत्याशी मेरठ निवासी सरताज आलम गाजी एड. जनसंपर्क अभियान के तहत मंगलवार को देवबंद पहुंचे और अधिवक्ताओं से अपने पक्ष में वोट करने की अपील की। इस मौके पर नसीम अंसारी एड., तहसील खां, रिजवान कासमी, रिजवानुल हक, खालिद खां, जमील भारती, शमशाद मलिक, चौधरी रामपाल सिंह, रविंद्र आदि अधिवकतागण शामिल रहे।

# पत्रकारों के हितों लिए मुख्यमंत्री के नाम सौंपा सात सूत्रीय ज्ञापन

**ग्रामीण पत्रकारों की समस्याओं और उनके कल्याण से जुड़ी निम्नलिखित मांगों को पूरा कराने की मांग, मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश के नाम ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन उत्तरप्रदेश जनपद शामली के पदाधिकारियों ने तहसील मुख्यालय पहुंचकर सौंपा सात सूत्रीय ज्ञापन**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन से जुडे पत्रकार प्रदेश के आम जनमानस की समस्याओं को अपनी लेखनी के माध्यम से शासन-प्रशासन तक पहुंचाने तथा शासन की विकासोन्मुख प्राथमिकताओं को अपने अपने अखबार के माध्यम से ग्रामीणों तक पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं, तथा कठिन परिस्थितियों में भी ग्रामीण पत्रकारिता को जीवित रखते हुए लो. कतंत्र की सशक्त धारा को बनाए रखने में अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं। ग्रामीण पत्रकारों की समस्याओं और उनके कल्याण से जुड़ी निम्नलिखित मांगों पर शासन स्तर से गंभीरता से विचार कर पूरी कराने के लिए जिला महामंत्री सुधीर चौधरी के संग पत्रकारों ने तहसील मुख्यालय पर पहुंचकर मुख्यमंत्री को संबोधित सात सूत्रीय ज्ञापन पत्र नायब तहसीलदार को सौंपा।



मंगलवार को ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र नाथ पांडेय एवं जिला अध्यक्ष इंद्रपाल सिंह पांचाल के निर्देश पर जिला महामंत्री सुधीर चौधरी संगठन के दर्जनभर पदाधिका. रियों व सदस्यों सहित तहसील मुख्यालय पहुंचे। जहां उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम सात सूत्रीय एक ज्ञापन पत्र नायब तहसीलदार सतीश यादव को सौंपा,जिसमें ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन, उत्तर प्रदेश के लिए राज्य मुख्यालय लखनऊ में शासन की ओर से,अन्य संगठनों की भांति कार्यालय हेतु भवन का आवंटन दारुलसफा या ओसीआर में किया जाए,जिससे सुदूर जनपदों से आने वाले पत्रकारों को रुकने तथा प्रदेश स्तरीय बैठकें करने की समस्या का निदान हो सके। मान्यता-प्राप्त पत्रकारों की तरह ही ग्रामीण पत्रकारों को भी आयुष्मान भारत योजना का लाभ दिया जाए, ताकि वह और उनका परिवार मुफ्त कैशलेश इलाज करा सके। इस योजना में केवल अखबारों में कार्यरत संवाददाताओं को शामिल किया जाए, जिनकी सूची जिला सूचना कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

ग्रामीण पत्रकारों को शासन स्तर से बीमा योजना में शामिल किया जाए। साथ ही लंबे समय से आंच. लिक पत्रकारिता कर रहे 60 वर्षीय बुजुर्ग ग्रामीण पत्रकारों को पेंशन योजना का लाभ दिया जाए। इनकी सूची भी जिला सूचना कार्यालय के माध्यम से तैयार कराई जाए।ग्रामीण पत्रकारों के विरुद्ध कोई भी प्राथमिकी दर्ज करने से पूर्व जिला पुलिस के किसी राजपत्रित अधिक. ारी द्वारा अनिवार्य रूप से जांच की जाए, ताकि पत्रकारों का अनावश्यक उत्पीड़न रोका जा सके। राज्य एवं जिला स्तर पर स्थाई समिति की भांति तहसील स्तर पर भी प्रशासनिक अफसरों के साथ ग्रामीण पत्रकारों की नियमित बैठकें कराई जाएं। शासन के निर्देशानुसार ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के सभी संबंधित तहसील अध्यक्षों को इसमें अनिवार्य रूप से शामिल किया जाय।प्राकृतिक आपदा या दुर्घटना में मृत ग्रामीण पत्रकार के परिजनों को किसान बीमा योजना की तरह तत्काल पांच लाख रूपए की सहायता प्रदान की जाए। इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री राहत कोष से 20 लाख रूपए की आर्थिक मदद दी जाए, ताकि शोकग्रस्त परिवार को संकट की घड़ी में सहारा मिल सके।इसकी सूची भी जिला सूचना कार्यालय से तैयार की जाए। ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध वसूली करने वाले फर्जी पत्रकारों की शिनाख्त कर उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए। इसके लिए जिला स्तर पर स्थाई समिति की बैठक बुलाकर असली और फर्जी पत्रकारों की पहचान की जाए तथा चिन्हित व्यक्तियों को नोटिस देकर तत्काल प्रभावी कार्रवाई की जाए। जिसमें पत्रकार संगठन कैराना अध्यक्ष संदीप इन्सां, महराब चौधरी,एम इकबाल हसन,डॉक्टर सलीम फारूकी, सालिम अंसारी, इरफान चौधरी, तहसील अध्यक्ष सन्नी गर्ग, आशीष सैनी, वाजिद अली, सलमान चौधरी, देवराज चौहान, स्वदेश पंवार व अनुज रावल एडवोकेट आदि शामिल रहे।

# नपा कर्मचारियों की भविष्य निधि में गबन का आरोपी लिपिक सस्पेंड

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** नपा कर्मचारियों की भविष्य निधि की राशि धोखाधड़ी करके अपनी पत्नी व अन्य के खातों में जमा करने के आरोपी लिपिक विपुल पंवार को पालिकाध्यक्ष शमशाद अहमद अंसारी ने सस्पेंड कर दिया है। पालिका में कार्यरत अवर अभियंता (जल) को मामले का विवेचक नियुक्त किया गया है। आरोपी लिपिक को नगरपालिका के कर संग्रह विभाग में सम्बद्ध रहने के निर्देश दिए गए है।

नगरपालिका परिषद कैराना में तैनात अधिष्ठान लिपिकद्धवेतन, पेंशन व पीएफऋ विपुल पंवार को सस्पेंड कर दिया गया है। पालिकाध्यक्ष शमशाद अहमद अंसारी ने जांच के उपरांत लिपिक के विरुद्ध निलंबन की कार्यवाही की है। लिपिक पर भारतीय स्टेट बैंक की स्थानीय शाखा में जमा की जाने वाली नगरपालिका के नियमित कर्मचारियों की भविष्य निधि (पीएफ) की धनराशि को धोखाधड़ी करके अपनी पत्नी व अन्य के खातों में जमा कराने का आरोप है, जिसकी पुष्टि शाखा प्रबंधक द्वारा भी की गई है। पालिकाध्यक्ष की ओर से जारी निलंबन आदेश में कहा गया है कि उक्त कृत्य भारतीय दंड संहिता की धाराओं के तहत दण्डनीय अपराध की श्रेणी में आता है। आरोपी लिपिक को पालिका के कर संग्रह विभाग में सम्बद्ध किया गया है। लिपिक के बिना अनुमति कार्यालय छोड़ने पर भी रोक लगा दी गई है। पालिका में कार्यरत अवर अभियंता जल को मामले का जांच अधिकारी नियुक्त किया गया है।

# राष्ट्रीय शिक्षा सदन इंटर कॉलेज झिंझाना ने जीता कबड्डी खिताब

**झिंझाना।** तहसील स्तरीय बालक वर्ग कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन राष्ट्रीय शिक्षा सदन इंटर कॉलेज झिंझाना के मैदान में किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ कॉलेज के प्रधानाचार्य प्रवीण कुमार तथा विभिन्न टीमों के टीम प्रभारियों ने सामूहिक रूप से किया। फाइनल मुकाबले में राष्ट्रीय शिक्षा सदन इंटर कॉलेज झिंझाना ने शानदार प्रदर्शन करते हुए डी सेंट पब्लिक इंटर कॉलेज झिंझाना को 32-25 के अंतर से पराजित कर प्रथम स्थान हासिल किया। द्वितीय स्थान डी सेंट पब्लिक इंटर कॉलेज झिंझाना ने प्राप्त किया, जबकि तृतीय स्थान जय सीताराम इंटर कॉलेज झिंझाना के हिस्से में गया। प्रतियोगिता के संचालन में नीटू, दीपक व दिनेश चंद्र शर्मा की भूमिका रही। कोच उस्मान अली ने बताया कि विजेता टीम ऊन तहसील की ओर से 19 सितंबर को राष्ट्रीय किसान इंटर कॉलेज शामली में आयोजित होने वाली जनपद स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेगी। इस अवसर पर प्रधानाचार्य ने सभी खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।



# एसडी मैनेजमेंट स्टडीज में बीबीए का परिणाम घोषित

**मुजफ्फरनगर।** आज एसडी कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज, मुजफ्फरनगर में बीबीए चतुर्थ सेमेस्टरर का परिणाम घोषित किया गया। यह अवसर केवल परिणाम घोषणा का ही नहीं बल्कि विद्यार्थियों के परिश्रम लगन और दृढ संकल्प का उत्सव भी था। कॉलेज परिसर में परिणाम घोषणा कार्यक्रम का आयोजन बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज के प्राचार्य डॉ. संदीप मित्तल ने की तथा बीबीए विभागाध्यक्ष राजीव पाल सिंह ने विद्यार्थियों को मार्गदर्शन एवं प्रेरणादाई शब्दों से संबोधित किया। इस अवसर पर कॉलेज के सभी शिक्षकगण तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। इस परिणाम में बीबीए



चतुर्थ सेमेस्टरर में प्रथम स्थान नैना मिगलानी ने प्राप्त किया, जिन्होंने 87. 17 प्रति. अंक अर्जित कर कॉलेज का नाम रोशन किया। द्वितीय स्थान पर खुशी रहीं, जिन्होंने 85.85 प्रति. अंक प्राप्त किए। वहीं तृतीय स्थान ध्रुव जैन ने 84.28प्रति. अंक प्राप्त कर हासिल किया। इन तीनों प्रतिभावान विद्यार्थियों को कॉलेज की ओर से विशेष सम्मानित किया गया। प्राचार्य डॉ. संदीप मित्तल ने अपने संबोधन में कहा कि यह परिणाम विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, आत्मविश्वास और निरंतर प्रयास का सजीव उदाहरण है। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल परीक्षा में अच्छे अंक लाने तक सीमित नहीं है बल्कि इसका वास्तविक उद्देश्य विद्यार्थियों के व्यक्तित्व का विकास और समाज के प्रति जिम्मेदारी का बोध कराना है। डॉ। मित्तल ने छात्रों से कहा कि वे निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर रहें और अपने माता-पिता तथा शिक्षकों का नाम रोशन करें। विभागाध्यक्ष राजीव पाल सिंह ने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की लगन और नियमित अध्ययन का परिणाम है उन्होंने विद्यार्थियों को यह संदेश दिया कि जीवन में लक्ष्य तय करना और उसकी ओर योजनाबद्ध ढंग से मेहनत करना ही सफलता की कुंजी है। उन्होंने यह भी कहा कि बी।बी।ए। जैसे प्रबंधन कार्यक्रम से निकलने वाले विद्यार्थी समाज और उद्योग जगत दोनों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए तैयार होते हैं। इस अवसर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली नैना मिगलानी ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और शिक्षकों को दिया।

**सूचना**

मैंने अपना नाम SUFIYAN AHMAD से बदलकर SUFIYAN MALIK रख लिया हैं भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये।

SUFIYAN MALIK
S/O ANISUL HAQ
H.NO.772CHHIMPIWARA
DEOBAND
(SAHARANPUR)

**सम्बंध विच्छेद**

मेरा पुत्र सादिक अहमद व पुत्रवधू अजरा पत्नी सादिक अहमद का आचरण परिवार के प्रति सही नहीं है। में ओर मेरे परिवार ने दोनों से सम्बंध विच्छेद कर अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया हैं।

जहांगीर पुत्र हनीफ
गांव पंडौली थाना नागल सहारनपुर।

# स्टेटिंग विश्व चैंपियनशिप में आनंद ने जीता सोना




## भारत को पहला विश्व स्वर्ण पदक दिलाया, पीएम ने दी बधाई

**बीजिंग/नई दिल्ली, वार्ता।** भारत के स्पीड स्केटर आनंदकुमार वेलकुमार ने स्पीड स्केटिंग विश्व चैंपियनशिप में भारत के लिए पहला स्वर्ण पदक जीतकर देश के लिए एक स्वर्णिम अध्याय लिखा।

वेलकुमार ने सीनियर पुरुषों की 1,000 मीटर स्प्रिंट स्पर्धा में 1 मिनट 24-924 सेकंड का समय लेकर शानदार जीत हासिल की और प्रतिस्पर्धी अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सबसे आगे रहे। उनकी यह जीत भारतीय रोलर स्पोर्ट्स के लिए एक महत्वपूर्ण क्षण था, जो लंबे समय से वैश्विक मंच पर पहचान बनाने की कोशिश कर रहा था। तमिलनाडु के इस 23 वर्षीय खिलाड़ी ने पिछले हफ्ते बेइदाईहे में 500 मीटर स्प्रिंट में 43:072 सेकंड के समय के साथ कांस्य पदक जीतकर इसी प्रतियोगिता में भारत के लिए पहला सीनियर पदक हासिल किया था। इस जीत के साथ, उन्होंने अपनी इस उपलब्धि को सर्वोच्च पोडियम तक पहुंचाया और स्पीड स्केटिंग में भारत के पहले विश्व चैंपियन बने। भारत की पदक तालिका में तब और इज़ाफ़ा हुआ जब जूनियर स्केटर कृष शर्मा ने अंडर-19 वर्ग में 1,000 मीटर स्प्रिंट में स्वर्ण पदक जीता, जिसने देश में इस खेल के बढ़ते प्रभाव को रेखांकित किया। स्पीड स्केटिंग विश्व चैंपियनशिप 13 सितम्बर को बेइदाईहे में शुरू हुई और 21 सितम्बर को समाप्त होगी। भारतीय रोलर स्केटिंग महासंघ के अधिकारियों ने इस जीत को एक ऐसे खेल के लिए महत्वपूर्ण मोड़ बताया, जिसने जमीनी स्तर की अकादमियों के माध्यम से लगातार लोकप्रियता हासिल की है। इतालवी कोच लुका प्रेस्टी के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण ले रहे वेलकुमार ने यह पदक अपने परिवार और कोचों को समर्पित किया। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ़ मेरी जीत नहीं है। यह उन सभी की जीत है जिन्हें विश्वास था कि एक भारतीय ऐसा कर सकता है। इस ऐतिहासिक प्रदर्शन से स्पीड स्केटिंग के लिए सरकारी और कॉर्पोरेट समर्थन बढ़ने की उम्मीद है, जो आने वाले वर्षों में ओलंपिक में शामिल होने की उम्मीद कर रहा है। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज स्पीड स्केटिंग विश्व चैंपियनशिप 2025 में भारत के लिए पहला स्वर्ण पदक जीतने पर आनंदकुमार वेलकुमार की सराहना की। एक्स पर एक पोस्ट में, प्रधानमंत्री ने लिखा, ष्स्पीड स्केटिंग विश्व चैंपियनशिप 2025 में सीनियर पुरुष 1000 मीटर स्प्रिंट में स्वर्ण पदक जीतने पर आनंदकुमार वेलकुमार पर गर्व है। उनके धैर्य, गति और जोश ने उन्हें स्केटिंग में भारत का पहला विश्व चैंपियन बनाया है।

### योगी ने स्पीड स्केटिंग विश्व चैंपियनशिप विजेता आनंद को दी बधाई

**लखनऊ, वार्ता।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्केटिंग में नया कीर्तिमान स्थापित करने वाले आनंद वेलुकुमार को बधाई दी है। 22 साल के आनंदकुमार ने चीन में आयोजित स्पीड स्केटिंग वर्ल्ड चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल अपने नाम किया है। मुख्यमंत्री ने मंगलवार को सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा है कि स्पीड स्केटिंग विश्व चैंपियनशिप 2025 में सीनियर पुरुष 1000 मीटर स्प्रिंट में स्वर्ण पदक जीतकर स्केटिंग में भारत के पहले विश्व चैंपियन बनने पर आनंदकुमार वेलकुमार को हार्दिक बधाई। आपका दृढ़ संकल्प और उपलब्धि हर युवा भारतीय को बड़े सपने देखने और उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रेरित करेगी।आपके उज्ज्वल भविष्य के लिए मेरी शुभकामनाएं। गौरतलब है कि भारत के आनंदकुमार वेलकुमार ने स्केटिंग में नया इतिहास रच दिया है। 22 साल के आनंदकुमार ने चीन में आयोजित स्पीड स्केटिंग वर्ल्ड चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल अपने नाम किया। इस तरह वह स्केटिंग वर्ल्ड चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीतने वाले पहले भारतीय बन गए हैं। उन्होंने मेन्स सीनियर 1000 मीटर स्प्रिंट इवेंट में पहला स्थान हासिल किया। वेल. कुमार ने 1:24:924 सेकंड के समय के साथ फिनिश लाइन पार की और भारत के पहले वर्ल्ड चैंपियन स्केटर बन गए।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### ममता ने फिडे ग्रैंड स्विस टूर्नामेंट जीतने पर वैशाली को बधाई

**कोलकाता, वार्ता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने ग्रैंडमास्टर वैशाली रमेशबाबू को फिडे ग्रैंड स्विस टूर्नामेंट दूसरी बार जीतने पर आज बधाई दी।

बंगाल की मुख्यमंत्री ने एक संदेश में कहा कि वैशाली रमेशबाबू को दूसरी बार थ्प्क्म् ग्रैंड स्विस टूर्नामेंट जीतने पर बधाई। यह एक अनूठी उपलब्धि है और मैं उनके परिवार और दोस्तों को भी बधाई देती हूं।

### प्रो कबड्डी लीग में अपनी कमेंट्री से मनोज बाजपेयी ने रचा 'भौकाल'

**नई दिल्ली, वार्ता।** सालों तक विभिन्न विधाओं में प्रभावशाली और सूक्ष्म अभिनय करने के बाद, अभिनेता मनोज बाजपेयी को एक नया आयाम मिल गया है, इस बार माइक के पीछे भोजपुरी कमेंट्री के साथ। प्रो कबड्डी लीग सीजन 12 के जियोस्टार प्रेजेंटेशन में, बाजपेयी कैमरे में एक उल्लासपूर्ण उन्माद में कैद हुए, जब उन्होंने जियोस्टार स्टूडियो में पिछले सीजन के एक यादगार पल पर कमेंट्री करते हुए एक अविस्मरणीय क्षण प्रस्तुत किया। यह सिर्फ़ एक सहज इशारा नहीं था, बल्कि भोजपुरी में कमेंट्री का एक पूरी तरह से डूबा हुआ शॉट था, जो इस लीग की सबसे नई क्षेत्रीय भाषाओं में से एक है। खेल के सबसे रोमांचक पलों में से एक पर बाजपेयी की स्पष्ट और सच्ची प्रतिक्रिया इस बात का प्रतीक है कि भारत के सबसे पसंदीदा खेलों में से एक को घर जैसी भाषा में देखना लोगों को अद्वितीय तरीकों से जोड़ता है। भोजपुरी कमेंट्री बॉक्स में कुशल परीक्षण के साथ, यह देखना बाकी है कि क्या बाजपेयी इस सीजन में फिर से लौटेंगे और जल्द ही अपने नए करियर को आजमाएंगे।

## अपोलो टायर्स बना भारतीय क्रिकेट टीम का नया प्रायोजक




● 579 करोड़ रुपये में हासिल किए अधिकार

**मुंबई, वार्ता।** अपोलो टायर्स ने 579 करोड़ रुपये की शानदार बोली लगाकर त्रिकोणीय मुक.ाबले में जीत हासिल करते हुए भारतीय टीम के प्रायोजन अधिकार हासिल कर लिए हैं। यह प्रायोजन सौदा तीन साल का है और इसमें 121 द्विपक्षीय मैच और 21 आईसीसी मैच शामिल हैं।

100 से ज्यादा देशों में मौजूदगी वाली गुड़गांव स्थित इस टायर कंपनी ने कैनवा और जेके सीमेंट्स की चुनौतियों को मात दी, जिन्होंने क्रमशः 544 करोड़ रुपये और 477 करोड़ रुपये की बोली लगाई थी। यह सौदा प्रति मैच लगभग 4.77 करोड़ रुपये का बैठता है, हालांकि द्विपक्षीय और आईसीसी मैचों के बीच मूल्य अंतर को देखते हुए इसमें थोड़ा अंतर हो सकता है। क्रिकबज की रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा निर्धारित आधार मूल्य द्विपक्षीय मैचों के लिए 3.5 करोड़ रुपये और विश्व कप मैचों के लिए 1.5 करोड़ रुपये था। सभी रियल मनी गेमिंग कंपनियों पर प्रतिबंध लगाने वाले सरकारी आदेश द्वारा ड्रीम11 सौदे को रद्द करने के बाद बीसीसीआई को एक नए प्रायोजक के लिए निविदाएं जारी करनी पड़ीं। एशिया कप के करीब आने वाले सरकारी आदेश के साथ, बीसीसीआई को संयुक्त अरब अमीरात में चल रही महाद्वीपीय चैंपियनशिप में भारतीय टीम के लिए जर्सी प्रायोजक के बिना जाना पड़ा।

नए प्रायोजकों को पहला अंतर्राष्ट्रीय लाभ 2 अक्टूबर से शुरू होने वाली वेस्टइंडीज के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की घरेलू श्रृंखला में मिलेगा, जिसके बाद ऑस्ट्रेलिया में एक सफेद गेंद की श्रृंखला होगी।

### चीन के वांग टेटे पुरुष विश्व रैंकिंग में शीर्ष पर लौटे

**बीजिंग, वार्ता।** आईटीटीएफ द्वारा मंगलवार को जारी की गई नवीनतम विश्व रैंकिंग के बाद, चीन के वांग चुकिन पुरुष एकल रैंकिंग में शीर्ष पर लौट आए हैं। वांग ने रविवार को डब्ल्यूटीटी चैंपियंस मकाओ जीतकर 1,000 रैंकिंग अंक अर्जित किए, जिससे वह हमवतन लिन शिदोंग से 9,425 अंकों के साथ आगे निकल गए, जबकि लिन के 9,375 अंक हैं। डब्ल्यूटीटी चैंपियंस मकाओ के उपविजेता ब्राज़ील के ह्यूगो काल्डेरानो तीसरे स्थान पर पहुंच गए, जबकि जापान के तोमोकाज़ू हरिमोटो चौथे स्थान पर खिसक गए। शीर्ष 10 में स्वीडन की ट्रुल्स मोरेगार्ड, चीन की लियांग जिंगकुन, फ्रांस की फेलिक्स लेब्रन, जर्मनी की डूडा, चीन की जियांग पेंग और स्लोवेनिया की डार्को जोर्गिक शामिल हैं।

## रैंकिंग में फिर नंबर-1 मंधाना

● स्मृति मंधाना ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शानदार फिफ्टी लगाकर आईसीसी महिला वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष स्थान कब्जाया




**दुबई, वार्ता।** भारतीय सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने रविवार को न्यू चंडीगढ़ में खेले गए तीन मैचों की वनडे सीरीज के पहले मैच में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शानदार अर्द्धशतक जड़कर आईसीसी महिला वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष स्थान फिर से हासिल कर लिया है। बाएं हाथ की इस स्टाइलिश सलामी बल्लेबाज ने 63 गेंदों में छह चौकों और दो छक्कों की मदद से 58 रनों की पारी खेली और इंग्लैंड की कप्तान नैट शिवर-ब्रंट को पीछे छोड़कर वह स्थान फिर से हासिल कर लिया है जो उन्होंने पहली बार जनवरी 2019 में हासिल किया था और हाल ही में इस साल जुलाई में हासिल किया था। शीर्ष पर यह उनका चौथा कार्यकाल है। ऑस्ट्रेलिया ने आठ विकेट से जीत हासिल की और यह शानदार जीत उनकी खिलाड़ियों की रैंकिंग में भी दिखाई दी। बाएं हाथ की बल्लेबाज बेथ मूनी ने 74 गेंदों में नाबाद 77 रनों की पारी खेली जिससे वह तीन पायदान ऊपर चढ़कर पांचवें स्थान पर पहुंच गईं। एनाबेल सदरलैंड अपनी नाबाद 54 रनों की पारी के बाद चार पायदान ऊपर चढ़कर संयुक्त 25वें स्थान पर पहुंच गईं। वह सलामी बल्लेबाज फोएबे लिचफील्ड के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं। फोएबे लिचफील्ड ने 80 गेंदों पर 88 रनों की पारी खेलकर 13 पायदान ऊपर चढ़कर मैच की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बनीं।

## विश्व पैरा एथलेटिक्स में भारत जीतेगा 20 से ज्यादा पदक: देवेंद्र

● 27 सितम्बर से 5 अक्टूबर तक होने वाले खेलों में इस बार भारत का रिकॉर्ड 73 खिलाड़ियों का दल हिस्सा ले रहा है

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत अब तक के सबसे बड़े पैरा खेल आयोजन, इंडियनऑइल नई दिल्ली 2025 वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप की मेजबानी करने जा रहा है।

27 सितम्बर से 5 अक्टूबर तक जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित होने जा रहे इस खेल आयोजन में इस बार भारत का रिकॉर्ड 73 खिलाड़ियों का दल हिस्सा ले रहा है। इतना बड़ा दल पहली बार किसी वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए उतरेगा, जो यह दिखाता है कि भारत पैरा खेलों में कितनी तेजी से आगे बढ़ रहा है। पैरा ओलंपिक कमेटी ऑफ इंडिया (पीसीआई) के अध्यक्ष और दो बार के पैरा ओलंपिक गोल्ड मेडलिस्ट देवेंद्र झाझरिया ने कहा कि इस बार भारत का अभियान ऐतिहासिक रहेगा।

उन्होंने भरोसा जताया कि भारतीय दल 20 से ज्यादा मेडल जीतकर इतिहास रचेगा। पीसीआई के अध्यक्ष झाझरिया ने कहा कि हमारे पास 73 खिलाड़ी हैं, जो अब तक का सबसे बड़ा भारतीय दल है। यह हमारे देश में पैरा खेलों की तरक्की को बखूबी प्रदर्शित करता है।

पिछली बार कोबे में भारत ने 17 मेडल जीते थे। इस बार हमारी टीम और मजबूत है और मुझे पूरा यकीन है कि हम 20 से ज्यादा मेडल जीतेंगे।

## डुप्लांटिस ने पोल वॉल्ट का विश्व रिकॉर्ड तोड़ा

● डुप्लांटिस ने पहले ही प्रयास में 6.15 मी. की ऊंचाई पर शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया



**टोक्यो, वार्ता।** वह कूद पड़ा। वह चिल्लाया। उमस भरी सोमवार की रात टोक्यो के नेशनल स्टेडियम में 50,000 से ज़्यादा दर्शकों की तालियों की गड़गड़ाहट के बीच उसने अपनी बाहें फैला दीं। आर्मंड डुप्लांटिस ने फिर जीत हासिल की। और एक बार फिर, उसने विश्व रिकॉर्ड तोड़ दिया।

फरवरी 2022 के बाद से यह 14वीं बार था जब इस स्वीडिश खिलाड़ी ने पुरुषों की पोल वॉल्ट में विश्व रिकॉर्ड को फिर से बनाया, जब यह 'सिर्फ़' 6.17 मीटर था। विश्व खिताब तो आसानी से मिल गया था। डुप्लांटिस ने 5.75, 5.85, 5.95, 6.00 और 6.10 मीटर की दूरी आसानी से पार करने के बाद, पहले ही प्रयास में 6.15 मीटर की ऊंचाई पर शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया। लेकिन रिकॉर्ड ऊंचाई की बात ही कुछ और थी। डुप्लांटिस ने कहा कि मैं बहुत खुश हूं, मैं इसे बयां नहीं कर सकता। मुझे लगा कि जापान छोड़ने का एकमात्र तरीका विश्व रिकॉर्ड बनाना ही है। हर असफल प्रयास ने उनके आत्मविश्वास को और बढ़ा दिया। पहली कोशिश में, उन्होंने लगभग बार पार कर लिया( दूसरी कोशिश में, बार डगमगाया, लेकिन गिरने से पहले आखिरी क्षण तक टिका रहा। आखिरकार, अपने तीसरे प्रयास में, डुप्लांटिस 6.30 मीटर से ऊपर पहुंच गए। जो कि सिर्फ़ 27 दिन पहले उनके द्वारा बनाए गए रिकॉर्ड से एक सेंटीमीटर ज्यादा था। यही मेरी मानसिकता थी कि उन्होंने बताया। ष्मुझे पता था कि मेरे पास रिकॉर्ड है। जैसे ही मैं उड़ान भरता हूं। ज़मीन से हवा में कदम रखते ही - मुझे पता चल जाता है कि मेरी छलांग सही रहेगी या नहीं। मुझे पता चल जाता है कि मैंने पर्याप्त ऊर्जा लगाई है या नहीं, या यह वास्तव में कारगर नहीं होगा। सिर्फ़ 25 साल की उम्र में, डुप्लांटिस ने सब कुछ जीत लिया है। चार साल पहले, टोक्यो के इसी स्टेडियम में, लेकिन महामारी के कारण खाली सीटों के सामने, उन्होंने ओलंपिक स्वर्ण पदक जीता था। तब से, उन्होंने यूजीन और बुडापेस्ट में विश्व खिताब जीते हैं, पेरिस में दूसरा ओलंपिक ख+ाताब जीता है, और अब एक और विश्व चैंपियनशिप जीत ली है। हर बार रिकॉर्ड को और ऊंचा करते हुए। टोक्यो में इस रात ने इस खेल के महानतम खिलाड़ी के रूप में उनकी विरासत को और मजबूत किया, जहां माहौल उनके प्रदर्शन से मेल खाता था।

मुझे उस समय विश्व चैंपियनशिप जीतने पर गर्व है जब इसकी सबसे ज्यादा ज़रूरत थी। विश्व रिकॉर्ड बनाना एक बोनस है,ष उन्होंने कहा। ष्मुझे लगता है कि मेरे लिए कोई सीमा नहीं है। शायद मुझे ही पता चलेगा कि पोल वॉल्ट में असल में सीमा क्या है।

## सुपर-4 की जंग के लिए भिड़ेंगे पाक-यूएई

**दुबई, वार्ता।** क्रिकेट अक्सर तब सबसे रोमांचक होता है जब एक टीम अपनी लय फिर से तलाश रही होती है और दूसरी टीम यह साबित करने पर आमादा होती है कि वह उसी मंच के लिए काबिल है। सलमान आगा की अगुवाई में पाकिस्तान कल दुबई अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में एशिया कप 2025 के 10वें मैच में संयुक्त अरब अमीरात से भिड़ने के लिए तैयार है, और यही स्थिति है। पाकिस्तान यहां कुछ चोटों के साथ पहुंचा है।

उनके गेंदबाज अनुशासित और नए-नए अंदाज में खेल रहे हैं, लेकिन भारत के खिलाफ बल्लेबाजी का पतन-एक आशाजनक शुरुआत के बाद 127 रन पर नौ विकेट-सवालों के घेरे में है। यह मुकाबला उनके बल्लेबाज़ों को यह दिखाने का मौका देता है कि एक खराब प्रदर्शन पूरे टूर्नामेंट को परिभाषित नहीं करता। सईम अयूब शीर्ष क्रम में व्यवस्थित दिखे हैं, और साहिबज़ादा फरहान ने दबाव वाले मैचों में जरूरी शांत स्वभाव दिखाया है। स्वाभाविक रूप से आक्रामक खिलाड़ी, फखर जमान जानते होंगे कि टीम को एक स्थिर शुरुआत के बाद साफ-सुथरे स्ट्राइक की जरूरत है। कप्तानी में नए लेकिन शांतचित्त सलमान आगा को बीच के ओवरों में लय बनानी होगी। हसन नवाज, मोहम्मद हारिस और मोहम्मद नवाज के पास ऐसे स्ट्रोक्स हैं जो अगर उन्हें सही मंच मिले तो स्कोर को मजबूत बनाए रख सकते हैं। गेंदबाजी के मोर्चे पर, पाकिस्तान का आक्रमण काफी मजबूत है। शाहीन अफरीदी की बाएं हाथ की तेज गेंदबाजी किसी भी शीर्ष क्रम को परेशान कर सकती है, और हारिस रऊफ का अंतिम छोर पर नियंत्रण बेहद अहम है।



## सिंधु चाइना मास्टर्स के दूसरे दौर में

**शेनझेन।** पीवी सिंधु ने डेनमार्क की जूली डावाल जैकबसेन को केवल 27 मिनट में 21-5, 21-10 से हराकर ली-निंग चाइना मास्टर्स 2025 के राउंड ऑफ 16 में प्रवेश कर लिया।

अब उनका सामना छठी वरीयता प्राप्त थाईलैंड की पोर्नपावी चोचुवोंग से होगा। पुरुष एकल में, युवा आयुष शेट्टी ने छठी वरीयता प्राप्त चीनी ताइपे के चोउ तिएन चेन को कड़ी टक्कर दी। पहला गेम 19-21 से हारने के बाद, आयुष ने वापसी करते हुए दूसरा गेम 21-12 से अपने नाम किया, लेकिन निर्णायक गेम में 68 मिनट तक चले मैच में 16-21 से हार गए। मिश्रित युगल में, रोहन कपूर और रुथविका शिवानी गड्डे की भारतीय जोड़ी अपने जापानी प्रतिद्वंद्वियों से हार गई।

## एशिया कप से नाम वापस लेना आसान काम नहीं

● पाकिस्तान को होगा 140 करोड़ तक का नुकसान

● एशियाई क्रिकेट परिषद की सालाना कमाई का 74 प्रतिशत हिस्सा पांच टेस्ट खेलने वाले देशों में बराबर-बराबर बंटता है




**दुबई, वार्ता।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) की एशिया कप से बाहर निकलने की कथित धमकी को अमल में लाना आसान नहीं होगा। अगर पाकिस्तान ऐसा करता है, तो उसे करीब 12 से 16 मिलियन अमेरिकी डॉलर (लगभग 100 से 140 करोड़ रुपये तक) का नुकसान उठाना पड़ सकता है।

एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) की सालाना कमाई का 75 प्रतिशत हिस्सा पांच टेस्ट खेलने वाले देशों- भारत, पाकिस्तान, श्रीलंका, बांग्लादेश और अफगानिस्तान में बराबर-बराबर बांटा जाता है। यानी हर देश को 15 प्रतिशत राजस्व मिलता है। शेष 25 प्रतिशत सहयोगी सदस्य देशों के बीच बांटा जाता है। ये कमाई प्रसारण अधिकार (टीवी और डिजिटल), प्रायोजन सौदे और टिकट बिक्री जैसे विभिन्न स्रोतों से आती है। अकेले इस एशिया कप से पीसीबी को अनुमानित 12 से 16 मिलियन अमेरिकी डॉलर की कमाई होने वाली थी। ऐसे में अगर पाकिस्तान टूर्नामेंट से हटता है तो उसके लिए यह बड़ा आर्थिक झटका साबित हो सकता है। सोनी पिक्चर्स नेटवर्क इंडिया (ैच्छप्) ने 2024 से 2031 तक आठ साल के लिए एसीसी के साथ 170 मिलियन अमेरिकी डॉलर का प्रसारण करार किया है। इसमें महिला एशिया कप और अंडर-19 एशिया कप के प्रसारण अधिकार भी शामिल हैं। अगर पाकिस्तान बीच टूर्नामेंट से बाहर होता है तो प्रसारक के साथ बड़ी दिक्कतें खड़ी हो सकती हैं, क्योंकि भारत-पाकिस्तान मुक.ाबला इस सौदे का सबसे बड़ा आकर्षण है। इस मैच के लिए विज्ञापन स्लाट प्रीमियम रेट पर बेचे जाते हैं। पाकिस्तान के बाहर होने पर विज्ञापनदाताओं और प्रसारक को बड़ा आर्थिक नुकसान होगा। पीसीबी प्रमुख और पाकिस्तान के गृह एवं नारकोटिक्स नियंत्रण मंत्री मोहसिन नकवी इस समय एशियाई क्रिकेट काउंसिल के अध्यक्ष भी हैं। नकवी ने खुलकर आईसीसी मैच रेफरी एंडी पायक्राफ्ट पर निशाना साधा था और भारतीय टीम द्वारा पाकिस्तान के खिलाड़ियों से हाथ नहीं मिलाने के विवाद के लिए उन्हें जिम्मेदार ठहराया था। साथ ही आईसीसी को पत्र लिखकर पायक्राफ्ट को टूर्नामेंट से हटाने की मांग की थी। साथ ही यह धमकी भी दी थी कि अगर पायक्राफ्ट को नहीं हटाया गया तो पाकिस्तान टीम टूर्नामेंट का बहिष्कार करेगी। हालांकि, आईसीसी ने पीसीबी की मांग ठुकरा दी और पायक्राफ्ट को हटाने से इनकार कर दिया। ऐसे में अब पीसीबी के सामने मुश्किल स्थिति है। एक तरफ पैसा है तो दूसरी तरफ देश का आत्मसम्मान है। यह देखना दिलचस्प होगा कि पाकिस्तान क्या चुनता है। अगर उसे पैसा कमाना है तो आत्मसम्मान से समझौता करना होगा।

### ऑस्ट्रेलिया की नजरें सीरीज जीत पर भारत की वापसी पर

**न्यू चंडीगढ़, वार्ता।** इसमें कोई शक नहीं कि असली परीक्षा यहीं से शुरू होगी। पहले वनडे में आठ विकेट से शानदार जीत के बाद, ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम एक और सीरीज जीत के दरवाजे पर दस्तक दे रही है। भारत के खिलाफ पिछले दस मुकाबलों में से नौ में जीत, और कुल 57 में से 47 में जीत-यह एक ऐसा रिकॉर्ड है जो चैंपियन होने का प्रमाण देता है। वे महाराजा यादवेंद्र सिंह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में आत्मविश्वास से लबरेज और ड्रेसिंग रूम में आत्मविश्वास से लबरेज हैं। लेकिन भारत को पूरी तरह से नजरअंदाज मत कीजिए-अभी नहीं। वे पहले मैच में भले ही दूसरे स्थान पर रहे हों, लेकिन हरमनप्रीत कौर की टीम के लिए कुछ सकारात्मक पहलू भी रहे हैं। स्मृति मंधाना और युवा प्रतिका रावल ने शीर्ष क्रम में 117 रनों की शानदार साझेदारी करके एक आक्रामक स्कोर की नींव रखी।

# श्रीकृष्ण व हनुमान का विराट रूप देख दर्शक भक्ति में डूबे

## मेयर डा.अजय की माता श्रीमती संतोष व नगर आयुक्त शिपू गिरी की माता श्रीमती इन्दू ने किया उदघाटन





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** परस्पर सौहार्द व सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के प्रतीक श्री जाहरवीर गोगा जी महाराज की स्मृति में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में नगर निगम द्वारा जनमंच सभागार में रासलीला का आयोजन किया गया। उद्घाटन महापौर डॉ. अजय कुमार की माताश्री व पूर्व सभासद श्रीमती संतोष देवी व नगरायुक्त शिपू गिरि की माताश्री श्रीमती इन्दु ने रिबन खोलकर किया।

राधा कृष्ण की प्रतिमा के समक्ष महापौर डॉ. अजय कुमार, नगर विधायक राजीव गुंबर, नगरायुक्त शिपू गिरि, भाजपा महानगर अध्यक्ष शीतल विश्नोई, उप्र एससी-एसटी आयोग के सदस्य महीपाल वाल्मीकि, समाजसेवी पाल्ली कालड़ा, मेला चेयरमैन नीरज शर्मा आदि ने दीप प्रज्वलित किया। जबकि रिटा सिंह, स्नेहा गुंबर व सुरेखा फुटेला ने श्रीकृष्ण का श्रृंगार तथा कार्यक्रम संयोजक पार्षद अमित त्यागी व सहसंयोजक संजय फुटेला, पूर्व महानगर अध्यक्ष हेमंत अरोड़ा, राजकुमार मक्कड़, अखिलेश मित्तल, रवि जुनेजा, प्रवेश धवन तथा सरदार सुशविंद्र सिंह टोनी ने तिलक किया।

सर्वप्रथम श्रीराम, लक्ष्मण व सीता के स्वरुपों ने मंच पर प्रवेश किया तो ''बजाओ ढ़ोल स्वागत में, मेरे घर राम आये हैं'' भजन से पूरा सभागार गूंज उठा। उसके बाद मंच पर श्री हनुमान चालीसा की पावन चौपाइयों ''रामदूत अतुलित बलधामा, अंजनि पुत्र पवनसुत नामा.. ...'' के साथ अपने विराट स्वरुप में पवनपुत्र हनुमान जी का आगमन हुआ तो सभागार तालियों से गूंज उठा। इसी बीच हनुमानजी ने अपना सीना चीरकर सभी दर्शकों को श्रीराम व सीता के दर्शन कराए तो दर्शक भाव विभोर हो गए और पूरे सभागार में ''सीता राम जय सीता राम.'' के भजन के साथ भक्ति रस की धारा प्रवाहित हो उठी। ''मैया यशोदा-तेरा कन्हैया....'' भजन पर जब राधा कृष्ण के रुप में सजकर आये दर्जनों बच्चों ने मंच पर नृत्य किया तो अनेक दर्शक बच्चों के साथ नृत्य करने लगे।

और इसके बाद शुरु हुआ कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण 'महारास'। दिल्ली, आगरा और जालंधर से आये कलाकारों द्वारा सबसे पहले राधा कृष्ण का मोरपंखों के साथ मयूरी नृत्य और फिर ''श्रीकृष्ण गोविंद हरे मुरारे, हे नाथ नारायण वासुदेवा.....'' भजन के बीच श्री कृष्ण का महाविराट रुप में मंच पर अवतरण देख दर्शक श्रद्धानत हो भक्ति रस में डूब गए। दिनेश सेठी व उनकी पत्नी द्वारा आरती के साथ समापान हुआ।

कार्यक्रम में उक्त के अलावा मेला सहसंयोजक के के बत्रा, सर्वेश्वर प्रभाकर, अमित गगनेजा, मुरली खन्ना, यशपाल आर्य, कक्कन गोयल, अल्पना तलवार, सुषमा बजाज, रश्मि टेरेंस, गोपाल मेहंद. रित्ता, अजय वशिष्ठ व हन्नी वर्मा के अलावा बड़ी संख्या में पार्षद, व्यापारी व गणमान्य लोग भारी संख्या में शामिल रहे।

# जाति पूछकर शिक्षकों ने की दलित छात्र की बेरहमी से पिटाई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सढौली कदीम।** बेहट अध्यापकों द्वारा जाति पूछकर दलित छात्र की पिटाई करने का मामला सामने आया है। आरोप है कि क्लास के व्हाट्सएप ग्रुप में जुड़वाने के लिए ग्रुप एडमिन छात्रा को नंबर देने पर अध्यापकों ने छात्र की बेरहमी से पिटाई कर दी और जातिसू. चक शब्द भी कहे। परिजन छात्र को लेकर कोतवाली पहुंचे और कार्यवाही की मांग की। पुलिस ने घायल छात्र को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है।

दरअसल, पूरा मामला जनपद सहारनपुर की कोतवाली बेहट इलाके के गांव कालिया स्थित नेहरू इंटर कॉलेज का है। गांव रतनपुरा निवासी छात्र वंश कक्षा 12 में पढ़ता है। छात्र ने बताया कि क्लास का एक व्हाट्सएप ग्रुप भी बना हुआ है, जिसकी एडमिन एक छात्रा है। घायल छात्र के पिता सेवाराम, भाई मनोज कुमार और जितेंद्र कुमार का आरोप है कि छात्र ने अपना नंबर व्हाट्स एप ग्रुप में जुड़वाने के लिए टीचर से कहा तो उन्होंने ग्रुप एडमिन छात्रा को नंबर देने को कहा। आरोप है कि जब छात्र ने उस छात्रा को नाम और नंबर दिया तो छात्रा ने अध्यापक को शिकायत की।

घायल छात्र के परिजनों का आरोप है कि अध्यापक ने छात्र से जाति पूछी और फिर अन्य अध्यापकों के साथ मिलकर उसकी जमकर पिटाई कर दी। पीड़ित परिवार घायल छात्र को लेकर कोतवाली बेहट पहुंचे और पुलिस को तहरीर देते हुए कार्यवाही की मांग की। पुलिस ने घायल छात्र को इलाज के लिए बेहट सीएचसी में भर्ती कराया है। मामले को लेकर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सतपाल भाटी ने बताया कि छात्र का मेडिकल कराया गया है, तहरीर मिली है, जांच के बाद वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

## छह वारंटी गिरफ्तार

**सहारनपुर।** थाना सरसावा पुलिस ने छह वारंटी आरोपियों को दबोचकर जेल भेज दिया।

थाना सरसावा पुलिस ने प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार व उपनिरीक्षक अनुज कुमार, उपनिरीक्षक नीरज कुमार, उपनिरीक्षक चंद्रपाल व उपनिरीक्षक महेश सिंह के नेतृत्व में छह वारंटी आरोपियों शहजाद पुत्र सलीम व मेहरबान पुत्र इस्लाम निवासीगण ग्राम तेलीपुरा, योगेश पुत्र अनिल ग्राम बीदपुरा, अजीत पुत्र रामपाल व अमरीश पुत्र ताराचंद निवासीगण ग्राम पिलखनी व विकास पुत्र राज. कुमार निवासी ग्राम कुंडी रायपुर सभी थाना सरसावा को उनके मकानों से गिरफ्तार कर लिया।

# मेडिकल संचालक पर चलाई गोली




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** एक मैडिकल स्टोर संचालक पर एक युवक ने गोली चला दी जो मैडिकल स्टोर संचालक के हाथ के आरपार हो गई।घटना के बाद आरोपी बाईक मौके पर छोड़कर फरार हो गया।मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई।पुलिस ने घायल को उपचार के लिए भेज दिया है।

थानाक्षेत्र के गाँव इस्लामनगर निवासी रोहित पुत्र ईसम पाल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीती शाम वह अपने भाई मोहित के साथ अपने मैडिकल स्टोर पर बैठा हुआ था तभी वहाँ ग्राम दैदपुरा निवासी पारुल पुत्र माँगेराम आया और मेरे भाई मोहित से दवाई माँगी।मोहित ने दवाई देकर पैसे माँगे तो वह नाराज होकर चला गया।थोड़ी देर बाद वह बाईक से आया और जान से मारने की नीयत से गोली चला दी जो मोहित के दायें हाथ में आरपार हो गई।गोली के कुछ छर्रे मेरे पेट में भी लग गए।मैंने उसे पकड़ने की कोशिश की तो उसने तमंचे की बट से मेरे बाएं हाथ पर वार किया जिससे मेरे हाथ पर भी चोट आ गई।शोर सुनकर मौके पर राहुल पुत्र मदन आदि आ गए।पारुल जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गया।जबकि उसकी बाईक वहीं छूट गई जिसे पुलिस ने कब्जे में ले लिया।रोहित ने आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाही की माँग की है।

वहीं पुलिस ने घायल को उपचार के लिए भेज कर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाही शुरू कर दी है।

# मोदी सच्चे राष्ट्रभक्त व राष्ट्रवादी: मनीष



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** शहर के समाजसेवी मनीष कच्छल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सच्चे राष्ट्रभक्त व राष्ट्रवादी है, जो हमेशा ही राष्ट्र की भलाई के लिये सोचते है।

यह बात मनीष कच्छल ने यह बात प्रधानमंत्री नरेंद्र के सबसे बडे भाई सोमभाई मोदी द्वारा वरिष्ठ पत्रकार राधेकृष्ण और हरिगोविन्द द्वारा संयुक्त रूप से लिखी गयी पुस्तक 'नरेन्द्र मोदी: द ग्लोबल लीडर' में कही गई बातों के हवाले से कही। उन्होंने बताया सोमभाई मोदी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जिक्र करते हुए लिखा है कि ऊर्जा, अपनी क्षमता का इस्तेमाल व्यापक जन-कल्याण, समाज और राष्ट्रहित में खर्च करें। इसलिए प्रकृति ने उनकी राह को डायवर्ट कर दिया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की शाखा में जाने के दौरान उनको 'वसुधैव कुटुम्बम' का जो पाठ सिखाया गया, उस पर वह आजतक अमल कर रहे हैं। आज पूरा भारत उनके लिए परिवार है और भारत के 140 करोड़ लोग उनके परिवार के सदस्य हैं। मेरे भाई पर जब कभी विपक्षी दलों के नेता झूठा, तथ्यहीन और गलत आरोप लगाते हैं तो मुझे बहुत दुख होता है। मुझे अपने भाई पर पूरा विश्वास है। मेरे भाई से अंजाने में गलती हो सकती है लेकिन वह जान-बूझकर कभी कोई गलती नहीं करेगा। मेरा भाई सच्चा राष्ट्र भक्त है, सच्चा राष्ट्रवादी है। वह हमेशा राष्ट्र की भलाई के बारे में सोचता है।

मुझे अपने भाई पर गर्व है। वह जब छोटे थे तब भी हार नहीं मानते थे और आज भी विपरीत से विपरीत हालात में हार नहीं मानते हैं। वह हम लोगों से बातचीत में कहा करते थे कि कुछ भी हो जाए, हमें हारना नहीं है, हमें हर हाल में जीतना है।

# झूला टूटने पर उठे कई सवाल



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** मेला गुघाल में झूला टूटने की घटना के बाद घायलों की दास्तां ने झूला चलाने वालों से लेकर अधिकारियों और कुछ तथाकथित पत्रकारों तक पर सवाल खड़े कर दिये है।

मधुबन विहार गली नंबर-8 की निवासी सोनिया सुद का सिर फट गया, वहीं बबली की गर्दन पर गंभीर चोट आई। दोनों टिकट लेकर अपनी बारी का इंतजार कर रही थीं, तभी झूला अचानक टूटकर गिर गया। पीड़ितों ने आरोप लगाया कि एक पत्रकार ने जनता को ही हादसे का दोषी ठहराते हुए खबर लिखी। पता नहीं आंखें बंद हो गईं या ठेकेदार से प्रेम अधिक है। उन्होंने सवाल उठाया कि टूटे झूले में लाइट तक लगी थी, अब खराब झूले की लाइट कौन ऑन करता है? घायल महिला की वीडियो भी इन्हें नहीं मिली होगी। कम से कम पत्रकारिता का धर्म जनता की आवाज को प्रमुखता देना है, मगर कुछ लोग चिराग के पास खड़े होकर भी आंधी का साथ दे रहे हैं।

पीड़ितों का आरोप है कि पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिशासी अभियंता, सहायक अभियंता और तकनीकी बाबू बिना फाउंडेशन के झूलों की फिटनेस जारी कर रहे हैं और इसके लिए अवैध वसूली कर रहे हैं। महापौर से घायलों को मुआवजा दिलाने की मांग उठी है। विभागीय जांच में आरोप सही पाए जाने पर दोषी अधिकारियों के खिलाफ निलंबन और बर्खास्तगी तक की कार्रवाई की जा सकती है।

# जनसुनवाई में एक जन समस्या का निस्तारण

**सहारनपुर।** जनसुनवाई में आज पांच समस्याएं पहुंची, जिनमें से सफाई सम्बंधी एक समस्या का तत्काल निस्तारण कराया गया। शेष चार समस्याओं के निस्तारण के लिए नगरायुक्त ने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।

वार्ड 22 कलसिया रोड के विनोद कुमार ने मिसन नगर कलसिया रोड पर नाली की साफ सफाई कराने के लिए प्रार्थना पत्र दिया जिस पर क्षेत्रीय सफाई निरीक्षक व सफाई मित्र को भेजकर तत्काल सफाई कराते हुए समस्या का समाधान किया गया।

इसके अलावा वार्ड 54 निकट गैस गोदाम ने गैस गोदाम के निकट पानी की टंकी ठीक कराने, वार्ड 39 पेपर मिल रोड की राजकली ने पेपर मिल रोड पर जामुन के पेड की कटाई-छंटाई कराने, वार्ड बीस देहरादून रोड अम्बेडकर चौक के रामपाल गौतम ने अम्बेडकर चौक से अवैध होर्डिंग हटवाने तथा वार्ड 34 जैन कॉलेज रोड निवासी मनीष कुमार ने जिला पंचायत कार्यालय के पास खराब पड़ी स्ट्रीट लाइट ठीक कराने के लिए प्रार्थना पत्र दिए।

जिस पर नगरायुक्त शिपू गिरि ने सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को स्थलीय निरीक्षण कर समस्याओं का समाधान कराने के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान अपर नगरायुक्त प्रदीप कुमार यादव व मृत्युंजय, महाप्रबंधक जल पुरुषोत्तम कुमार सहित सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# हरदोई विधायक का बेहट में स्वागत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** सिद्धपीठ मां शाकंभरी देवी मंदिर में दर्शन कर लौट रहे जनपद हरदोई के बिलग्रामखमल्लावाँ विधायक आशीष सिंह आशू का बेहट में जोरदार स्वागत किया गया।

विधायक आशीष सिंह' आशू मंगलवार को शिवालिक पहाड़ियों के बीच स्थित सिद्धपीठ मां श्री शाकंभरी देवी मंदिर पहुंचे और प्रसाद चढ़ाते हुए मन्नत मांगी। इसी पूर्व उन्होंने बाबा भूरादेव मंदिर में मत्था टेका। दर्शनों के बाद वापस लौटते वक्त बेहट में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष अवनीश अग्रवाल के आवास पर उनका जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान विधायक ने सभी लोगों से संगठन को मजबूती प्रदान करने का आह्वान किया। इस दौरान अग्रवाल सभा बेहट के विधानसभा अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, युवा भाजपा नेता मोहित जैन, उमेश राजदेव, अग्रवाल महासभा के युवा विधानसभा अध्यक्ष विकास गोयल, मंडल मीडिया प्रभारी बेहट सचिन गर्ग, मंयक गर्ग डिप्टी मेयर सहारनपुर, देवेन्द्र गुप्ता महानगर अध्यक्ष वैश्य अग्रवाल सभा समन्वय समिति सहारनपुर, भानू अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

## चोरी का खुलासा

**सहारनपुर।** मंडी कोतवाली पुलिस ने एक शातिर चोर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की गई 4270 रूपए की नगदी बरामद कर ली।

सोहेब सापरी पुत्र शाह मंसूर अहमद निवासी आजाद कालोनी थाना मंडी ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया था कि अज्ञात चोर ने उसके मकान से 40 हजार रूपए चोरी कर लिए हैं। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी थी। विवेचना के दौरान आरोपी साजिद उर्फ सद्दू पुत्र बहार अहमद निवासी चांद कालोनी थाना मंडी का नाम प्रकाश में आया था। पुलिस ने आज प्रभारी निरीक्षक रोजंत त्यागी व उपनिरीक्षक नरेंद्र भडाना के नेतृत्व में चौकिंग के दौरान मुकदमा उपरोक्त में आरोपी साजिद उर्फ सद्दू पुत्र बहार अहमद निवासी चांद कालोनी मंडी समिति पशु चिकित्सालय के गेट के पास से गिरफ्तार कर लिया।

# आत्मनिर्भर बना रही सरकार: निम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** विधायक देवेंद्र निम ने कहा कि सरकार बच्चों युवाओं के सपनों को साकार करने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए कार्य कर रही है।यह हमारा सौभाग्य है कि हम इन ऐतिहासिक कार्यों में शामिल हैं।

भाजपा विधायक देवेंद्र निम ने रामपुर मनिहारान विधानसभा में 7 करोड़ 42 लाख 92 हजार रुपये की लागत से बनने वाले स्पर्श राजकीय दृष्टिबाधित विद्यालय और 75 बेडेड बालिकाछात्रावास के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक देवेंद्र निम ने कहा कि सरकार बच्चों और युवाओं के सपनों को साकार करने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए हर संभव कार्य कर रही है।यह हमारा सौभाग्य है कि हम इन ऐतिहासिक कार्यो में शामिल हैं।उन्होंने कहा कि यह परियोजना केवक एक इमारत की नहीं है बल्कि हमारे बच्चों के सपनों को पूरा करने की है।देवेंद्र निम ने कहा कि आपके प्यार विश्वास और आशीर्वाद ने मुझे दो बार विधायक बनाया है और मैंने बिना भेदभाव हर क्षेत्र में विकास कराया है।

इस दौरान संजय चेयरमैन, बिरम सिंह,देवराज चौधरी, अक्षय पँवार, विकास प्रधान, गौतम चौधरी,विनोद पँवार, रामू चौधरी, डॉ किरण पाल, गजेंद्र चौधरी सभासद,जसबीर चौधरी आदि मौजूद रहे।

# प्राथमिक शिक्षकों का कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश में 29 जुलाई 2011 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को सेवारत रहने और पदोन्नति हेतु टीईटी की अनिवार्यता न होने की मांग करते हुए उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने कलैक्ट्रेट में प्रदर्शन किया और प्रधानमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपा।

प्राथमिक शिक्षक संघ से जुडे शिक्षक आज जिला संयोजक अटल बहादुर सिंह व जिला सह संयोजक नीरज कुमार शर्मा के नेतृत्व में कलैक्ट्रेट पहुंचे और अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि केंद्र सरकार द्वारा निशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 प्रभावी किया गया है। इस अधिनियम की धारा 23 के अंतर्गत अधिनियम के प्रभाव में आने की तिथि एवं उसके पश्चात नियुक्त शिक्षकों की भर्ती हेतु न्यूनतम अर्हताएं निर्धारित की गई है, लेकिन ऐसा कोई शिक्षक नहीं है जिसके पास इस अधिनियम के प्रारम्भ पर उपधारा 1 के अधीन यथा अधिकथित न्यूनतम अर्हताएं है और पांच वर्ष की अवधि के भीतर ऐसी न्यूनतम अर्हताएं अर्जित कर सकता। उनका कहना था कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिये गये एक निर्णय के आलोक में देश के शिक्षकों में भ्रम की स्थिति पैदा हो गई है। जिस कारण शिक्षक चिंतित एवं आक्रोशित है।

प्रदर्शनकारियों में प्रदीप शर्मा, प्रताप सिंह, संजय कुमार, मनोज सैनी, राकेश शर्मा, पदम सिंह, रविदत्त शर्मा, सचिन त्यागी, धनोजपाल सिंह, सुनील रोहिला, अंकिमा जैन, रिंकू सैनी, अंजू शर्मा, नीलम, रूपा, रश्मि, रिचा, नरेश, निर्मल, नंद किशोर, अश्वनी शर्मा आदिं शिक्षक मौजूद रहे।

# 450 ग्राम चरस समेत तस्कर दबोचा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिर्जापुर।** एसएसपी के दिशा निर्देशन मे ऑपरेशन सवेरा अभियान के तहत मिर्जापुर पुलिस ने जाटोवाला रोड से एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। अभियुक्त के कब्जे से 540 ग्राम नशीला पदार्थ चरस बरामद हुआ है। पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

मंगलवार को मिर्जापुर थाना प्रभारी सुनील नागर ने जानकारी देते हुए बताया की क्षेत्र के जाटोवाला रोड पर एक युवक के नशीला पदार्थ के साथ होने की सुचना मिली तो उन्होंने एसआई राहुल कुमार, काव कुलदीप व ललित कुमार की टीम बनाकर बताये गए स्थान पर भेजा स युवक पुलिस को देखकर भागने लगा तो पुलिस टीम ने पीछा कर युवक को दबोच लिया है। तलाशी लेने पर युवक के कब्जे से 540 ग्राम नशीला पदार्थ चरस बरामद हुआ है। पुलिस ने अभियुक्त का नाम अली नवाज पुत्र इल्ताफ निवासी कस्बा मिर्जापुर बताया है।

थाना प्रभारी सुनील नागर ने बताया की अभियुक्त के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है और क्षेत्र मे किसी भी तरह से नशीले पदार्थो की तस्करी नही होने दी जायेगी। तस्करी मे लिप्त लोगो को चिन्हित कर सलाखो के पीछे भेजा जायेगा।

# नव प्रवर्तन प्रदर्शनी में दिखी नव प्रवर्तनों में उर्जा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी मनीष बंसल के निर्देशन में जिला विज्ञान क्लब की नव प्रवर्तन प्रदर्शनी में 79 नव प्रवर्तकों ने अपने-अपने माडल प्रस्तुत किये।

जे वी जैन कालेज में आयोजित प्रदर्शनी में हैण्डीकाफ्ट, नवीनीकृत ऊर्जा, स्मार्ट सिटी, चन्द्रयान, डायलेसिस, बाढ़ अजार्म, मिलेट्स, हवा से पानी बनाना, मल्टीटास्किंग पुल आदि के मॉडल प्रस्तुत किये गये। समापन कार्यक्रम का शुभारम्भ मेयर डा.अजय सिंह, संयुक्त शिक्षा निदेशक एवं जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा दीप प्रज्जवलन कर किया। डा. अजय ने कहा कि विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच विकसित करना ही वैज्ञानिक प्रदर्शनियों का विशेष उद्देश्य है। वैज्ञानिक सोच से ही भारत को विकसित राष्ट्र बनाना सम्भव है। इस प्रकार के आयोजनों से विद्यार्थियों में विज्ञान के प्रति संवेदनशीलता जागृत होती है तथा विद्यार्थियों को नवाचार करने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने शिक्षकों एवं विद्यार्थियों से ऐसे कार्यक्रमों में बढ़-चढ़ कर प्रतिभाग करने का आवाहन किया। जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. अरविन्द कुमार पाठक ने कहा कि प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करना स्वयं में विजेता बनने की ओर अग्रसर होना है। जिला समन्वयक अम्बरीश कुमार ने कहा कि विज्ञान की समझ से ही अन्धविश्वास पर चोट सम्भव है। भारत पुरातन काल से ही वैज्ञानिक गतिविधियों का वाहक रहा है, हमें पुनः अपने गौरव को प्राप्त करने के लिए विज्ञान को आत्मसात करना आवश्यक है। प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों में विज्ञान के प्रति अभिरुचि उत्पन्न करने, तार्किक क्षमता विकसित करने, कल्पनाशीलता को उच्चीकृत करने, वैज्ञानिक पद्धति के क्रियाकलापों एवं वैज्ञानिक व्यक्तित्व विकसित करना है।

प्रतियोगिता में विजेताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया साथ ही प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं पाँच सांत्वना पुरस्कार हेतु क्रमशः 8000, 5000, 3000 एवं 2000 के पाँच पुरस्कार प्रदान किये गये। उक्त राशि नवप्रवर्तकों के खाते में स्थानान्तरित की जायेगी। कार्यक्रम में सभी प्रतिभागियों को प्रतिभागिता प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया।

निर्णायक मंडल में नवप्रवर्तन एवं विज्ञान प्रदर्शनी में डॉ. अरूण कुमार, प्रोफेसर राजकीय महाविद्यालय कोटा, राजस्थान, डॉ. आर.बी.एस. रावत भौतिक विभाग महाराज सिंह कॉलेज, डॉ. अमन कुमार भौतिक विभाग महाराज सिंह कॉलेज, अजय कुमार सैनी कोर्स कोआर्डिनेटर मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना एवं सुश्री पिंसी रिसर्च स्कालर, आईआईटी रुड़की ने निर्णायक की भूमिका का निर्वह किया।

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

बुधवार, 17 सितम्बर 2025

# धर्मांतरण कानून पर नोटिस

धर्मान्तरण कानून को लेकर देश की सर्वोच्च अदालत में सुनवाई चल रही है। मंगलवार को धर्मान्तरण से जुड़े कानूनों पर सुप्रीम कोर्ट ने आठ राज्यों को नोटिस जारी किया है और इसका जवाब चार हफ्ते में दाखिल करने को कहा है। उप्र, मध्य प्रदेश, हिमाचल, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, गुजरात, हरियाणा, झारखंड और कर्नाटक में बने धर्मान्तरण कानूनों को चुनौती देने वाली याचिकाएं दायर की गईं। इन्हीं याचिकाओं पर मुख्य न्यायाधीश बीआर गवेई और जस्टिस के विनोद चंद्रन की बेंच सुनवाई कर रही थी। याचिका कर्ताओं ने कोर्ट को बताया कि भले ही इन कानूनों को फ्रीडम ऑफ रिलीजन एक्ट कहा जाता है लेकिन यह अल्पसंख्यकों की धार्मिक स्वतंत्रता पर रोक लगाते हैं। असल में जिस तरह की कठोरता धर्मान्तरण कानूनों को लेकर बरती गई है वह बिल्कुल भी व्यवहारिक नहीं है। इसलिए धर्मान्तरण कानूनों को लेकर एक पक्ष विशेषकर अल्पसंख्यक समाज जरा भी सहज नहीं है, बल्कि वह यह अंदेशा बार-बार सार्वजनिक रूप से जाहिर होती है कि इस कानून द्वारा एक समुदाय विशेषकर मुस्लिम समुदाय के लोगों का उत्पीड़न होगा। जिस तरह के प्रावधान धर्मान्तरण कानून में किए गए हैं, इससे उनकी आशंकाओं की पुष्टि भी होती है। जैसाकि सीनियर एडवोकेट चंद्र उदय सिंह ने अदालत में दलील भी दी कि यूपी में 2024 में धर्मान्तरण से संबंधित कानून संशोधित कर सजा 20 साल से लेकर आजीवन कारावास तक कर दी गई है। उदय सिंह का कहना था कि जमानत की शर्तें भी कठोर कर दी गईं और तीसरे पक्ष को शिकायत दर्ज करने का अधिकार दे दिया गया। उनका कहना था कि इससे चर्च की प्रार्थनाओं या इंटरफेयर मैरिज में शामिल लोगों को भी भीड़ और संगठनों की ओर से उत्पीड़न झेलना पड़ रहा है। अधिवक्ता ने याद दिलाया कि इस मामले में एससी ने 2020 में नोटिस जारी किया था, बाद में जमीअत उलेमा हिन्द ने कोर्ट से मांग की कि छह हाईकोर्ट में चल रही 21 याचिकाओं को सुप्रीम कोर्ट में ही लाया जाए। वर्तमान में गुजरात और मध्य प्रदेश में इस कानून की कुछ धाराओं पर रोक जरूरी है। अब सरकारें चार सप्ताह में क्या जवाब देंगी, यह तो बाद में पता चलेगा, लेकिन इससे एक बात साफ है कि धर्मान्तरण कानून में जिसको फ्रीडम ऑफ रिलीजन एक्ट कहा जाता है। इस तरह की खामियां हैं, जिससे अल्पसंख्यकों की धार्मिक स्वतंत्रता पर रोक लगती है। पीठ के सामने वरिष्ठ वकील इंदिरा जय सिंह, संजय हेगड़े, एमआर शमशाद, संजय पारिख समेत अन्य पक्षकारों ने भी अपनी दलील रखी। वैसे वास्तव में देखा जाए तो इस तरह के कानूनों का विभिन्न समाज वाले देश में कोई औचित्य नहीं है। इसके पीछे देखा जाए तो राजनीति मुख्य कारण है। धर्मान्तरण कानून लाया भी उन्हीं राज्यों में गया है, जहां भाजपा की सरकारें हैं। जो इस बात की तरफ इशारा करती है कि धर्मान्तरण को लेकर केवल भाजपा को ही समस्या है, अन्य सरकारों को नहीं। निसंदेह अगर कहीं कोई बलपूर्वक या षड्यंत्रकारी तरीके से धर्मान्तरण में शामिल होता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई होनी ही चाहिए और उसके लिए हमारे पास पहले से ही कानून हैं, लेकिन यह पक्षपातपूर्ण तरीके से नहीं होना चाहिए।

## सफेद मेज पर सफेद झूठ बोला जा रहा




योगी सरकार में समस्याओं और नाइंसाफी का समाधान नहीं, बल्कि गरीब, वंचित पीड़ित, शोषित का दमन और उत्पीड़न हो रहा है, प्रदेश में बड़े-बड़े खास लोगों के मामले में समझौते कराए जा रहे हैं और बेचारे आम लोगों को दरबार में बुलाकर धमकाया जा रहा है, पीड़ित लोगों के एक दिन पहले दिए बयान को अगले दिन पलटवाया जा रहा है, जो आज सरकार के मुखर विरोध करते दिखते हैं, अगले दिन उन्हें घेर कर सत्ता के केन्द्रों तक ले जाया जा रहा है और दबाव बनाकर सत्ता के अन्याय के बाद सभी इंतजाम करने का झूठा आश्वासन दिया जा रहा है, सफेद मेज पर सफेद झूठ बोला जा रहा है, क्या कोई इंतजाम और समझौता किसी का जीवन वापस ला सकता है। **अखिलेश यादव, अध्यक्ष, समाजवादी पार्टी**

# पाकिस्तान की तरह शिक्षा को जहरीला बनाने की कोशिश

एनसीईआर जिस तरह से भारत की समूची शिक्षा व्यवस्था को तहस-नहस करने पर आमादा है, उसने भारत की आने वाली पीढ़ियों का भविष्य ही नहीं भारत के समूचे सामाजिक और राजनैतिक व संवैधानिक ढांचे को ही खतरे में फंसा दिया है। बेहतरीन और प्रगतिशील शिक्षा देने वाला एनसीईआरटी मात्र दस सालों के भीतर कैसे इस देश के भविष्य के साथ ही खेलने लगेगा, यह आश्चर्यजनक ही नहीं भयावह भी है। ऐसा लगता है एनसीईआरटी पाकिस्तानी शिक्षा व्यवस्था की तरह कट्टरता को ऊपर से नीचे तक ओढ़ लेना चाहता है। यकीन मानिए इस लेख को लिखते हुए मैं आने वाली पीढ़ियों के भविष्य को लेकर बुरी तरह से चिंतित हूं।

भारत में हुए किसान आंदोलनों का एक मजबूत इतिहास रहा है और इन किसानों ने अंग्रेजी हुकूमत की चूलें तक हिलाकर रख दी थीं लेकिन एनसीईआरटी को अब किसान आंदोलन अखरने लगे हैं। 80 के दशक का किसान आंदोलन एनसीईआरटी ने पाठ्यक्रम से गायब कर दिया। राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद की पाठ्यपुस्तकों से कुछ हिस्सों को हटाने को लेकर विवाद भी हुआ और इसी विवाद के बीच NCERT ने 12वीं कक्षा की राजनीति विज्ञान की पाठ्यपुस्तक से भारतीय किसान यूनियन के किसान आंदोलन से संबंधित राइज ऑफ पॉपुलर मूवमेंट्स नामक अध्याय को हटा दिया। किसान यूनियन की स्थापना 1980 के दशक के अंत में दिग्गज किसान नेताओं महेंद्र सिंह टिकैत, चौधरी चरण सिंह, एमडी नांजुंदास्वामी, नारायणस्वामी नायडू और भूपिंदर सिंह मान ने की थी और इन किसान नेताओं की बदौलत हमारा अन्नदाता किसान एक ताकत के रूप में उभरा। द ट्रिब्यून के अनुसार, 12वीं कक्षा की राजनीति विज्ञान की पाठ्यपुस्तक में राइज ऑफ पॉपुलर मूवमेंट्स नामक हटाया गया, जिसकी चर्चा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हुई और अनेक देशों के किसान संगठनों ने ऐसे लंबे और अनुशासित आंदोलन कैसे चलाएं जाएं इस पर आश्चर्य प्रगट किया व सराहना की। हालांकि, राकेश टिकैत ने इस पर कड़ी प्रतिक्रिया दी थी लेकिन उस पर कितना और कब से अमल हुआ यह ज्ञात नहीं है। इसी तरह से एनसीईआरटी ने 11वीं कक्षा की राजनीति विज्ञान की पाठ्यपुस्तक इंडियन कॉन्स्टिट्यूशन ऐट वर्क के पहले अध्याय में भी बदलाव कर डाला। देश के पहले शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आजाद के संदर्भ में बदलाव कर डाले और इसी पाठ्यपुस्तक के अध्याय नंबर 10 में जम्मू कश्मीर के भारत में विलय से जुड़ी वह शर्त और उससे




जुड़ी जानकारी भी हटा दी गई है, जिसमें इसे संविधान के अनुच्छेद 370 के तहत स्वायत्त बनाए रखने की बात कही गई थी। इसे पाठ्यक्रम में बने रहने देने में कोई ऐतराज नहीं था क्योंकि पीढ़ियों को पता तो चलता कि यह धारा किन परिस्थितियों में और क्यों लगाई गई थी। NCERT ने 12वीं कक्षा की इतिहास की किताबों से मुगलों और 2002 के गुजरात दंगों पर सामग्री को हटा दिया और महात्मा गांधी जितनी आंखों में चुभते थे और चुभते रहे हैं तो महात्मा की लंगोटी को भी कैंची से काटना जरूरी था, लिहाजा कुछ अंश वहां से भी कट हुए। वर्ष 2022 में भी सांप्रदायिक और राजनैतिक दल की तरह एक्ट करने वाले एनसीईआरटी ने पाठड्क्रम से पर्यावरण संबंधी अध्याय हटा दिया था। इस पर शिक्षकों ने विरोध जताया था। कोविड काल में भी एनसीईआरटी ने समाजशास्त्र की किताब से जातिगत भेदभाव से संबंधित सामग्री हटाई थी। कक्षा 10वीं की इतिहास की किताब से राष्ट्रवाद समेत तीन अध्याय हटाए गए। उसके पहले 9वीं कक्षा की किताबों से त्रावणकोर की महिलाओं के जातीय संघर्ष समेत तीन अध्याय हटाए गए थे। 2018 में भी एक ऐसे ही बदलाव में कक्षा 12वीं की राजनीतिक विज्ञान की किताब में गुजरात मुस्लिम विरोधी दंगों में से मुस्लिम विरोधी शब्द हटा दिया था। इस संदर्भ के साथ पाकिस्तान की साम्प्रदायिक हो चुकी शिक्षा व्यवस्था का जिक्र करना जरूरी हो गया है। पाकिस्तान के एक प्रमुख अखबार द डॉन ने एक रिपोर्ट छपी थी कि किस तरह पाकिस्तानी स्कूलों में हिंदुओं और दूसरे धार्मिक अल्पसंख्यक समुदायों के प्रति विद्वेषपूर्ण और भड़काऊ शिक्षा दी जा रही है। पाकिस्तान के शिक्षकों को पूरी तरह से साम्प्रदायिक कर दिया गया है। यह शिक्षक गैर मुस्लिमों को इस्लाम का दुश्मन मानते हैं। एक अध्ययन अमेरिकी सरकार से जुड़े एक मिशन द्वारा किया गया था जिसके अनुसार पाकिस्तान में कट्टर इस्लाम के नाम पर जहर का बीज बोया जा रहा है। 9/11 हमले के बाद पूरी दुनिया का ध्यान स्कूलों में पढाई जाने वाली टैक्स्ट बुक की ओर गया। खासकर सऊदी अरब और पाकिस्तान की स्कूली किताबों की ओर। अमेरिका ने काफी दबाव डालकर सऊदी अरब की स्कूली किताबों के काफी टैक्स्ट बदलवाए, लेकिन पाकिस्तान में वह ऐसा न कर सका। पाक स्कूलों की शिक्षा आतंकियों के प्रति सहानुभूति की वजह बन रही है। यूएस कमीशन आन इंटरनेशनल रिलीजियस फ्रीडम के चेयरमैन लेनार्ड लियो ने पिछले दिनों एक बयान में कहा था, पाकिस्तान में हालात लगातार खराब हो रहे हैं। सरकारों के लगातार कमजोर होने से कठमुल्लावाद को प्रश्रय मिल रहा है। सर्वे में पाकिस्तान के चारों प्रातों में कक्षा एक से लेकर दस तक की सौ से ज्यादा पाठ्यपुस्तकों का अध्ययन किया गया। पाठ्यपुस्तकों का इस्लामीकरण तानाशाह जनरल जिया उल हक के दौरान शुरू हुआ था। इसके बाद किताबों में पढ़ाया जाने लगा कि हिंदुओं की संस्कृति और सामाजिक अन्याय और क्रूरता पर आधारित है। जबकि इस्लाम शांति और भाईचारे का संदेश देता है। देश की सबसे ज्यादा आबादी वाले पंजाब प्रांत में कक्षा चार की सामाजिक अध्ययन की किताबों में लिखा है कि मुस्लिम विरोधी ताकतें दुनिया से इस्लाम के वर्चस्व को खत्म करने में लगी हैं। पाकिस्तानी इतिहास के नायकों में मोहम्मद गजनवी को खासा महिमामंडित किया गया है, जिसने 1029 ईसवी के आसपास सोमनाथ मंदिर को तोड़ा था। आज इन्हीं सब शिक्षाओं का नतीजा है कि पाकिस्तान दुनिया का तीसरा असहिष्णु देश बन चुका है। इसी शिक्षा का परिणाम यह हुआ कि पाक में मंदि. रों, गुरुद्वारों और चर्चों पर हमले, तोडफोड़ और



पवन सिंह

आगजनी की घटनाएं बढ़ीं। कश्मीर हेराल्ड समाचार पत्र के मुताबिक-पाकिस्तानी स्कूली किताबों में स्वतंत्रता संग्राम में हिंदू नेताओं के योगदान को बहुत कम करके दिखाया गया है, जिसमें गांधी जी भी शामिल हैं, जिसकी छवि को पाकिस्तान की स्कूली किताबों में लगातार खराब करने की कोशिश हुई है। पाकिस्तान की स्कूली किताबें कहती हैं कि पाकिस्तान का बनना हिंदूओं के विश्वासघात का नतीजा था। अगस्त 1947 में बंटवारे के दौरान जो व्यापक हिंसा हुई, उसके लिए हिंदू और मुस्लिम जिम्मेदार थे, जिन्होंने मुस्लिमों को निशाना बनाया। पाकिस्तान की इतिहास की किताबों में कहा गया है कि 1971 में बांग्लादेश का बनना गहरी हिंदू साजिश का नतीजा थी, हिन्दू चाहते थे कि पाकिस्तान को अस्थिर कर दिया जाए, इसलिए पूर्वी पाकिस्तान को अलग करने षडयंत्र रचा गया। किसी भी पाकिस्तानी टैक्स्ट बुक में ए उल्लेख कहीं नहीं है कि किस तरह बांग्लादेश में पाकिस्तान सेना ने वहां के लोगों पर जुल्म ढहाए थे। पाकिस्तान के नेशनल कमीशन फार जस्टिस एंड पीस ने अपनी एक रिपोर्ट में कहा है कि पाकिस्तानी सरकार स्कूली पाठड्क्रम से घृणा और वैमन्स्य पैदा करने वाली धार्मिक सामग्री हटाने में नाकाम रही है। क्या यह माना जाए कि एनसीईआरटी भी पाकिस्तानी शिक्षा बोर्ड कि तर्ज पर आगे बढ़ रही है? एनसीईआरटी ने खेल खेलना आरंभ किया है यह खेल बहुत खतरनाक साबित होगा, बच्चों के दिमाग में जहर की कीमत पूरा समाज और देश एक साथ चुकाता है व पाकिस्तान से बड़ा उदाहरण आपके सामने और क्या हो सकता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

**मैदानी रिपोर्ट्स में अक्सर यह जरूर बताया जाता है कि जानवर क्या खा रहे थे और खाते समय वे कितनी ऊंचाई पर थे। यानी उस समय वे पेड़ पर बैठे थे या जमीन पर। इसके आधार पर शोधकर्ताओं ने यह अनुमान लगाया कि कितनी बार ए वानर पूर्वज यानी एप्स जमीन से फल उठाकर खाते हैं। इसे उन्होंने स्क्रम्पिंग की संज्ञा दी यानी गिरे हुए फल एकत्रित करना। इन गिरे हुए फलों को किण्वन की प्रारंभिक अवस्था में माना गया।**

# एक आम लत जो वनमानुष पूर्वजों से मिली

अजीब लगता है लेकिन शायद यह सच है। यह सही है कि 1 करोड़ साल पहले हमारे वानर पूर्वज दारू बनाना तो नहीं जानते थे लेकिन उन्होंने उसका स्वाद परोक्ष रूप से चख लिया था। बायोसाइन्स में प्रकाशित एक रिपोर्ट इस बात को प्रमाणित करती लगती है। जीव वैज्ञानिक रॉबर्ट डूडले द्वारा प्रस्तुत एक परिकल्पना रही है, शराबखोर बंदर, जिसके अनुसार कई लाख साल पहले हमारे वानर पूर्वज गिरे हुए फल खाते थे, जो कुछ हद तक किण्वित होकर मदिरा से भर गए होंगे। इस अध्ययन के दौरान शोधकर्ताओं ने इस प्रवृत्ति को एक अच्छा सा नाम भी दे दिया है-स्क्रम्पिंग (फलचोरी)।

वैसे तो किण्वित होते फलों को सूंघ लेना काफी आसान है। जब फलों, पेड़ों से रिसते रस या मकरंद पर खमीर पनपता है तो वह अल्कोहल पैदा करता है। कई जानवर और पक्षी इसका सेवन करके थोड़े धुत तो हो जाते हैं और फिर मनुष्यों ने लगभग 8000 साल पहले फलों से और अनाज से शराब बनाना सीख लिया था। तो हो सकता है कि हमारे वानर पूर्वजों ने प्राकृतिक रूप से बनती शराब को चखा हो। दरअसल, यदि वे ऐसे किण्वित होते फलों को खाने लगते तो उन्हें अन्य जंतुओं से प्रतिस्पर्धा में लाभ मिलता क्योंकि अन्य जंतु इन्हें नहीं खाते। और तो और, ऐसे फलों को उनकी हवा में फैलती गंध की मदद से दूर से ताड़ लेना भी आसान रहा होगा। हमारे पूर्वजों ने यह क्षमता हासिल कर ली थी, इसका सर्वप्रथम प्रमाण 2015 में 18 प्रायमेट प्रजातियों के एक जेनेटिक विश्लेषण से मिला था। इस अध्ययन में पता चला था कि मनुष्य, चिम्पैंजी तथा गोरिल्ला में एक ऐसा उत्परिवर्तन पाया जाता है जो अल्कोहल पचाने वाले एंजाइम की कार्यक्षमता को 40 गुना बढ़ा देता है। और गणनाओं से अन्दाज लगा था कि यह उत्परिवर्तन करीब 1 करोड़ साल पहले हुआ था, लेकिन इस बाबत आंकड़े उपलब्ध नहीं थे कि क्या हमारे वानर पूर्वज पर्याप्त मात्रा में किण्वित खाद्य पदार्थ का भक्षण करते थे। परोक्ष अनुमानों के आधार पर तो 40 प्रजातियों के भोजन में यह 3 प्रतिशत से भी कम था। शोधकर्ताओं का विचार था कि यह अनुमान वास्तविकता से थोड़ा कम है क्योंकि इसमें उन फलों को शामिल नहीं किया गया है जो किण्वन की प्रारंभिक अवस्था में खाए जाते हैं।

फिर शोधकर्ताओं को एक आइडिया सूझा। उन्होंने विचार किया कि यदि वे गिरे हुए फलों पर ध्यान केन्द्रित करें तो बेहतर अनुमान मिल सकता है। मैदानी रिपोर्ट्स में अक्सर यह जरूर बताया जाता है कि जानवर क्या खा रहे थे और खाते समय वे कितनी ऊंचाई पर थे। यानी उस समय वे पेड़ पर बैठे थे या जमीन पर। इसके आधार पर शोधकर्ताओं ने यह अनुमान लगाया कि कितनी बार ए वानर पूर्वज यानी एप्स जमीन से फल उठाकर खाते हैं। इसे उन्होंने स्क्रम्पिंग की संज्ञा दी यानी गिरे हुए फल एकत्रित करना। इन गिरे हुए फलों को किण्वन की प्रारंभिक अवस्था में माना गया। अब इस नई परिभाषा को लेकर डार्टमाउथ कॉलेज के मानव वैज्ञानिक नाथेनियल डोमिनी और उनके साथियों ने चार प्रायमेट प्रजाति आबादियों के पहले से उपलब्ध आंकड़ों को एक बार फिर से टटोला-बोर्नियो के ओरांगुटान, युगांडा के चिम्पैंजी और पहाड़ी गोरिल्ला तथा गैबन के गोरिल्ला। देखा गया कि इन चारों प्रजातियों के भोजन में फलों की मात्रा लगभग एक बराबर 15 से 60 प्रतिशत के बीच थी लेकिन गिरे हुए या पेड़ से तोड़े गए फलों की मात्रा में काफी विविधता थी।

अफ्रीकी एप्स, गोरिल्ला व चिम्पैंजी ने जो फल खाए उनमें से गिरे हुए फल 25 से 62 प्रतिशत तक थे जबकि ओरांगुटान ने ऐसे फल कभी-कभार ही खाए थे। गौरतलब है कि ओरांगुटान हमारे दूर के रिश्तेदार हैं और उनमें अल्कोहल का कुशलतापूर्वक पाचन करने के लिए जरूरी जेनेटिक उत्परिवर्तन नहीं होता। लिहाजा, उपरोक्त जानकारी काफी महत्वपूर्ण है। अलबत्ता, कई वैज्ञानिकों का कहना है कि चंद स्थलों के आंकड़ों के आधार पर निष्कर्ष निकालना उचित नहीं है। हो सकता है यह प्रवृत्ति चंद आबादियों तक सीमित हो। जैसे हारवर्ड विश्वविद्यालय के मानव वैज्ञानिक रिचर्ड रैंगहैम बताते हैं कि उन्होंने दशकों से युगांडा के जिन चिम्पैंजियों का अध्ययन किया है उनमें गिरे हुए फल के प्रति हिकारत ही देखी है। बहरहाल, वे मानते हैं कि इस अध्ययन ने अल्कोहल सेवन की ओर जो ध्यान आकर्षित किया है वह महत्वपूर्ण है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)


# टीवी बहसों का गिरता स्तर समाज के लिए चिंतनीय



विनीत नारायण

भारत, दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है, जहां संवाद और विमर्श लोकतंत्र की रीढ़ माने जाते हैं। वहां आज टीवी बहसें एक ऐसा मंच बन चुकी हैं जहां तर्क की जगह एक दूसरे का अपमान, चीख-पुकार और राजनीतिक दुष्प्रचार हावी हो गया है। प्राइम टाइम के इन शो में विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रवक्ता एक-दूसरे पर व्यक्तिगत हमले करते नजर आते हैं, जिससे बहसें निष्कर्षहीन हो जाती हैं। यह न केवल दर्शकों के समय की बर्बादी है, बल्कि समाज में ध्रुवीकरण को बढ़ावा देने वाला एक खतरनाक माध्यम भी बन गया है। प्रवक्ताओं द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली अपमानजनक भाषा ने टीवी डिबेट्स को एक सर्कस का रूप दे दिया है। चैनल और एंकर ऐसे निरर्थक बहसों को क्यों बढ़ावा देते हैं? क्या यह टीआरपी की होड़ है या राजनीतिक दबाव?

टीवी बहसों का इतिहास भारत में 1990 के दशक से जुड़ा है, जब निजी चैनलों का आगमन हुआ। शुरू में ए बहसें मुद्दों पर तथ्यपरक चर्चा का माध्यम थीं, लेकिन आज वे एक शोरगुल भरी जंग बन चुकी हैं। विभिन्न अध्ययनों और रिपोर्टों से स्पष्ट है कि भारतीय टीवी डिबेट्स में आक्रामकता और विषाक्त भाषा का स्तर चिंताजनक रूप से बढ़ा है। एक शोध के अनुसार, बहसों में एंकरों द्वारा आक्रामक लहजे का इस्तेमाल 80 प्रतिशत से अधिक होता है, जो दर्शकों पर नकारात्मक मनोवैज्ञानिक प्रभाव डालता है। ए आंकड़े बताते हैं कि बहसें अब सूचना का स्रोत नहीं, बल्कि प्रचार का हथियार बन चुकी हैं।



राजनीतिक दलों के प्रवक्ताओं द्वारा अपमानजनक भाषा का उपयोग इस समस्या का केंद्रीय बिंदु है। एक बहस के दौरान एक राष्ट्रीय पार्टी के प्रवक्ता को दूसरी पार्टी के प्रवक्ता द्वारा 'जयचंद' और 'गद्दार' कहा गया, जिसे सुनकर उस प्रवक्ता को हार्ट अटैक हुआ और उनकी मृत्यु हो गई। यह घटना टीवी डिबेट्स की विषाक्तता का जीता-जागता उदाहरण है। इसी तरह अन्य प्रवक्ता ने एक दूसरे प्रवक्ता को 'नाली का कीड़ा', 'दादी मां', 'वैंप' कहा या 'उल्टा टांग दूंगा' जैसे शब्दों का प्रयोग करते पाए गए हैं। एक प्रवक्ता ने तो बहस के दौरान दूसरे प्रवक्ता पर हाथ भी उठा दिया।

यह समस्या बढ़ रही है कम नहीं हुई। मध्य प्रदेश के टीकमगढ़ में एक टीवी बहस के दौरान एक नेता पर कुर्सी फेंकी गई, जिसके बाद एफआईआर भी दर्ज हुई। नवंबर 2024 में दिल्ली हाईकोर्ट ने एक टीवी चैनल को एक प्रवक्ता के खिलाफ अपमानजनक क्लिप हटाने का आदेश दिया। ए उदाहरण दर्शाते हैं कि अपमान अब शारीरिक हिंसा तक पहुंच गया है। राजनीतिक दलों द्वारा ऐसे प्रवक्ताओं को चुना जाना भी एक चिंताजनक बात है। अधिकांश प्रवक्ता राजनीतिक अनुभव की कमी रखते हैं और केवल टीवी पर चिल्लाने के लिए नियुक्त होते हैं। यदि राजनैतिक दल द्वारा योग्य प्रवक्ताओं को चुना गया होता, तो बहसें अधिक सभ्य और उत्पादक होतीं। लेकिन वर्तमान में, ए प्रवक्ता दलों के चेहरे बन चुके हैं, जो विचारधारा के बजाय व्यक्तिगत हमलों पर निर्भर हैं। ऐसे स्तरहीन प्रवक्ताओं को चैनल क्यों आमंत्रित करते हैं? इसका मुख्य कारण टीआरपी (टेलीविजन रेटिंग पॉइंट) है। शोरगुल भरी बहसें दर्शकों को आकर्षित करती रही हैं, क्योंकि वे मनोरंजन का रूप ले लेती हैं। रॉयटर्स इंस्टिट्यूट की रिपोर्ट बताती है कि आर्थिक दबावों के कारण ग्राउंड रिपोर्टिंग कम हो गई है और स्टूडियो डिबेट्स ही मुख्य सामग्री बन गई हैं। चैनल जानते हैं कि तर्कपूर्ण चर्चा से दर्शक भागते हैं, लेकिन चीख-पुकार उन्हें बांधे रखती है। दूसरा कारण राजनीतिक दबाव का उदय है। टाइम मैगजीन के अनुसार, राज्य और पार्टी के विज्ञापन बजट चैनलों को नियंत्रित करते हैं। परिणामस्वरूप, बहसें सत्ता पक्ष को लाभ पहुंचाने वाली बन जाती हैं। विपक्षी प्रवक्ताओं को अपमानित किया जाता है, जबकि सत्ताधारी प्रवक्ताओं को खुली छूट मिलती है। 2022 में सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने चैनलों को सलाह दी कि वे उत्तेजक भाषा वाली बहसें न दिखाएं, लेकिन इसका कोई असर नहीं हुआ। चैनल जानबूझकर ऐसे प्रवक्ताओं को बुलाते हैं जो विवाद पैदा करें, क्योंकि यह सोशल मीडिया पर वायरल होता है और चैनल की पहुंच बढ़ाता है। ऐसी बहसों के सामाजिक प्रभाव गंभीर हैं। वे समाज को ध्रुवीकृत करती हैं, विशेषकर हिंदू-मुस्लिम मुद्दों पर। एक शोध के अनुसार, बहसें शफिक्स्ड मैचश की तरह होती हैं, जहां अपमान और झगड़े पूर्वनियोजित होते हैं। मुस्लिम पैनलिस्टों को एंटी-नेशनल कहा जाता है, जो सांप्रदायिक हिंसा को भड़काता है। 'गल्फ न्यूज' की एक रिपोर्ट में कहा गया कि भारत के चैनल मुसलमानों के खिलाफ घृणा फैला रहे हैं। युवाओं का एक वर्ग, जो रोजगार और शिक्षा चाहता है, इन बहसों से प्रभावित होकर हिंसक हो रहा है। लोकतंत्र में संवाद आवश्यक है, लेकिन यह विषाक्त संवाद समाज को कमजोर कर रहा है। चैनल और एंकरों की जिम्मेदारी यहां महत्वपूर्ण है। वे मॉडरेटर हैं, न कि भागीदार। लेकिन अधिकांश एंकर, खुद अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल करते हैं। रेडिफ की एक रिपोर्ट में कहा गया कि बहसें शविषैलीश हो चुकी हैं। एंकर विपक्ष को बोलने न देकर, मात्र समय काटते हैं। यदि चैनल सख्त कोड ऑफ कंडक्ट लागू करें, तो स्थिति सुधर सकती है। लेकिन टीआरपी और राजनी. तिक लाभ के लालच में वे अनदेखी करते हैं।

समाधान के लिए बहुआयामी प्रयास जरूरी हैं। सबसे पहले, राजनैतिक दलों को प्रवक्ताओं के चयन में सुधार करना चाहिए। केवल अनुभवी और सभ्य व्यक्तियों को ही टीवी पर भेजा जाए। दूसरा, 'ट्राई' और सूचना मंत्रालय को सख्त नियम लागू करने चाहिए, जैसे अपमानजनक भाषा पर तत्काल जुर्माना लगे। तीसरा, दर्शकों को जागरूक होना चाहिएय वे ऐसे चैनलों का बहिष्कार करें जो सनसनी फैलाते हैं। चौथा, स्वतंत्र मीडिया वॉचडॉग को मजबूत बनाना चाहिए। अंत में, डिजिटल प्लेटफॉर्म्स जैसे यूट्यूब पर तथ्यपरक बहसें बढ़ावा दें, जहां सोशल मीडिया इंगेजमेंट सकारात्मक हो।

भारत की टीवी बहसें लोकतंत्र का मजाक बन चुकी हैं। अपमानजनक प्रवक्ताओं का बोलबाला न केवल बहसों को निरर्थक बनाता है, बल्कि समाज को विभाजित करता है। चैनल और एंकरों को यदि वास्तव में पत्रकारिता का सम्मान करना है, तो उन्हें टीआरपी के पीछे भागना छोड़कर जिम्मेदार संवाद को प्राथमिकता देनी चाहिए। अन्यथा, ए बहसें लोकतंत्र की जड़ों को खोखला करती रहेंगी। समय आ गया है कि हम एक ऐसे मीडिया की मांग करें जहां तर्क जीते, न कि अपमान। केवल तभी भारत का लोकतंत्र मजबूत होगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

### सीजफायर पर वाहवाही लूटने के ट्रम्प के दावे को झटका

# पाक डिप्टी पीएम ने ट्रम्प को दिखाया आईना

## इशाक डार बोलेः भारत ने कभी भी तीसरे देश की मध्यस्थता स्वीकार नहीं की



■ हमें कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन भारत ने साफ तौर पर कहा है कि यह एक द्विपक्षीय मुद्दा है
■ हम शांतिप्रिय देश हैं और मानते हैं कि बातचीत ही आगे बढ़ने का रास्ता है: इशाक डार

**दोहा।** पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री इशाक डार ने भारत-पाकिस्तान जंग रुकवाने का डोनाल्ड ट्रम्प का दावा खारिज कर दिया। मंगलवार को कतर में अलजजीरा से बात. चीत में उन्होंने पहली बार माना है कि भारत ने कभी भी दोनों देशों के बीच किसी तीसरे पक्ष की मध्यस्थता स्वीकार नहीं की। उनसे जब पूछा गया कि क्या आप तीसरे पक्ष की भागीदारी के लिए तैयार थे? इस पर इशाक डार ने कहा कि हमें कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन भारत ने साफ तौर पर कहा है कि यह एक द्विपक्षीय मुद्दा है। इशाक डार ने कहा कि हम किसी से भी बातचीत के लिए तैयार हैं।

हम शांतिप्रिय देश हैं और मानते हैं कि बातचीत ही आगे बढ़ने का रास्ता है, लेकिन इसके लिए दोनों पक्षों की भागीदारी जरूरी है। डार ने कहा कि जब पाकिस्तान ने अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो के सामने सीजफायर का मामला उठाया तो अमेरिकी विदेश मंत्री ने साफ कर दिया कि भारत हमेशा से यही कहता आया है कि पाकिस्तान के साथ सभी मुद्दे पूरी तरह से द्विपक्षीय हैं। डार ने आगे कहा कि अमेरिका ने मई में सीजफायर का प्रस्ताव दिया था और यह भी कहा था कि भारत और पाकिस्तान के बीच बातचीत किसी तटस्थ जगह पर हो सकती है। लेकिन 25 जुलाई को वाशिंगटन में रूबियो के साथ हुई अगली बैठक में उन्हें बताया गया कि भारत इस प्रस्ताव पर सहमत नहीं है। डार ने कहा-भारत का कहना है कि यह एक द्विपक्षीय मुद्दा है। हम किसी चीज की भीख नहीं मांग रहे हैं। हम एक शांतिप्रिय देश हैं और हमारा मानना है कि बातचीत ही आगे बढ़ने का रास्ता है। लेकिन बातचीत के लिए दो लोगों की जरूरत होती है। डार ने यह भी कहा कि अगर भारत जवाब देता है तो पाकिस्तान अभी भी बातचीत के लिए तैयार है। 22 अप्रैल को कुछ आतंकियों ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमला किया किया था। इस हमले में 26 लोगों मारे गए थे। इसके 15 दिन बाद यानी 7 मई को भारतीय सेना ने आपरेशन सिंदूर चलाकर पाकिस्तान में कई आतंकी ठिकानों को निशाना बयान था। दोनों देशों के बीच 4 दिन तक संघर्ष चला था, जिसके बाद अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने 10 मई को सबसे पहले दोनों देशों के बीच सीजफायर की जानकारी दी थी। इसके बाद वो करीब 30 से ज्यादा बार दोनों देशों में सीजफायर कराने का क्रेडिट ले चुके हैं। हालांकि भारत साफ तौर पर कह चुका है कि दोनों देशों के बीच सीजफायर आपसी बातचीत से हुआ है, इसमें किसी तीसरे पक्ष का कोई रोल नहीं है।

### अगले हफ्ते ट्रम्प से मिल सकते हैं पाक पीएम शहबाज

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ 25 सितम्बर को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से मुलाकात कर सकते हैं। जियो न्यूज की रिपोर्ट के मुताबिक शहबाज अगले सप्ताह संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक में शामिल होने अमेरिका जाएंगे। इस दौरान उनकी ट्रम्प से मुलाकात होगी। बैठक के दौरान पाकिस्तान के आर्मी चीफ असीम मुनीर भी मौजूद रह सकते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक इस मुलाकात में पाकिस्तान से आई विनाशकारी बाढ़ और कतर पर इजरायल के हमले के परिणामों की चर्चा की जाएगी। जियो न्यूज ने यह भी बताया कि यह बैठक कतर और सऊदी अरब के सलाह से आयोजित की जा रही है।



जम्मू-कश्मीर। कुलगाम जिले में एक आतंकवादी ठिकाने का भंडाफोड़ करने के बाद घटनास्थल पर मौजूद सुरक्षाकर्मी।

### इजरायल को अंतर्राष्ट्रीय खेलों से प्रतिबंधित किया जाएः स्पेन

**मैड्रिड।** स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज ने गाजा में इजरायल की गतिविधियों के कारण उसे अंतर्राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं से बाहर करने का आह्वान किया है।

उन्होंने अपनी सोशलिस्ट वर्कर्स पार्टी के निर्वाचित प्रतिनिधियों से कहा कि इजरायल अपने गलत कार्यों पर पर्दा डालने के लिए किसी भी अंतर्राष्ट्रीय मंच का इस्तेमाल नहीं कर सकता। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने रविवार को कहा कि 2022 में यूक्रेन पर रूस के आक्रमण के लिए इजरायल के साथ भी वैसा ही व्यवहार किया जाना चाहिए जैसा रूस के साथ किया गया है। इजरायल के विदेश मंत्री गिदोन सार ने स्पेन के प्रधानमंत्री को 'शर्मनाक' करार दिया और उन पर मैड्रिड में फलस्तीनी समर्थक प्रदर्शनों को भड़काने का आरोप लगाया, जिसके कारण वुएल्टा-ए-स्पेना साइकिल रेस का अंतिम चरण रद्द कर दिया गया, जिसमें एक इजरायली टीम प्रतिस्पर्धा कर रही थी। इससे पहले सांचेज ने कहा था कि तीन हफ्ते तक चली इस रेस के दौरान हुए पिछले विरोध प्रदर्शनों ने दिखाया है कि स्पेन गाजा मुद्दे पर 'गर्व' के साथ एक मिसाल कायम करता है।

### संक्षिप्त समाचार

#### परमाणु ऊर्जा संयंत्रों पर हमलों पर प्रतिबंध लगाने का आह्वान

**तेहरान।** ईरान, रूस, बेलारूस, चीन, वेनेजुएला और निकारागुआ ने अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) से परमाणु ऊर्जा संयंत्रों पर हमले या इस तरह के किसी खतरे पर प्रतिबंध लगाने का आह्वान किया है। ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बाकेई ने यह घोषणा की। उन्होंने प्रस्ताव का एक स्क्रीनशॉट पोस्ट करते हुए लिखाः एनपीटी की अखंडता की रक्षा के लिए ईरान ने चीन, रूस, वेनेजुएला, निकारागुआ और बेलारूस के साथ मिलकर 'आईएईए सुरक्षा उपायों के तहत परमाणु स्थलों और सुविधाओं पर सभी प्रकार के हमले और हमले की धमकियों पर प्रतिबंध' पर एक मसौदा प्रस्ताव प्रस्तुत किया है।

#### अमेरिका का वेनेजुएला की बोट पर फिर हमला, मरे

**वाशिंगटन।** अमेरिकी सेना ने एक बार फिर वेनेजुएला के ड्रग तस्करों की बोट पर हमला किया। इस हमले में 3 लोग मारे गए। राष्ट्रपति ट्रम्प ने इसकी जानकारी सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दी। उन्होंने इन तस्करों को नार्को टेररिस्ट यानी ड्रग कार्टेल से जुड़े आतंकवादी बताया। ट्रम्प ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा मेरे आदेश पर अमेरिकी सेना ने ड्रग तस्करी करने वाले कार्टेल और नार्को टेररिस्ट पर स्ट्राइक की। ये लोग वेनेजुएला से नशीले पदार्थ अमेरिका की ओर ले जा रहे थे। उन्होंने कहा कि ड्रग कार्टेल अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा, विदेश नीति और हितों के लिए बड़ा खतरा हैं। ट्रम्प ने यह भी बताया कि इस हमले में अमेरिकी बलों को कोई नुकसान नहीं हुआ।

#### फिलीपींस के पोत ने चीनी तटरक्षक जहाज को मारी टक्कर

**बीजिंग।** दक्षिण चीन सागर में मंगलवार सुबह फिलीपींस के एक जहाज ने जानबूझकर एक चीनी तट रक्षक (सीसीजी) जहाज को टक्कर मार दी। चीनी तट रक्षक बल ने यह जानकारी दी है। सीसीजी के प्रवक्ता गान यू ने कहा कि मंगलवार को फिलीपींस के दस पोत अवैध तरीके से चीन के हुआंग्यान दाओ के पास चीनी जलक्षेत्र में घुस आए। इस पर सीसीजी ने कानून के मुताबिक उन्हें चेतावनी देते हुए उनका रास्ता रोका और उन पर पानी की बौछार की। गान के मुताबिक सुबह करीब 10 बजे 3014 नंबर वाले एक फिलीपीनी पोत ने चीन की ओर से दी गई चेतावनी को नजरंदाज करते हुए जानबूझकर एक सीसीजी जहाज को जोरदार टक्कर मारी।

### भारत पर 100% टैरिफ लगाए यूरोपः अमेरिका

■ वित्त मंत्री ने कहाः अपनी जिम्मेदारी निभाए यूरोप, चीन पर एक्स्ट्रा टैरिफ लगाने से इन्कार

**वाशिंगटन डीसी।** अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने यूरोपीय देशों से भारत और चीन पर 50 प्रतिशत से 100 प्रतिशत तक टैरिफ लगाने की अपील की है। यह बात उन्होंने ब्लूमबर्ग को दिए इंटरव्यू में कही। बेसेंट ने कहा कि रूसी तेल खरीद रोकने के लिए अमेरिका तब तक एक्स्ट्रा टैरिफ नहीं लगाएगा, जब तक कि यूरोपीय देश चीन और भारत पर भारी टैरिफ नहीं लगाते।

यूरोप को रूस की आयल इनकम रोकने और यूक्रेन में युद्ध खत्म करने में बड़ी भूमिका निभानी होगी। बेसेंट का यह बयान चीन से टिकटाक को लेकर हुई बातचीत के बाद आया है। उन्होंने कहा कि चीन, रूस से तेल खरीदने को अपना अंतरिक मामला मानता है। ट्रम्प प्रशासन का मानना है कि भारत और चीन रूस से तेल खरीद रहे हैं, जिससे पुतिन को यूक्रेन के खिलाफ जंग जारी रखने में मदद मिल रही है। भारत-चीन पर भारी भरकम टैरिफ लगाकर इन्हें रूसी खरीदने से रोका जा सकता है। बेसेंट ने कहा कि अमेरिका यूरोपीय देशों के साथ मिलकर रूस की आयल कंपनियों जैसे रोसनेफ्ट और लुकोइल पर कठोर प्रतिबंध लगा का सोच रहा है। इसके साथ ही 2022 में यूक्रेन पर हमले के बाद रूस की जो 300 अरब डॉलर प्रापर्टी फ्रीज की गई थी, उनका इस्तेमाल करने पर विचार करेगा।

# जैश ने कबूलाः ऑपरेशन सिंदूर में मसूद का परिवार मारा गया

## जैश कमांडर मसूद इलियास कश्मीरी का एक वीडियो हो रहा वायरल



7 मई को बहावलपुर में भारत की कार्रवाई में अजहर के परिवार के टुकड़े-टुकड़े हो गए
भारत ने 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के जवाब में हमला किया था

**इस्लामाबाद।** आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद ने पहली बार माना है कि उसके सरगना मौलाना मसूद अजहर के परिवार के कई सदस्य ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत के हमले में मारे गए। जैश के कमांडर मसूद इलियास कश्मीरी का एक वीडियो वायरल हो रहा है।

इस वीडियो में वह कहता है कि 7 मई को बहावलपुर में भारत की कार्रवाई में अजहर के परिवार के लोगों के टुकड़े-टुकड़े हो गए, उनका कीमा बन गया था। भारत ने 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के जवाब में हमला किया था। ऑपरेशन के दौरान बहावलपुर समेत पाकिस्तान के अंदर नौ आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया गया था। सैटेलाइट तस्वीरों से भी मस्जिद के गुंबद और आसपास के ढांचों को गंभीर नुकसान की पुष्टि हुई। बहावलपुर में हुए भारतीय हमले में मसूद के परिवार के 10 लोग मारे गए थे। इसके अलावा 4 सहयोगियों की भी मौत हुई थी। मरने वालों में मसूद की बड़ी बहन और उसका पति, मसूद का भतीजा और उसकी पत्नी, मसूद की एक भतीजी और उसके पांच बच्चे शामिल हैं। इसके अलावा मसूद के 4 सहयोगी भी मारे गए थे। हमले के वक्त मसूद मौके पर नहीं था, इस वजह से उसकी जान बच गई थी। बीबीसी उर्दू की रिपोर्ट के मुताबिक मसूद ने परिवार के लोगों के मरने के बाद एक बयान भी जारी किया था। इसमें उसने कहा था कि मैं भी मर जाता तो खुशनसीब होता। मसूद अजहर सालों से बहावलपुर के चौक आजम इलाके के मरकज सुभानल्लाह नाम के कैंपस में ही रह रहा था। साल 2011 तक इस कैंपस में सिर्फ एक मस्जिद थी, उसके बाद आतंकियों की ट्रेनिंग और बाकी एक्टिविटीज के लिए कैंपस में इमारतें और बाकी स्ट्रक्चर बढ़ता चला गया। सैटेलाइट इमेजेज के आधार पर इसका पूरा इलाका 18 एकड़ बताया जाता है। फरवरी 2019 में पुलवामा हमले के बाद जैश-ए-मोहम्मद ने इसकी जिम्मेदारी ली थी। इसके बाद भारत की मांग पर संयुक्त राष्ट्र ने मसूद को ग्लोबल टेररिस्ट की लिस्ट में डाला था। अंतर्राष्ट्रीय दबाव बढ़ने पर पाकिस्तान ने कहा था कि जैश के बहावलपुर हेडक्वार्टर को सरकार ने अपने कब्जे में ले लिया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, पाकिस्तान ने मसूद की सिक्योरिटी और बढ़ा दी थी। पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान को इस तरह की स्ट्राइक का अंदेशा था, इसलिए माना जाता है कि मसूद को पहले ही वहां से शिफ्ट कर दिया गया था। ले. ज. रामेश्वर राय के मुता. बिक पाकिस्तान में मसूद को सेना का प्रोटेक्शन मिला हुआ है, लेकिन पाकिस्तान यह नहीं मानता कि मसूद उसकी जमीन पर मौजूद है। इसलिए पाकिस्तान मसूद अजहर के मारे जाने की बात छिपाने की कोशिश कर सकता है।

# इजरायल के गाजा सिटी में जमीनी हमलों में 41 की मौत

## तीन लाख लोगों ने शहर छोड़ा, रक्षामंत्री काट्ज बोलेः गाजा जल रहा



**तेल अवीव।** इजरायल ने गाजा सिटी में ग्राउंड ऑपरेशन यानी जमीनी हमले शुरू कर दिए है। सीएनएन ने मंगलवार सुबह दो इजरायली अधिका. रियों के हवाले से इसकी पुष्टि की। यह हमला गाजा सिटी के बाहरी इलाकों से शुरू हुआ है। यहां रात भर इजरायल के हवाई हमले भी जारी रहे। इन हमलों में 41 लोग मारे गए। इजरायली सेना के एक अधिकारी के मुताबिक अब तक लगभग 3.2 लाख लोगों ने शहर छोड़ दिया है। इजरायल के रक्षा मंत्री इजरायल काट्ज ने कहा कि सेना बंधकों की रिहाई और हमास की हार के लिए बहादुरी से लड़ रही है। काट्ज ने कहा कि गाजा जल रहा है, सेना पूरी ताकत से उनके ठिकानों पर हमले कर रही है। उन्होंने आगे कहा कि हम तब तक पीछे नहीं हटेंगे और न ही रुकेंगे, जब तक मिशन पूरा नहीं हो जाता। इजरायल ने पिछले महीने यानी अगस्त में गाजा सिटी पर कब्जा करने की योजना को मंजूरी दी थी। इसके तहत करीब 60 हजार रिजर्व सैनिकों को डयूटी पर बुलाने का आदेश जारी किया गया। प्लान के मुताबिक गाजा सिटी पर कब्जे के अभियान के लिए कुल 1.30 लाख सैनिक तैनात किए जाएंगे। सैनिकों को डयूटी जाइन करने से कम से कम दो हफ्ते पहले नोटिस दिया जाएगा। पहली खेप में 2 सितम्बर को करीब 40-50 हजार सैनिक बुलाए जाने का शेडयूल तय किया गया। दूसरी खेप नवंबर-दिसम्बर और तीसरी फरवरी-मार्च 2026 में बुलाई जाएगी। इस अभियान को गिदोन'स चेरिएट्स-बी नाम दिया गया है। साथ ही, पहले से डयूटी कर रहे हजारों रिजर्व सैनिकों की सेवा भी 30-40 दिन के लिए बढ़ा दी गई है। ऑपरेशन में 5 आर्मी डिवीजन और 12 ब्रिगेड-लेवल टीमें शामिल होंगी, जिनमें पैदल सेना, टैंक, तोपखाना, इंजीनियरिंग और सपोर्ट यूनिट्स शामिल हैं। इसके अलावा गाजा डिवीजन की नार्थ और साउथ ब्रिगेड भी हिस्सा ले रही हैं। इजरायल का मकसद गाजा सिटी में उन इलाकों में घुसना है, जहां हमास के कब्जे में अभी भी कई बंधक होने की आशंका है।

### ट्रम्प ने न्यूयॉर्क टाइम्स को बताया सबसे गिरा हुआ अखबार

■ अमेरिकी राष्ट्रपति 15 अरब डॉलर का मानहानि मुकदमा करेंगे दायर

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने बताया कि वे चर्चित अखबार द न्यूयार्क टाइम्स के खिलाफ 15 अरब डॉलर का मानहानि मुकदमा करेंगे। ट्रम्प ने न्यूयार्क टाइम्स को 'कट्टरपंथी वाम डेमोक्रेट पार्टी' का मुखपत्र बताया और कहा कि अखबार ने बीते एक दशक से उन्हें बदनाम करने के लिए उनके खिलाफ अभियान चलाया हुआ है। ट्रम्प ने दावा किया कि अखबार उनके बारे में झूठी रिपोर्ट प्रकाशित करता आ रहा है।

ट्रम्प ने न्यूयार्क टाइम्स पर कमला हैरिस के समर्थन में अभियान चलाने का आरोप लगाया। ट्रम्प ने सोशल मीडिया पोस्ट में दावा किया कि अखबार द्वारा राष्ट्रपति पद की दौड़ में उनकी डेमोक्रेट प्रतिद्वंद्वी कमला हैरिस का समर्थन किया गया और उनके बयानों को अखबार के पहले पन्ने पर प्रमुखता से छापा। ट्रम्प का दावा है कि यह अब तक का सबसे बड़ा अवैध चुनावी चंदा है। उन्होंने अखबार पर उनके, उनके परिवार, उनके व्यवसाय और अमेरिका फर्स्ट और मेक अमेरिका ग्रेट अगेन (एमएजीए) आंदोलनों और पूरे देश के बारे में झूठ फैलाने का भी आरोप लगाया। ट्रम्प ने कहा कि कभी सम्मानित रहे अखबार के खिलाफ कार्रवाई करने पर उन्हें गर्व है, जैसा कि उन्होंने पूर्व में कई अखबारों और मीडिया संस्थानों के खिलाफ किया है। ट्रम्प ने आरोप लगाया कि अखबार को बहुत लंबे समय तक मेरे खिलाफ खुलेआम झूठ बोलने और बदनाम करने की इजाजत दी गई। जो अस्वीकार्य और अवैध दोनों है। अब यह सब बंद हो! यह मुकदमा फ्लोरिडा राज्य में लाया जा रहा है।

### भारत-मॉरीशस के संबंध और अधिक मजबूत होंगेः मुर्मु

■ दोनों देशों के बीच साझेदारी और हर क्षेत्र में सहयोग लगातार बढ़ रहा

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि भारत की 'पड़ोसी प्रथम' नीति, 'महासागर विजन' और ग्लोबल साउथ के लिए हमारी प्रतिबद्धता में मॉरीशस का विशेष स्थान है और दोनों देशों के बीच साझेदारी और हर क्षेत्र में सहयोग लगातार बढ़ रहा है।

भारत यात्रा पर आए मॉरीशस के प्रधानमंत्री डा. नवीनचंद्र रामगुलाम ने अपनी आठ दिन की यात्रा के अंतिम दिन मंगलवार को यहां राष्ट्रपति भवन में मुर्मु से भेंट की। डा. रामगुलाम नौ सितम्बर को भारत यात्रा पर आए थे। राष्ट्रपति से मुलाकात के साथ ही उनकी यात्रा संपन्न हो गई। इससे पहले दिन में वह उप राष्ट्रपति सी पी राधाकृष्णन से भी मिले। सुबह वह राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की समाधी राजघाट और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपई की समाधी सदैव अटल भी गये। इस यात्रा के दौरान वह मुंबई, वाराणसी, अयोध्या और तिरुपति भी गये। मुर्मु ने राष्ट्रपति भवन में प्रधानमंत्री रामगुलाम और उनके प्रतिनिधिमंडल का स्वागत करते हुए कहा कि भारत की 'पड़ोसी प्रथम' नीति, 'महासागर विजन' और वैश्विक दक्षिण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता में मॉरीशस का विशेष स्थान है।

### ऑस्ट्रेलिया के 16 साल से कम उम्र के बच्चों के सोशल मीडिया खाते होंगे बंद




**कैनबरा।** ऑस्ट्रेलिया सरकार ने तकनीकी कंपनियों के लिए नियामक निर्देश जारी किया है, जिसके तहत सोशल मीडिया कंपनियों को 16 वर्ष से कम आयु के बच्चों के सोशल मीडिया एकाउंट 10 दिसम्बर तक बंद करने होगे। ऑस्ट्रेलिया सरकार ने मंगलवार को यह निर्देश जारी किया है, जो 10 दिसम्बर से प्रभावी होगा।

ऑस्ट्रेलिया का यह दुनिया का पहला कानून है, जो नाबालिगों के सोशल मीडिया इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगाता है। दिसम्बर 2024 में ऑस्ट्रेलिया की संसद द्वारा पारित किए गए इस कानून का पालन न करने पर कंपनियों पर 49.5 मिलियन ऑस्ट्रेलियाई डॉलर (33 मिलियन अमेरिकी डॉलर) तक का जुर्माना लगाया जा सकता है। ऑस्ट्रेलिया की मंत्री अनिका वेल्स और ऑस्ट्रेलिया की ई-सेफ्टी कमिश्नर जूली इनमैन ग्रांट ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में मंगलवार को दिशानिर्देश जारी करते हुए कहा कि उन्हें उम्मीद नहीं है कि यह प्रतिबंध तुरंत पूरी तरह से प्रभावी हो जाएंगे। सुवेल्स ने कहा कि हम तुरंत किसी पूर्णता की उम्मीद नहीं कर रहे हैं। लेकिन हम कुछ जरूरी कदमों के जरिए कुछ अर्थपूर्ण परिवर्तन लाना चाहते हैं, जो हमारी संस्कृति पर गहरा प्रभाव डालेंगे और बच्चों को सुरक्षित रखेंगे। सुग्रांट ने कहा कि सरकार समझती है कि इस प्रतिबंध का पालन करने के लिए किसी तकनीक का निर्माण करने और उसे लागू करने में वक्त लगेगा। कंपनियों को नीति और प्रक्रियाओं के पालन में असफलताओं का भी सामना करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि सरकार ने उम्र का पता लगाने वाली तकनीक का परीक्षण कराया था और यह पता चला है कि इस तकनीक को लागू किया जा सकता है।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108